kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❏ वर्ष-14 ❏ अंक-105 ❏ शुक्रवार, 16 मई 2025 ❏ नगर संस्करण ❏ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❏ मूल्य- ₹ 3.00 ❏ पृष्ठ-12



सुरक्षा बलों की यह सफलता बताती है कि नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने की दिशा में हमारा अभियान सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में शांति की स्थापना के साथ उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। — नरेन्द्र मोदी

समूचे आतंकी ढांचे के खात्मे तक सिंधु जलसंधि पर रोक रहेगी : जयशंकर 11

पंजाब सीमा पर ड्रोन, हेरोइन और पिस्तौल बरामद 12

## संक्षेप

### सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू -कश्मीर के दक्षिणी हिस्से में अवंतीपोरा में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गये हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने आज यहां बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद नादेर, त्राल इलाके में घेराबंदी की गयी और तलाशी अभियान शुरू किया गया जिसके बीच तड़के मुठभेड़ शुरू हुई। मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए। हालांकि तीनों की पहचान अभी तक नहीं हो पायी है और न ही यह जानकारी मिल पायी है कि वे किस आतंकवादी संगठन से जुड़े है। तलाशी अभियान अभी जारी है। मंगलवार के बाद से दक्षिण कश्मीर में सुरक्षाबलों और आतंकवादियो के बीच हुई यह दूसरी मुठभेड़ है। गौरतलब है कि 13 मई को शोपियां जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के तीन स्थानीय आतंकवादी मारे गए थे। मारे गए आतंकवादियों में लश्कर का स्थानीय कमांडर शाहिद कुट्टे भी शामिल था।

### यूपी के सभी जिलों में होगी सिविल डिफेंस की व्यवस्था

**लखनऊ।** आतंरिक सुरक्षा तंत्र को और मजबूत करने के प्रयास के तहत उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के सभी 75 जिलों में सिविल डिफेंस व्यवस्था को स्थापित करने का निर्णय लिया है। वर्तमान में केवल 15 जिलों में यह व्यवस्था कार्यरत है, लेकिन अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शेष 60 जिलों में भी इसे लागू करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। प्रदेश भर में सिविल डिफेंस की व्यवस्था के लागू होने से न सिर्फ स्थानीय स्तर पर सुरक्षा तंत्र मजबूत होगा, बल्कि बड़ी संख्या में युवाओं को प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। सिविल डिफेंस के तहत स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा, और राहत कार्यों का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जो संकटकाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सरकार ने इस दिशा में कार्ययोजना तैयार कर ली है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सभी जिलों में सिविल डिफेंस की स्थापना के लिए संसाधनों और प्रशिक्षण केंद्रों की व्यवस्था की जाए। साथ ही, जनजागरूकता अभियान चलाकर लोगों को इस व्यवस्था से जोड़ा जाएगा। सिविल डिफेंस आपात स्थिति में नागरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने का मजबूत स्तंभ है। यह न केवल प्राकृतिक आपदाओं जैसे भूकंप, बाढ़, और चक्रवात, बल्कि युद्ध या अन्य मानव-निर्मित संकटों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बीते 7 मई को देशभर में नागरिक सुरक्षा को लेकर आयोजित मॉक ड्रिल में सिविल डिफेंस ने अपनी क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने लोगों को सतर्क करने, सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करने में तत्परता दिखाई। सिविल डिफेंस के प्रशिक्षित कार्यकर्ता आपदा प्रबंधन, बचाव कार्य और राहत वितरण में विशेषज्ञता रखते हैं, जो संकटकाल में जीवन रक्षा के लिए आवश्यक है।

# राष्ट्रपति ने जताई सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर आपत्ति

एजेंसी

❏ गवर्नर-प्रेसिडेंट के लिए डेडलाइन बनाने पर मुर्मू के 14 सवाल

❏ पूछा- संविधान में ऐसी व्यवस्था नहीं, फिर सुप्रीम कोर्ट कैसे दे सकता है फैसला

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उच्चतम न्यायालय से इस सवाल पर आधिकारिक राय मांगी है कि क्या न्यायालय विधेयकों को मंजूरी देने या न देने के मामले में राष्ट्रपति और राज्यपालों के लिए काई समय-सीमा निर्धारित कर सकता है।

राष्टपति ने अनुच्छेद 143(1) के तहत इस मुद्दे पर शीर्ष न्यायालय से राय मांगी है। राष्ट्रपति ने 13 मई को भेजे गए इस संदर्भ में 14 प्रश्नों पर न्यायालय की राय मांगी है। इनमें यह भी पूछा गया है कि क्या संविधान के अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा संवैधानिक विवेक का प्रयोग न्यायोचित है। उन्होंने पूछा है कि क्या संविधान के अनुच्छेद 200 और अनुच्छेद 201 के तहत किसी कानून को लागू किए जाने से पहले उस पर क्रमशः राज्यपाल और राष्ट्रपति के निर्णय न्यायोचित हैं? क्या न्यायालयों के लिए किसी विधेयक की विषय-वस्तु पर न्यायिक निर्णय लेना (किसी भी तरीके से कानून बनने से पहले) उचित है? इसमें यह भी पूछा गया कि क्या न्यायालय अनुच्छेद 142 के अंतर्गत अपनी शक्तियों का प्रयोग कर राष्ट्रपति/राज्यपाल के/द्वारा दिए गए आदेशों को किसी भी तरीके से प्रतिस्थापित कर सकता है। यह भी राय मांगी गई है कि क्या राज्य विधानमंडल द्वारा पारित विधेयक संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत



राज्यपाल की स्वीकृति के बिना लागू हो सकता है। संदर्भ में आगे पूछा गया कि क्या संविधान के अनुच्छेद 145(3) के प्रावधान के मद्देनजर, इस न्यायालय (शीर्ष अदालत) की किसी भी पीठ के लिए यह अनिवार्य नहीं है कि वह पहले यह तय करे कि उसके समक्ष कार्यवाही में शामिल प्रश्न ऐसी प्रकृति का है जिसमें संविधान की व्याख्या के रूप में महत्वपूर्ण कानूनी मुद्दा जुड़ा है और उसे कम से कम पांच न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष भेजा जाए। राज्यपति ने यह भी जानना चाहा है कि क्या संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत उच्चतम न्यायालय की शक्तियां प्रक्रिया संबंधी कानूनों तक के लिए ही सीमित हैं। न्यायालय से यह भी पूछा गया है कि क्या अनुच्छेद 131 के तहत दायर मामलों को छोड़ कर किसी अन्य मामले में उसे (न्यायालय को) केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच विवादों को हल करने का और कोई अधिकार नहीं है। राष्ट्रपति ने महसूस किया है कि मौजूदा परिस्थितियों में जब राज्य अक्सर संविधान के अनुच्छेद 32 और 131 का हवाला देते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाते हैं, तो कानूनी सवालों ● शेष पेज 11 पर

# सेना की वर्दी जातिवादी चश्मे से नहीं देखी जाती : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



❏ विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर सपा के राष्ट्रीय महासचिव के विवादित बयान से बरपा हंगामा

❏ तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के लिए राष्ट्रभक्ति को भी बांटने का दुस्साहस करती है सपा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव द्वारा वीरांगना विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर दिए गए विवादित बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। सीएम योगी ने गुरुवार शाम अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट साझा कर सपा नेता के बयान को न केवल उनकी संकुचित सोच का प्रतीक बताया, बल्कि इसे भारतीय सेना के सम्मान और देश की अस्मिता के खिलाफ भी करार दिया।

मुख्यमंत्री ने अपने पोस्ट में लिखा कि सेना की वर्दी 'जातिवादी चश्मे' से नहीं देखी जाती है। भारतीय सेना का प्रत्येक सैनिक 'राष्ट्रधर्म' निभाता है, न कि किसी जाति या मजहब का प्रतिनिधि होता है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव द्वारा एक वीरांगना बेटी को जाति की परिधि में बांधना न केवल उनकी पार्टी की संकुचित सोच का प्रदर्शन है, बल्कि सेना के शौर्य और देश की अस्मिता का भी घोर अपमान है। सीएम योगी ने सपा की मानसिकता पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह वही सोच है जो तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के लिए राष्ट्रभक्ति को भी बांटने का दुस्साहस करती है। उन्होंने चेतावनी दी कि जनता इस 'विकृत जातिवादी सोच' का जवाब देगी।

बता दें कि रामगोपाल यादव का यह बयान विंग कमांडर व्योमिका सिंह को जाति के दायरे में लाने के लिए था, जिसे लेकर सोशल मीडिया और राजनीतिक गलियारों में तीव्र प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है।

# पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को आईएईए की निगरानी में रखना चाहिए: राजनाथ सिंह

एजेंसी

श्रीनगर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की निगरानी में रखा जाना चाहिए।

रक्षा मंत्री श्रीनगर में सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा पाकिस्तान ने कई बार भारत को परमाणु हमले की धमकी दी है। आज श्रीनगर की धरती से मैं पूरी दुनिया के सामने यह सवाल उठाना चाहता हूं कि क्या ऐसे गैरजिम्मेदार और दुष्ट देश के हाथों में परमाणु हथियार सुरक्षित हैं? मेरा मानना है कि पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को आईएईए (अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी) की निगरानी में रखा जाना चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि ल्लभारत के बारे में पूरी



दुनिया जानती है कि हमने हमेशा शांति को प्राथमिकता दी है। हम कभी भी युद्ध का समर्थन नहीं करते हैं। लेकिन जब ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है तो हमारे बलों को पूरे देश में सम्मान के साथ देखा जाता है। एक मजबूत राष्ट्र वह होता है जो अपनी सेनाओं का सम्मान करता है और साथ ही उन्हें आधुनिक हथियारों और उपकरण से सुसज्जित करता है जिनकी उन्हें ज़रूरत होती है। मुझे गर्व है कि आज सरकार हमारी सेनाओं के लिए सब कुछ कर रही है। उन्होंने कहा कि जब देश की संप्रभुता पर हमला होता है तो जवाब देना आवश्यक हो जाता है। ● शेष पेज 11 पर

# वक्फ पर 20 को सुनवाई, सुप्रीम कोर्ट 1995 के प्रावधानों के स्थगन याचिका पर नहीं करेगा विचार

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अंतरिम राहत पर विचार करने के मसले पर गुरुवार को कहा कि वह इस मामले में 20 मई को सुनवाई करेगा।

मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने अगली तारीख मुकर्रर करते हुए यह भी स्पष्ट किया कि वह 1995 के वक्फ कानून के प्रावधानों को स्थगित करने की किसी भी याचिका पर उस दिन विचार नहीं करेगी। पीठ ने कहा कि अदालत अधिनियम के प्रावधानों को स्थगित करने वाले अंतरिम आदेश के पक्ष और विपक्ष में पूरे दिन दलीलें सुनेगी। कानून की वैधता को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं के



अधिवक्ता वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और केंद्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता अदालत को अगले सप्ताह सुनवाई करने का सुझाव दिया। दोनों वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने कहा कि सुनवाई अगले सप्ताह 20 मई के लिए तय की जा सकती है। इस बीच न्यायाधीशों को इस मामले के कागजात देखने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। इसके बाद पीठ ने श्री सिब्बल और श्री ● शेष पेज 11 पर

### कर्नल सोफिया मामले में विजय शाह को अंतरिम राहत देने से इनकार, सुनवाई आज

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ मध्य प्रदेश के मंत्री कुंवर विजय शाह की ओर से की गई 'अपमानजनक' टिप्पणियों के मामले में प्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देश के खिलाफ रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर अंतरिम राहत देने से गुरुवार को इनकार कर दिया और कहा कि इस मामले पर शक्रवार को सुनवाई की जायेगी। उच्च न्यायालय ने मंत्री की कथित आपत्तिजनक टिप्पणी पर स्वतः संज्ञान लेकर राज्य सरकार को उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिया था। श्री शाह की ओर से उसे उच्चतम न्यायालय ● शेष पेज 11 पर

# यूपी में हुए सड़क हादसे में 16 लोगों की मौत, कई घायल

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❏ लखनऊ बस अग्निकांड में दो बच्चों समेत पांच की मौत, शवों की हुई शिनाख्त, चालक-परिचालक फरार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के लिए गुरुवार की सुबह का वक्त मार्ग दुर्घटनाओं से भरा रहा। इन सड़क हादसों में अब तक 16 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई लोग घायल हैं। हरदोई में हुए दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई, वहीं बलरामपुर में शादी समारोह से लौट रहे कार सवार पांच लोगों की जान चली गई है। इससे पहले लखनऊ के किसान पथ पर लगी आग से बस में जिंदा जलकर पांच यात्रियों की मौत हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क हादसों में हुई लोगों की मृत्यु पर अपनी संवेदना प्रकट की है। साथ ही घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

हरदोई जिले के कासिमपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह संडीला-बांगरमऊ मार्ग पर हरदलमऊ गांव के पास ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी। इससे ऑटो पलट गया, जिसकी नीचे दबकर ऑटो सवार छह लोगों की मौत हो गई। तीन लोग घायल हो गये, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आज सुबह साढ़े नौ बजे हुए दुर्घटना में छह



लोगों की मौत हुई है। इनमें चार पुरूष और दो महिलाएं शामिल हैं। अभी मृतकों में आटो चालक रंजीत मलहन खेड़ा निवासी अरविंद की पहचान हुई है। शेष की शिनाख्त की जा रही है। तीन लोग घायल है, जिसमे एक बच्चे की हालत नाजुक है। ट्रक चालक फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

दूसरा हादसा बलरामपुर कोतवाली देहात क्षेत्र अंतर्गत चकवा चौकी के पास बुधवार की देर रात करीब दो बजे के आसपास हुआ। ट्रक ने सामने से आ रही कार को रौंद दिया। हादसे में कार में सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हैं। मृतकों में गोंडा के धानेपुर क्षेत्र के बेलवार मोहल्ला निवासी फूलबाबू (35), शिव कुमार (22), आदित्य (07), इटियाथोक मध्य नगर निवासी विजय कुमार (35) और प्रयागराज के हडिया निवासी जितेंद्र (40) शामिल है। घायलों में धानेपुर क्षेत्र के राघवराम, सीताराम, महक, विकास कुमार, किशोर कुमार, विनोद कुमार, गोपाल, वाहन चालक ● शेष पेज 11 पर

# तुर्किए की कंपनी का भारत में सिक्योरिटी क्लियरेंस रद्द

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की जवाबी सैन्य कार्रवाई में उसकी मदद करने वाले तुर्किए के खिलाफ एक और सख्त कदम उठाते हुए गुरूवार को उसकी कंपनी सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सिक्योरिटी क्लियरेंस रद्द कर दी।

नागर विमानन मंत्रालय ने एक आदेश जारी कर कहा कि ग्राउंड हैंडिलिंग एजेन्सी श्रेणी में सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का सिक्योरिटी क्लियरेंस तत्काल प्रभाव से रद्द किया जा रहा है। नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो के महानिदेशक ने कहा है कि यह कदम राष्ट्रीय सुरक्षा के हितों को देखते हुए उठाया गया है। यह कंपनी दिल्ली और मुंबई हवाई अड्डों पर काम कर रही थी। उल्लेखनीय है कि भारत को जब से यह पता चला है कि पाकिस्तान द्वारा की गयी सैन्य कार्रवाई में बड़े पैमाने पर तुर्किए के ड्रोन का भारत के खिलाफ इस्तेमाल किया गया है तब से वह तुर्किए और वहां के संस्थानों तथा कंपनियों के खिलाफ सख्ती बरत रहा है।

# इस्लाम में बहु विवाह की अनुमति शर्तों के साथ दी गई है : हाईकोर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❏ कुछ मुस्लिम स्वार्थ व शारीरिक इच्छा की पूर्ति के लिए शादी कर इसका कर रहे दुरूपयोग



प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश में कहा है कि इस्लाम में बहु-विवाह की अनुमति शर्तों के साथ दी गई है। किंतु कुछ मुस्लिम स्वार्थ व शारीरिक इच्छा की पूर्ति के लिए शादी कर कुरान का दुरूपयोग कर रहे हैं। कोर्ट ने मौलवियों से कहा कि वह देखें कि इस्लामिक कानून का दुरूपयोग न होने पाये।

कोर्ट ने कहा शरीयत कानून के तहत मुस्लिम चार शादी कर सकता है। बशर्ते सभी के साथ समान व्यवहार करें। शरीयत में प्रतिबंधित शादी करने पर बातिल (शून्य) घोषित करने का प्रावधान है। ऐसी अर्जी की शरीयत कानून के तहत परिवार अदालतों को सुनवाई कर तय करने का क्षेत्राधिकार है, जो बिना अधिकार मौलवियों द्वारा किया जा रहा है। कोर्ट ने कहा कि इस्लामिक कानून के अलावा अन्य कानूनों में शादी करने वाला यदि धर्म बदलकर इस्लाम अपनाकर दूसरी शादी करता है तो यह द्विविवाह का अपराध माना जायेगा। अदालत झूठ बोलकर शारीरिक संबंध कायम कर दूसरी शादी करने वाले फुरकान के खिलाफ दुष्कर्म, षड्यंत्र व दूसरी शादी के आरोप में दर्ज आपराधिक केस की वैधता की सुनवाई कर रही थी। न्यायमूर्ति अरूण कुमार सिंह देशवाल ने कहा क्योंकि इस्लाम चार शादी ● शेष पेज 11 पर

## यूपी कैबिनेट : बीज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनेगा यूपी

# योगी सरकार ने सीड पार्क स्थापना को दी मंजूरी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❏ ग्रामीण रोजगार व कृषि अर्थव्यवस्था को मिलेगा नया आयाम

❏ 100 करोड़ की लागत से बनेंगे पंचायत उत्सव भवन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने राज्य को बीज उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेश में पांच सीड पार्कों की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के नाम पर स्थापित किए जाने वाले सीड पार्क को प्रदेश के 5 क्लाइमेटिक जोन में चरणबद्ध तरीके से स्थापित किया जाएगा। प्रदेश सरकार द्वारा इस योजना के तहत पहले सीड पार्क की स्थापना लखनऊ जिले के अटारी स्थित राजकीय कृषि प्रक्षेत्र की 130.63 एकड़ भूमि पर की जाएगी, जिस पर 266.70 करोड़ रुपये का अनुमानित व्यय होगा। सीड पार्क के माध्यम से बीज उत्पादन, प्रोसेसिंग, भंडारण, स्पीड ब्रीडिंग व हाइब्रिड लैब जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके अतिरिक्त, पश्चिमी, तराई, मध्य, बुंदेलखंड एवं पूर्वी जोन में कृषि जलवायु क्षेत्रों के अनुरूप सीड पार्क स्थापित किए जाएंगे। गुरुवार को लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ बैठक में कुल 10 प्रस्तावों को अनुमोदन प्राप्त हुआ। प्रस्ताव के विषय में जानकारी देते हुए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि सरकार इन सीड पार्कों में निवेश करने वाले बीज व्यवसायियों को विभिन्न रियायतें प्रदान करेगी, ताकि निजी निवेश को बढ़ावा मिल सके। बीज उद्योगों को 30 वर्ष की लीज पर भूमि दी जाएगी,



जिसे आवश्यकता अनुसार 90 वर्षों तक बढ़ाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि एक सीड पार्क से लगभग 1200 लोगों को प्रत्यक्ष तथा 3000 लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। इसके साथ ही लगभग 40,000 बीज उत्पादक किसान इन पार्कों से सीधे तौर पर जुड़ेंगे। पूरे प्रदेश में पांच सीड पार्कों की स्थापना से 6000 प्रत्यक्ष एवं 15,000 अप्रत्यक्ष रोजगार अवसर सृजित होंगे।

कृषि मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा कृषि राज्य है, जिसका कुल कृषि क्षेत्रफल 162 लाख हेक्टेयर है। यहां हर साल लगभग 139.43 लाख कुंतल बीज की आवश्यकता होती है, जबकि वर्तमान में इसकी पूर्ति में प्रदेश को दूसरे राज्यों पर निर्भर रहना पड़ता है। सीड पार्कों की स्थापना से यह निर्भरता समाप्त होगी और स्थानीय स्तर पर किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज उचित दामों पर सुलभ होंगे। इसके साथ ही बीज प्रतिस्थापन दर (एसआरआर) में वृद्धि के साथ उत्पादकता बढ़ेगी और इससे प्रदेश के किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। साथ ही उत्तर प्रदेश गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनकर ● शेष पेज 11 पर

### ऑपरेशन सिंदूर के लिए पीएम और भारतीय सेनाओं के प्रति जताया आभार

**लखनऊ।** योगी कैबिनेट ने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई बैठक में सबसे पहले ऑपरेशन सिंदूर के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेनाओं के प्रति धन्यवाद जताते हुए अभिनंदन प्रस्ताव को पास किया। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के सफल क्रियान्वयन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भारतीय सेना द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के प्रति उत्तर प्रदेश की मंत्रिपरिषद एवं जनता की ओर से अभिनंदन प्रस्ताव पारित किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के सफल क्रियान्वयन ने राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति ● शेष पेज 11 पर

# वित्तीय ज्ञान, निवेश के साथ सुरक्षित भविष्य की ओर बढ़ें: विधायक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। फाजिलनगर में गुरुवार को वित्तीय संस्था बिग स्कोप इन्वेस्टमेंट के कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर फाजिलनगर के विधायक सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि आज के समय में वित्तीय ज्ञान और निवेश की समझ हर नागरिक के लिए आवश्यक है।

विधायक श्री कुशवाहा ने कहा कि केवल धन कमाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसे योजनाबद्ध तरीके से निवेश कर सुरक्षित भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाना भी जरूरी है। अनेक संस्थाएं लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य कर रहीं हैं, जिससे समाज में वित्तीय आत्मनिर्भरता का विस्तार हो रहा है।

उन्होंने कहा कि जब गांव, कस्बे और छोटे शहरों के लोग भी एसआईपी, इंश्योरेंस, म्यूचुअल फंड जैसी योजनाओं को समझकर उसमें निवेश करेंगे, तभी देश की आर्थिक जड़ें मजबूत होंगी। सरकार का प्रयास है कि हर नागरिक तक योजनाएं पहुंचे, लेकिन निजी क्षेत्र की भागीदारी इस लक्ष्य को और गति दे सकती है। उन्होंने अपील की कि वे केवल नौकरी के भरोसे न रहें, बल्कि अपने पैसों का प्रबंधन करना भी सीखें। आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना तभी साकार होगी जब नागरिक आर्थिक रूप से जागरूक होंगे।

संस्था के धीरेन्द्र यादव ने कहा कि संस्था द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं को बताया। इस दौरान भाजपा के जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि पशुपतिनाथ जायसवाल, डा.अशोक सिंह, कवि मनंजय तिवारी निर्मल, आद्या सिंह, गुरुदत्त उपाध्याय, अवनीश मिश्र, दिनेश सिंह, संतोष सिंह, मैतुल मस्ताना, पंकज सिंह, राजीव पाठक, विनय सक्सेना सहित नागरिक, व्यापारी, युवा उपस्थित रहे।

# पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर के शहीदों को अर्पित की जाएगी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोरखपुर। गोरखपुर जर्नलिस्ट एसोसिएशन और प्रेस क्लब गोरखपुर के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 30 मई 2025 को हिंदी पत्रकारिता दिवस पर एक गंभीर विचार गोष्ठी और वृहद सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा. यह जानकारी देते हुए गोरखपुर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष रत्नाकर सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव गणेश और मंत्री अरुण कुमार सिंह ने बताया कि गोरखपुर क्लब सभागार में आयोजित समारोह की अध्यक्षता पूर्व कुलपति प्रोफ़ेसर डॉक्टर श्री प्रकाशमणि त्रिपाठी करेंगे मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार और राष्ट्रीय सहारा कानपुर के संपादक मनोज तिवारी, मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व प्रतिकुलपति प्रोफ़ेसर डॉक्टर चितरंजन मिश्रा और विशिष्ट वक्ता के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता श्री अशोक नारायण धर दूबे भाग लेंगे. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और पत्रकारिता विषयक इस संगोष्ठी का विषय प्रवर्तन महंत अवैद्यनाथ महाविद्यालय चौक महाराजगंज के प्राचार्य डॉक्टर श्री भगवान सिंह करेंगे।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार शफी आजमी, आनंद राय, राजीव ओझा सहित आकाशवाणी की वरिष्ठ समाचार वाचिका सुकिर्ति अस्थाना और वरिष्ठ उर्दू साहित्यकार एवं पत्रकार डॉक्टर ताजवर को मृत पत्रकार साथियों और विभूतियों क्रमशः स्वर्गीय योगेश्वर सिंह,स्वर्गीय डीके गुप्ता,स्वर्गीय धर्मेंद्र मिश्र, स्वर्गीय श्रीमती मैनावती श्रीवास्तव और स्वर्गीय श्रीमती उर्मिला शुक्ल को श्रद्धांजलि के उपरांत उनकी स्मृति में सम्मान से विभूषित किया जाएगा. इस दौरान गोजए द्वारा संचालित पत्रकार फूल नारायण धर दुबे स्मृति वाचनालय के साथ संस्था के सम्मानित सदस्यों को जारी वाहन स्टिकर का लोकार्पण भी अतिथियों द्वारा कराया जाएगा. साथ ही समारोह के समापन पर पहलगाम सहित ऑपरेशन सिंदूर में मृत भारतीय नागरिकों और सैन्य कर्मियों के साथ हाल के दिनों में मृत पत्रकार साथियों को भावभीनी श्रद्धांजलि भी अर्पित की जाएगी.

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

खजनी, गोरखपुर। खजनी तहसील क्षेत्र के कुईं बाजार में किराना की दुकान चलाने वाले 40 वर्षीय युवक की बृहस्पतिवार को संदिग्ध हाल में दुकान के छत की कुंडी से लटकता हुआ शव मिला है।परिजनों ने युवक को पीएचसी उरुवा लाया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।घटना बृहस्पतिवार सुबह 9 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक कुईं बाजार निवासी संजय गुप्ता (40) की कस्बे में ही किराने की दुकान है।रोज की भांति बृहस्पतिवार की सुबह संजय दुकान खोलकर अंदर गया।कुछ देर बाद उसकी छोटी लड़की दुकान पर गई तो संजय का शव छत की कुंडी से रस्सी के सहारे लटक रहा था।शोर मचाने पर परिजन व आसपास के ग्रामीण बिना पुलिस को सूचना दिए शव उतारकर पीएचसी उरुवा ले गए, जहां मृत घोषित कर दिया गया। परिजन शव को घर लाकर पुलिस को सूचना दिए। परिजनों ने बताया कि युवक का दिमागी संतुलन ठीक नहीं था।बात-बात पर क्रोधित हो जाता था।उसकी दवा चल रही थी।जबकि आसपास के लोगों ने बताया कि मृतक दो भाई थे। दोनों के बीच दुकान को लेकर बटवारे का विवाद चल रहा था।संभवतः इसी चिंता में युवक ने फांसी लगाई होगी।परिजनों ने भी खुद्कुशी ही बताई है। मृतक की एक लड़की अंशिका 12 वर्ष व एक लड़का गौरव 15 वर्ष का है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं।

## दर्ज़ा प्राप्त राज्यमंत्री रामशंकर जायसवाल का बड़हलगंज में हुआ स्वागत

बड़हलगंज। कोआपरेटिव विभाग के उपसभापति रामशंकर जायसवाल का बड़हलगंज नगर पंचायत सभागार में चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया।बुधवार को भाजपा पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष भास्कर निषाद की पुत्री की शादी से वापस लौट रहे कोआपरेटिव सभापति का श्री जायसवाल अपने साथियों सहित नगरपंचायत कार्यालय पहुंचे, जहां चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर के साथ मौजूद तमाम भाजपा जनों ने दर्ज़ा प्राप्त राज्यमंत्री श्री जायसवाल का स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने भाजपा सरकार और योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुये भारत के प्रधानमंत्री का भावी दावेदार बताया।इस अवसर पर जनसेवा संस्था के महामंत्री सन्तोष जायसवाल, राज्यमंत्री के प्रतिनिधि सत्यम जायसवाल, सभासद दीपक शर्मा, अमरनाथ उमर, सुरेश उमर, शैलेश तिवारी, दीपक गुप्ता, अमलेश भारती, मनोज निगम, आशीष उमर, विकास गौड़, उमेश यादव सहित तमाम लोग मौजूद थे।

## 25 मई तक करें ओडीओपी प्रशिक्षण के लिए आवेदन



गोण्डा। जिले में के इच्छुक पारस्परिक कारीगर एवं उद्यमी जनपद में चिन्हित ओडीओपी उत्पाद खाद्य प्रसंस्करण दाल मक्का एवं खाद्य प्रसंस्करण में प्र शिक्षण प्राप्त करने हेतु उद्यम विभाग की वेबसाइट डीआईयूपीएमएसएमई डाट यूपीएसडीसी डाट जी ओवी डाट आईएन पर 25 मई तक अपना आवेद न कर सकते हैं।एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के अंतर्गत दक्षता,कौशल विकास,उद्यमिता विकास प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण योजना के अंतर्गत जनपद गोंडा में चिन्हित ओडीओपी उत्पाद खाद्य प्रसंस्करण दाल मक्का के लिए चार सौ लाभार्थियों को लाभान्वित कराये जाने का लक्ष्य शासन द्वारा दिया गया है उपायुक्त उद्योग गोण्डा ने बताया कि इस अभियान के तहत जनपद के शहरी एवं ग्रामी ण क्षेत्र के कारीगरों उद्यमियों को दस दिवसीय निः शुल्क उचित प्रशिक्षण एवं आधुनिक टूलकिट उप लब्ध कराया जाएगा।योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदक की शैक्षिक योग्यता आवश्यक नहीं है।

## बन्द दुकानों को निशाना बनाने वाला चोर गिरफ्तार

लखनऊ। थाना जानकीपुरम मे 14 मई 2025 को वादी द्वारा मुकदमा पंजीकृत कराया गया था कि उनकी बन्द दुकान का ताला तोड़ कर काफी सामान और नगदी पर चोरो ने हाथ साफ कर लिया है इसी मामले की तफ्तीश मे जुटी जानकीपुरम पुलिस ने एक अभियुक्त ऋतिक बहेलिया पुत्र सतीश बहेलिया को गिरफ्तार कर घटना के सफल अनावरण का दावा किया है पुलिस के मुताबिक अभियुक्त कबाड़ी का काम करता है और बन्द दुकान को निशाना बनाकर चोरी की घटना को अंजाम देता है। अभियुक्त के पास से चोरी का सामान बरामद होने की भी बात कही जा रही है।

## निमंत्रण से घर वापस जाते समय कार पलटी महिला की मौत चार लोग घायल

लखनऊ । गोसाईगंज थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात करीब 12:15 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ बताया जा रहा की सरिता पेट्रोल पंप गंगागंज के पास एक ऑल्टो कार पलट गई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई। चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। गोसाईगंज पुलिस ने बताया कि परिवार के पांच लोग लखनऊ गोसाईगंज के सीफतनगर निमंत्रण में आए थे निमंत्रण वापस जाते वक्त देर रात करीब 12:15 बजे सरिता पेट्रोल पंप के पास इनकी ऑटो कर संख्या ठघ 32 एट 8769 पलट गई जिससे उर्मिला 52 वर्ष पत्नी रामचंद्र निवासी छंदरौली थाना लोनी कटरा बाराबंकी की मौत हो गई तथा अखिल पुत्र रामकिंकर 20 वर्ष, सुहानी पुत्री राम फिर 17 वर्ष, अभिषेक पुत्र रामचंद्र 18 वर्ष, निर्मला पत्नी रामकिंकर 42 वर्ष निवासीगढ़ छंदरौली थाना लोनी कटरा बाराबंकी घायल हो गए मर्तक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## नि:क्षय दिवस पर 6 टीबी रोगियों में वितरित हुई पोषण पोटली

कुशीनगर। राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रतिमाह की 15 तारीख को निक्षय दिवस मनाया जाता है। जिसके क्रम में गुरुवार को टीबी यूनिट कसया एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर निक्षय दिवस मनाया गया जिसमें लोगों को क्षय रोग के प्रति जागरूक किया गया।सीएचसी अधीक्षक डॉ मार्कण्डेय चतुवेर्दी ने बताया कि निक्षय दिवस के अवसर पर लैब में 20 सम्भावित टीबी के लक्षणों वाले व्यक्तियों के बलगम की जाँच की गयी तथा 4 नये चिन्हित मरीजों की दवा भी प्रारंभ किया गया।

# एलडीए की जनता अदालत में पहुंचे 42 प्रकरण, 11 का मौके पर हुआ निस्तारण




लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण में गुरूवार को प्राधिकरण दिवस, जनता अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान रजिस्ट्री, नामांतरण, मानचित्र व अवैध निर्माण आदि से सम्बंधित कुल 42 प्रार्थना पत्र लोगों द्वारा दिये गए थे। जिनमें से 11 प्रकरणों का निस्तारण एलडीए द्वारा मौके पर ही कर दिया गया। वहीं शेष मामलों में समय-सीमा निर्धारित करते हुए अधिकारियों को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि जन सामान्य एवं आवंटियों की समस्याओं एवं उनके कार्यों को त्वरित गति से शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित किये जाने के उद्देश्य से गुरूवार को प्राधिकरण भवन के कमेटी हॉल में प्राधिकरण दिवस, जनता अदालत का आयोजन किया गया था। जिसमें सचिव विवेक श्रीवास्तव द्वारा जनता की समस्याओं को सुना गया और इनके निस्तारण के सम्बंध में अधिकारियों को निर्देश दिये गयेहैं। जनता अदालत में पहुंचे तेलीबाग, खरिका निवासी गोकरन नाथ यादव ने प्रार्थना पत्र दिया कि काका मार्केट के पीछे कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से व्यावसायिक निर्माण करवाया जा रहा था, जिसे प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम द्वारा सील करके पीजीआई पुलिस की अभिरक्षा में सौंपा गया था। वर्तमान में विपक्षियों द्वारा सील तोड़कर पुनः निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। इस पर प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी को तत्काल स्थल निरीक्षण करके कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये। इस क्रम में जानकीपुरम विस्तार निवासी अर्जुन सिंह ने भवन संख्या-3/895 की रजिस्ट्री के सम्बंध में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उनके द्वारा पूर्ण धनराशि जमा करा दी गयी है, जिस पर सम्बंधित अधिकारियों को 15 दिन के अंदर रजिस्ट्री कराने के निर्देश दिये गये। इसके अलावा बलवीर सिंह, सुशील तिवारी, रवि गुप्ता आदि ने प्रार्थना देते हुए बताया कि बालू अड्डा में पीएन रोड स्थित संजय गांधी नगर में सुलभ कॉम्पलेक्स के सामने स्थित पार्क में कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। अवैध कब्जेदारों द्वारा वहां दुकानें बनाकर व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इस पर प्रवर्तन व अभियंत्रण अनुभाग के अधिकारियों को सर्वे करके नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये हैं। वहीं गोमती नगर निवासी मनीष कुमार अग्रवाल ने शिकायत दर्ज करायी कि विशाल खण्ड में आवासीय भूखण्ड संख्या-4/20 पर अवैध तरीके से लोहे का स्ट्रक्चर रखकर शराब की दुकान खोल ली गयी है जिससे क्षेत्र वासियों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। उक्त प्रकरण में प्रवर्तन जोन-1 की टीम को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये। इस मौके पर प्रभारी मुख्य अभियंता नवनीत कुमार शर्मा, संयुक्त सचिव सोमकमल सीताराम, विशेष कार्याधिकारी राजीव कुमार, जोनल अधिकारी माधवेश कुमार एवं अतुल कृष्ण सिंह समेत अन्य अधिकारी व अभियंता गण उपस्थित रहे।

# पानी की राह देखते-देखते सूखे टोटियों के कंठ, ग्रामीणों में आक्रोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बछरावा, रायबरेली। पेयजल की संकट से ग्रामवासी लगातार जूझने पर मजबूर है। विगत दो वर्षों पूर्व से ही गांव में लगी हुई टोटी शोपीस बनकर नजर आ रही हैं। जिसको लेकर ग्रामीणों में भयंकर आक्रोश व्याप्त है। विदित हो कि विकासखंड की ग्राम शेखपुर समोधा के ग्रामीणों से जल समस्या को लेकर बातचीत की गई। तो उन्होंने बताया की विगत 2 वर्षों से जल निगम के द्वारा लगाई गई टोटियों से जलापूर्ति नहीं की गई। जिसका कारण भी ग्रामीणों को समझ में नहीं आ रहा है। लगातार कई बार शिकायत करने के बाद भी अभी तक किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई। जबकि सरकार लगभग 8 से 9 वर्ष पूर्व इस ग्राम सभा में जलापूर्ति के टंकी का निर्माण कराया गया था। परंतु जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते ग्रामसभा वासी एक एक बूंद पानी को तरसते के लिए मजबूर है। इस भीषण गर्मी में जहां तालाब, नहर, पोखरो आदि में जानवर एवं पशु पक्षियों के पीने का पानी भी सूख चुका है और घरों में लगे हुए चार नंबर हैंडपंप व लगे हुए इंडिया मार्का नल भी वाटर लेवल कम होने से पानी निकलने में समस्याएं आ रही हैं। सरकार के निर्देशों पर एक सपना जो जल निगम के द्वारा ग्रामीणों को दिखाया गया। कि घर-घर टोटी या घर के सामने टोटी लगाकर जलापूर्ति की जाएगी। परंतु वह सपना साकार होता नजर नहीं आ रहा है। खंड विकास अधिकारी शिव बहादुर सिंह एवं संबंधित विभाग के जेई से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यह टंकी ग्राम सभा को हैंडओवर कर दी गई है। वही जब ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामसागर यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ग्राम सभा में डाली गई पाइपलाइन पूरी तरह जर्जर हो चुकी है जिसकी शिकायत कई बार करने के बाद भी कोई भी अधिकारी इस पर संज्ञान लेने को तैयार नहीं है। लाखों की लागत से बनी यह टंकी का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है, जिसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

## सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार का किया गया निरीक्षण

रायबरेली। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली राजकुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा जिला कारागार, रायबरेली का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव द्वारा जिला कारागार की महिला बैरक, चिकित्सालय व लीगल ऐड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा दौरान निरीक्षण बन्दियों से उनके पास अधिवक्ता उपलब्धता के सम्बन्ध में व जिसकी जमानत न्यायालय से होने के बाद भी जमानतदार न दाखिल होने के कारण रिहाई नहीं हो सकी हो के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। निरीक्षण उपरांत महिला बन्दियों के विधिक अधिकार विषय़ पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन महिला बैरक में किया गया। इस विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर में जिला कारागार में निरुद्ध महिला बन्दियों की शिक्षा एवं व्यवसाय के सम्बन्ध में चर्चा की गयी।

# एसएसपी से मिलकर संयुक्त व्यापार मंडल प्रतिनिधि मंडल ने किया भव्य स्वागत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। संयुक्त व्यापार मंडल (रजि.)का प्रतिनिधिमंडल ने आज संयोजक रमेश चन्द्र गुप्त के नेतृत्व में नवागत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर से मिलकर पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका भव्य स्वागत किया।तत्पश्चात संयोजक रमेश चन्द्र गुप्ता ने उपस्थित संयुक्त व्यापार मंडल के सभी संगठनों के वरिष्ठ पदाधिकारियों का परिचय कराया। तत्पश्चात व्यापारियों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक का ध्यान शहर में हो रही अनेक समस्याओं से अवगत कराया। वार्ता के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हम आप सभी संगठनों के साथ शीघ्र ही एक बैठक लेना चाहता हूं। ताकि सभी के सामने रूबरू होकर वार्ता हो सके।बैठक में आपने कहा कि हाल में कई त्यौहार आने वाले है,आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने का प्रयास करूंगा।इस दौरान प्रमुख रूप से संतोष अग्रवाल, मदन अग्रहरि,गौरी शंकर सरावगी, मणिनाथ गुप्ता,मुकुंद गोयनका,दीनानाथ मोदनवाल, दिलीप,विशाल गुप्ता,आदित्य गुप्ता,गोपाल जी वैश्य,अशोक कुमार गुप्ता,नवोदित त्रिपाठी, गौरव गुप्ता,कृष्ण मुरारी गुप्ता, दिलीप जायसवाल, विंध्यवासिनी अग्रहरि, बलवंत दिवाकर, रवि गुप्ता ,गोलू,ई. विनीत मिश्रा,आशीष गुप्ता, संजय गुप्ता,प्रदीप यादव,आशीष शर्मा,रवि मेहता,मनोज गुप्ता, प्रांजल,नारायण चौरसिया,संजय कुमार वैश्य आदि भारी संख्या में व्यापारी मौजूद थे।

# निराला प्रेक्षागृह परिसर में नवाचार व जनपद की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का महामहिम द्वारा किया गया अवलोकन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव। आनन्दीबेन पटेल द्वारा भ्रमण के दौरान निराला प्रेक्षागृह परिसर में नवाचार व जनपद की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारम्भ/अवलोकन किया गया। साथ ही निराला प्रेक्षागृह सभागार में आयोजित कार्यक्रमों केन्द्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं/कार्यक्रमों से लाभान्वित लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र आदि वितरित किए गए।

निराला परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान राज्यपाल द्वारा विभागीय अधिकारियों से नवाचार कार्यक्रम, योजनाओं व लाभान्वित लोगों के संबंध में जानकारी ली गयी। साथ ही मियांगंज के किसान सजीवन लाल को कृषि यंत्रीकरण योजना के अन्तर्गत कीटनाशक/उर्वरक के छिड़काव हेतु ड्रोन, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण योजना की लाभार्थी श्रीमती सुशीला देवी को अनुदान चेक, एनआरएलएम की महिला लाभार्थी श्रीमती सोनम को ई-रिक्शा तथा 11 दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल देकर लाभान्वित किया गया। सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान महामहिम के समक्ष आंगनबाड़ी केन्द्र के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, कविता पाठ, समूह गीत एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा पोषण गीत आदि प्रस्तुत किये गए।

इस मौके पर महामहिम द्वारा 200 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्री-स्कूल किट एवं हाईजीन किट, पोषण अभियान अन्तर्गत 100 लाभार्थियों को पोषण पोटली, 100 लाभार्थियों आयुष्मान-कार्ड, मिशन जागृति अभियान के 50 प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र, स्वामित्व योजनान्तर्गत 50 लाभार्थियों को घरौनी, 100 लाभार्थियों को टीबी किट, एनआरएलएम के 100 लाभार्थियों को चेक, 05 बीसी सखी एवं 05 विद्युत सखी को प्रमाण-पत्र, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान योजनान्तर्गत 50 लाभार्थियों को चेक, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजनान्तर्गत 50 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 100 लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनान्तर्गत 100 लाभार्थियों को निःशुल्क गैस कनेक्शन, वृद्धावस्था पेंशन योजना के 100 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, स्पॉन्सरशिप योजनान्तर्गत 100 लाभार्थियों को डेमो चेक आदि का वितरण किया गया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने पाकिस्तान/आतंकवाद के विरूद्ध हाल ही में किए गए आपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारतीय सेना व अन्य सुरक्षा एजेंसियों में तैनात जवानों का अभिवादन करते हुए कहा कि इस आपरेशन के दौरान प्रधानमंत्री जी व हमारे जवानों ने जो साहस दिखाया है वह काबिल-ए-तारीफ है। उन्होने कहा कि हम बुद्ध/शान्ति की भूमि से हैं, वसुधैब कुटुम्बकम् हमारा सूत्र वाक्य है। इस भावना को ठेस पहुचाने वालो को हम मुँह-तोड़ जवाब देंगे।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **09.06.2025 को 15.00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नही किये जायेगे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 05402025 दिनांक 14.05.2025 | | |
| निविदा संख्या | 08/Sr.DEN-VI/LKO/2025-26 | | |
| कार्य का नाम | वरि. मण्डल इंजीनियर/VI/लखनऊ के अधिकार के क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर-उन्नाव के अन्तर्गत डीएमडब्ल्यू-ओएन सेक्शन में एलसी संख्या 70/सी, 75/सी, 103/सी, 116/सी और 119/सी (कुल-05) के बदले आरयूबी का प्रावधान का कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | Rs.25,67,91,324.21 | धरोहर राशि | Rs. 14,34,000.00 |
| कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। | | |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 26.05.2025 | | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 09.06.2025 15:00 बजे | | |
| वेबसाईट | www.ireps.gov.in | | |

नोटः- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1433/2025

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

**विश्व ल्यूपस दिवस समारोह**

# क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी और रूमेटोलॉजी विभाग द्वारा विश्व ल्यूपस दिवस का आयोजन

सुमित श्रीवास्तव

लखनऊ । विश्व ल्यूपस दिवस के अवसर पर, लखनऊ में क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी और रूमेटोलॉजी विभाग ने ल्यूपस के प्रति जागरूकता बढ़ाने और मरीजों को समर्थन प्रदान करने हेतु एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। समारोह की शुरुआत जानकारीपूर्ण वार्ताओं, मरीजों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता और पुरस्कार वितरण से हुई। डॉ. पुनीत कुमार और प्रोफ़ेसर उर्मिला धाकद का संबोधन कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. पुनीत कुमार, विभागाध्यक्ष, और प्रोफ़ेसर उर्मिला धाकद के उद्घाटन भाषण से हुई, जिन्होंने उपस्थित लोगों को ल्यूपस जागरूकता की आवश्यकता के बारे में बताया। उन्होंने रोग के संबंध में शिक्षा का महत्व बताते हुए मरीजों को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

**चित्रकला प्रतियोगिता और पुरस्कार वितरण**



**समारोह**

समारोह के अंतर्गत, मरीजों के लिए एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें अपनी भावनाओं और अनुभवों को कला के माध्यम से व्यक्त करने का अवसर मिला। प्रतिभागियों को उनके सृजनात्मकता और भागीदारी के लिए पदक और प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

**भावनात्मक पहलुओं पर चर्चा**

डॉ. किशन और डॉ. लिली ने ल्यूपस के साथ जीने के भावनात्मक पहलुओं के बारे में चर्चा की, जिसमें उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बीमारी प्रबंधन में सहारा देने वाले नेटवर्क के महत्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

डॉ. मुकेश मौर्या द्वारा थीम पर चर्चा

डॉ. मुकेश मौर्या , सहायक प्रोफ़ेसर, ने विश्व ल्यूपस दिवस 2025 के विषय ''संबद्धता, विश्वास और सफलता'' के बारे में बात की। उन्होंने बारीकी से बताया कि यह विषय ल्यूपस समुदाय के लिए कितना महत्वपूर्ण है और मरीजों के बीच संबंध स्थापित करने का महत्व। इसके अतिरिक्त, उन्होंने ल्यूपस की रोकथाम में सूर्य संरक्षण कारक की भूमिका पर चर्चा की, यह बताते हुए कि का उपयोग लक्षणों को प्रबंधित करने और फ्लेयर-अप को रोकने में महत्वपूर्ण है।

**रिफ्रेशमेंट और उपहार**

उपस्थित मरीजों के प्रति आभार प्रकट करने के लिए विभाग द्वारा टी-शर्ट्स और कैप्स के साथ-साथ रिफ्रेशमेंट भी प्रदान किए गए, जिससे उपस्थित व्यक्तियों के बीच सामुदायिक भावना को बढ़ावा मिला। इस प्रकार, यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़ती जागरूकता, संसाधन, और सामुदायिक भावना के साथ कार्यक्रम को समाप्त किया।

# मुख्यमंत्री ने किया श्री माधव मन्दिर जगन्नाथ रथ का पोस्टर लॉन्च



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी के नेतृत्व में श्री राधा माधव सेवा संस्थान के पदाधिकारीगण कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचे। जहां 64वाँ श्री राधा माधव वार्षिकोत्सव एवं श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव कार्यक्रम विस्तृत जानकारी संस्थान के उपाध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता ने साझा किया, इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पोस्टर लॉन्च किया। जिसमें इस मौके पर साथ में लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी, अध्यक्ष बिहारी लाल साहू, उपाध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता, धनश्याम दास अग्रवाल, श्याम जी साहू, ओमकार जायसवाल, राकेश साहू, दिनेश अग्रवाल व अनुराग साहू उपस्थित रहें। महामंत्री अनुराग साहू ने बताया कि 64वा श्री माधव मंदिर वार्षिकोत्सव एवं श्री जगन्नाथ रथ महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन श्री राधा माधव सेवा संस्थान के तत्वाधान में पांच दिवसीय कार्यक्रम 24 से 28 जून तक आयोजित होगा। जिसमें 24 जून संगीतमय सुंदरकांड, 25 जून श्री कृष्ण लीलाओं पर आधारित नृत्य नाटिका, 27 जून श्री जगन्नाथ रथ महोत्सव, 28 जून 2025 को संत सम्मेलन एवं भंडारा प्रसाद का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# के. विक्रम राव ने श्रमजीवी पत्रकारों की आवाज़ राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति ने देश के प्रख्यात पत्रकार एवं इंडियन फ़ेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स (आईएफडब्ल्यूजे) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. के विक्रम राव के निधन पर शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा में वरिष्ठ पत्रकारों ने श्री राव के निधन को पत्रकारिता के लिए अपूर्णीय क्षति बताया। डॉ राव का बीते सोमवार को प्रातः लखनऊ के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया था। समिति के सचिव भारत सिंह ने वरिष्ठ पत्रकारों से अपनी स्मृति साझा करने का अनुरोध किया। वक्ताओं ने कहा कि डा. राव पत्रकारिता के क्षेत्र में दशकों से सक्रिय थे और उन्होंने श्रमजीवी पत्रकारों की आवाज़ को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाया।

उनका जीवन संघर्षशील पत्रकारिता, सिद्धांतनिष्ठ विचारों और निर्भीक लेखनी का पर्याय रहा, उनके निधन से पत्रकारिता जगत को अपूर्णीय क्षति हुई है। शोकसभा में वरिष्ठ पत्रकार समिति के अध्यक्ष हेमंत तिवारी, विजय शंकर पंकज, राकेश पाण्डेय, प्रद्युमन तिवारी, राजीव वाजपेई, प्रेमकांत तिवारी, डा. कलानिधि मिश्रा, भास्कर दुबे, सीके शर्मा, मनमोहन, टीवी सिंह, देवकी नंदन मिश्रा, सिद्धार्थ कलहंस ने अपनी स्मृति साझा किया।



**वरिष्ठ पत्रकार के. विक्रम राव को एनेक्सी मीडिया सेन्टर में दी गई श्रद्धांजलि**

शोक सभा में वरिष्ठ पत्रकार दिनेश शर्मा, वीरेंद्र सिंह, हेमंत कृष्ण, मनोज सामना, अनिल भारद्वाज, अशोक राजपूत, चंद्रभान यादव, डॉ. नासिर, प्रमिला चंदानी, शाश्वत तिवारी, अविनाश शुक्ला, अनिल कुमार, अखंड शाही, आकाश शेखर शर्मा, पद्माकर पाण्डेय, नितिन श्रीवास्तव, राघवेंद्र प्रताप सिंह, अनूप मिश्रा, विजय कुमार त्रिपाठी, शेखर पंडित, विजय मिश्रा, अखिलेश पाण्डेय, राजेश मिश्रा, अजय त्रिवेदी, भूपेंद्र मणि, संतोष कुमार सिंह, वेद दीक्षित, शौरभ राय, धनंजय सिंह, सुजीत सिंह, घनश्याम चौरसिया, विनीत, आनंद सिंह, अखिलेश प्रताप सिंह, प्रदीप उपाध्याय, अजित कुमार सिंह, नजम हसन, फरीद बेग, हुमायूं चौधरी, खालिद, शादाब सिद्दीकी, निशांत कुमार, अमरीश शुक्ला, ठाकुर राघवेंद्र सिंह सहित कई वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित थे।

# लखनऊ में अश्विनी चौबे का सियासी दम, योगी को सनातन अभियान का न्योता, विपक्ष पर प्रहार, ऑपरेशन सिंदूर' की तारीफ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ दुबग्गा। भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने गुरुवार को लखनऊ में सियासी तेवर दिखाए। दुबग्गा में भाजपा युवा नेता बीनू शुक्ला के आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात सनातन संस्कृति के पुनर्ज़ागरण विपक्ष पर तीखा हमला और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर खुलकर बात की।

**योगी से चर्चा, सनातन अभियान का निमंत्रण**

चौबे ने बताया कि उन्होंने सीएम योगी से मुलाकात कर प्रदेश और राष्ट्रहित के मुद्दों पर गहन चर्चा की। इस दौरान उन्होंने योगी को 26 जून को पटना के गांधी मैदान में होने वाले सनातन संघ भारत जन चेतना अभियान में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने का न्योता दिया। परशुराम जयंती पर आयोजित इस कार्यक्रम का मकसद सनातन संस्कृति की पुनर्स्थापना और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है।

**विपक्ष पर हमला 2027 तक सपा-बसपा खत्म**



विपक्ष को निशाने पर लेते हुए चौबे ने कहा, योगी के नेतृत्व में यूपी विकास और कानून-व्यवस्था के नए आयाम छू रहा है। 2027 तक सपा और बसपा का नामोनिशान मिट जाएगा। बिहार विधानसभा चुनाव पर बोलते हुए उन्होंने एनडीए की जीत का दावा किया और कटाक्ष में कहा, ''बिहार में 'तेजू' और यूपी में 'गप्पू-सप्पू' का खात्मा तय है। जनता अब वंशवाद और घोटालों की राजनीति को नकार चुकी है।

**ऑपरेशन सिंदूर' की गूंज सेना को सलाम**

राष्ट्रीय सुरक्षा पर चौबे ने हालिया ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को ऐतिहासिक करार दिया। उन्होंने कहा यह अभियान भारत की सैन्य ताकत और कूटनीतिक दृढ़ता का प्रतीक है। पीएम मोदी और भारतीय सेना के साहस को नमन। चौबे का यह दौरा महज औपचारिक नहीं, बल्कि सियासी रणनीति और सांस्कृतिक जागरण का मंच साबित होगा। उन्होंने भाजपा की नीतियों को मजबूती से रखते हुए विपक्ष को कठघरे में खड़ा किया और आगामी चुनावों के लिए स्पष्ट संदेश दिया।

# शांति हवन पूजन कर मनाई गई किसान मसीहा महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज लखनऊ । किसान मसीहा स्वर्गीय महेंद्र सिंह टिकैत 14वीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को किसान संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने फार्म हाउस पर शांति हवन कर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की तत्पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया । किसान मसीहा स्व चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 14वीं पुण्य तिथि पर ठाकुर शिव कुमार सिंह सोमवंशी वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष/प्रदेश प्रवक्ता के मार्ग दर्शन में ०मंडल अध्यक्ष के के सिंह एवं मध्यांचल उपाध्यक्ष प्रभारी अयोध्या मंडल सरदार दिलराज सिंह के नेतृत्व में भौंदरी स्थिति फार्म हाउस पर किसान मसीहा महत्मा चौधरी महेंद्र टिकैत की 14वीं पुण्यतिथि मनाई गई । मंडल अध्यक्ष के के सिंह ने बताया कि यह पुण्यतिथि हर वर्ष चौधरी महेंद्र सिंह की याद में जल ,जंगल , जमीन , पर्यावरण बचाओ संकल्प दिवस के रूप में मनाई जाती है । इस अवसर पर आत्मशान्ति के लिए सैकड़ों पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने शान्ति हवन कर बाबा टिकैत के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की तत्पश्चात प्रसाद वितरण के उपरांत भन्डारे का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थिति जन समूह ने प्रसाद ग्रहण किया। इस पुण्य तिथि कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ठाकुर शिव कुमार सिंह सोमवंशी वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदेश प्रवक्ता ,पूर्वांचल प्रभारी हंसराज यादव , दिलराज सिंह मध्यांचल उपाध्यक्ष , मंडल प्रमुख महासचिव अमरीष सिंह फौजी वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष सुरेन्द्र वर्मा मंडल सचिव रामकरन रावत, मंडल उपाध्यक्ष पवन सिंह मंडल सचिव कप्तान सिंह मंडल मीडिया प्रभारी पवन गुप्त , युवा जिला अध्यक्ष मोहम्मद आरिफ जिला महामंत्री अजय तिवारी अशोक यादव रामदत्त मिश्रा ज़िला सचिव बलबिन्दर सिंह ,ब्लाक अध्यक्ष सरोजिनी रमेश कुमार रावत, ब्लाक अध्यक्ष मोहन लाल गंज रामप्रताप यादव, तहसील अध्यक्ष सरोजिनी नगर सरिता शुक्ला, महासचिव सुदामा रावत , उपाध्यक्ष विष्णु सिंह सोमवंशी रतीपाल इद्रीस प्रधान कौशल, प्रदीप यादव, धीरेन्द्र सिंह ,मान सिंह यादव, अविनाश सिंह सहित सैकड़ों पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।



# संगत की दुकानों को लेकर दो पक्षों में विवाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता




खैराबाद। खैराबाद कस्बे की पुरानी बाजार स्थित माई बाबा संगत में बनी दुकानों में किराएदारी को लेकर कमाल सराय संगत और संगत की दुकानों में स्थित दुकानदारों के बीच कुछ समय से मुकदमा बिचाराधीन है लेकिन गुरुवार दोपहर संगत में आए कुछ संतों और दुकानदारों के बीच किसी बातको लेकर विवाद उत्पन्न हो गया देखते ही देखते मामला हाथा पाई पर उतर आया जिसमें कुछ लोगों को चोटें भी आई। जिसमें एक घायल संत को लखनऊ रेफर कर दिया गया जहां संत की हालत गंभीर बताई जा रही है जिसके उपरांत कमाल सराय संगत महंत बजरंगमुनि के द्वारा खैराबाद थाने में दुकानदारों के खिलाफ संतो को जान से मारने की नीयत से हमला करने की तहरीर दी गई है। थाना अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर प्राप्त हुई है मामले की जांच की जा रही है।

## मोटरसाइकिल सवार पिता पुत्र को कार ने मारी टक्कर, इलाज के दौरान पिता की मौत

बंथरा, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । इलाके के जुनाबगंज चौराहे पर बीती 11मई को देर रात 11:30 बजे एक कार ने मोटरसाइकिल सवार पिता पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें पिता को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उनकी मौत हो गई वहीं बेटा भी घायल हो गया था। बुधवार को बेटे ने कार चालक के खिलाफ लापरवाही से दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित जन्मेजय सिंह उर्फ जैकी सिंह पुत्र महेश सिंह निवासी सिकंदरपुर बंथरा के अनुसार वह अपने पिता महेश सिंह पुत्र स्वर्गीय बैजनाथ सिंह के साथ बीती 11 तारीख को जुनाबगंज चौराहे काम से गए थे इसी दौरान जब वह वापस आ रहे थे तभी रज्जू लाला के मकान के सामने गाड़ी संख्या सीजी 04एल एस54 75 ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह काफी दूर जा गिरे, घटना में उनके पिता को गंभीर चोट आई थी जिन्हें इलाज के लिए नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने जवाब दे दिया था। बुधवार को पीड़ित की तहरीर पर बंथरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अपनी कार्रवाई शुरू की है।

## भाभी ने देवर पर लगाया छेड़खानी का आरोप, मुकदमा दर्ज

बंथरा कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी महिला ने देवर पर छेड़खानी का आरोप लगाया है। महिला ने बताया कि उसका पति बीती 6 में को रात में संदिग्ध परिस्थितियों में कहीं गायब हो गया था जिसकी जानकारी उनके द्वारा हरौनी चौकी पुलिस को दी गई थी। पति का अभी तक कोई पता नहीं चला है। महिला के अनुसार बीती 14 मई की रात को जब वह अपनी दो पुत्रियों के साथ सो रही थी इसी दौरान उसका देवर नशे की हालत में आया और जबरदस्ती दरवाजा खुलवाने के साथ गालियां देने लगा। महिला के अनुसार देवर ने कहा कि उसका पति एक महिला को लेकर भाग गया है और इसी दौरान अंधेरे का फायदा उठाते हुए देवर ने उसका हाथ पकड़ लिया और छेड़खानी करने लगा, जब उसने इसका विरोध किया तो देवर ने हाथ मरोड़ते हुए गला दबाया और दीवार से लड़ा दिया और धमकी दी कि अपनी दोनों बेटियों को लेकर तुम भी यहां से भाग जाओ नहीं जान से मार देंगे। पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। बंथरा पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज करने के साथ कार्रवाई शुरू की गई है।

## निगोहां में पानी की टंकी से चोरों ने उड़ाया इन्वर्टर और बैटरियां, पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

निगोहां, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । क्षेत्र उदयपुर गांव में स्थित एनसीसी लिमिटेड की पानी की टंकी के पास चोरों ने बीती रात बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद निगोहां थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। निगोहा पुलिस से मेरी जानकारी के अनुसार चोरी की घटना बीती रात की है, जब उदयपुर गांव स्थित पानी की टंकी के पास बने पंप हाउस का ताला अज्ञात चोरों ने तोड़ दिया। चोर पंप हाउस के अंदर घुसे और वहां रखे इन्वर्टर व दो बैटरियों को चोरी कर ले गए। इस संबंध में सुदर्शन कुमार पुत्र श्री राजेश प्रसाद, निवासी कल्ली पश्चिम, थाना पीजीआई, लखनऊ ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार, वह उक्त टंकी एनसीसी लिमिटेड में ठेकेदार के रूप में कार्यरत हैं।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर निगोहां पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।पुलिस का कहना है कि घटनास्थल की जांच की जा रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।

## जबरन लगवाए जा रहे मेले को रुकवाने की मांग

लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के गांव रज्जाकपुर मजरा शिवलर में जबरन लगवाए जा रहे मेले को रुकवाने की मांग उसी गांव के निवासी सांतदीन पुत्र जगजीवन की ओर से की गई है।इस मामले में शिकायत कर्ता संतदीन की ओर से कोतवाली प्रभारी गोसाईगंज और सहायक पुलिस आयुक्त को दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि राजस्व अभिलेखों में गाटा संख्या 1376 उसके व उसकी पत्नी शांति के नाम दर्ज है। इसी भूमि पर ग्राम प्रधान की कुदृष्टि भी लगी हुई है।शिकायत कर्ता के अनुसार ग्राम प्रधान ने एक मेला कमेटी बना कर ललित कुमार,देवा नन्द,सुरेन्द्र कुमार,राम नाथ,राज कुमार, रामदास,राम करन आदि को भ्रमित करके अपने पक्ष में कर लिया और मेला लगवाने के नाम पर उस भूमि पर अपना कब्जा करना चाहता है।शिकायत कर्ता के मुताबिक इसी भूमि का एक वाद शांति बनाम सुरेन्द्र कुमार आदि सिविल जज लखनऊ के न्यायालय में विचाराधीन है।विषम स्थितियों को देखते हुए संतदीन की ओर से सहायक पुलिस आयुक्त व प्रभारी निरीक्षक गोसाईगंज कोतवाली को

## चलो गांव की ओर के तहत आज लगेगा त्वचा रोगियों के लिए नि:शुल्क कैंप

निगोहां, लखनऊ। चलो गांव की ओर अभियान के तहत अब गांव के भीतर कैंप लगाकर कुष्ठ रोगियों की पहचान कर उनकी निशुल्क जांचकर कराकर उनका इलाज भी निशुल्क करने की मुहिम त्वचा रोग के डाक्टर विवेक कुमार ने लखनऊ जिले के निगोहा मस्तीपुर गांव में आज से शिविर की शुरुआत की है। त्वचा रोग के डाक्टर विवेक कुमार पिछले तीस सालों से मोहनलालगंज के लेप्रोसी सेंटर में सप्ताह में दो दिन नि:शुल्क कैंप लगाकर लखनऊ जिले के ही नहीं बल्कि अन्य जिलों से आने वाले मरीजों को त्वचा संबंधित रोगों को देखकर दवाएं वितरित करते चले आ रहे है।यही नहीं यहां पर भी कुष्ठ रोगियों की पहचान कर उन्हें लगातार दवाएं दे रहे है।डाक्टर विवेक कुमार ने बताया कि अब कुष्ठ रोगियों की पहचान चलो गांव की ओर अभियान के तहत पहले लखनऊ जिले के ग्रामीणांचलों में जाकर ऐसे मरीजों की पहचान कर उन्हें नि:शुल्क इलाज देकर उन्हें नया जीवन देने का प्रयास करेंगे।इस कैंप में कुष्ठ रोगियों के साथ अन्य त्वचा संबंधित रोगों को देखकर उनका भी निदान निशुल्क करेंगे इसके लिए जिस गांव में कैंप लगेगा उसके लिए वहा के ग्राम प्रधान के सहयोग से आसपास इलाके में ग्राम की मदद से प्रचार प्रसार करा देगे।ताकि त्वचा से संबंधित मरीज कैंप में आकर इसका लाभ उठा सकेंगे।वही मस्तीपुर ग्राम प्रधान सूर्य कुमार द्विवेदी ने कहा ऐसे कैंप गांव के लिए बहुत बेहतर सिद्ध होगे क्योंकि त्वचा से संबंधित रोगों का ग्रामीण बेहतरी से इलाज नहीं करवा पाते है।

# प्रसाद हॉस्पिटल के रेजिडेंट डॉक्टर्स और स्टूडेंट्स ने हॉस्पिटल परिसर पर जमकर किया हंगामा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंथरा,लखनऊ। इलाके के जुनाबगंज स्थित प्रसाद हॉस्पिटल में मंगलवार की रात इलाज के दौरान मरीज की मौत हो जाने के बाद गुस्साए परिजनों ने उपस्थित डॉक्टर स्टाफ के साथ मारपीट कर कई मेडिकल उपकरणों को भी तोड़ डाला। और एक रेजिडेंट डॉक्टर के ऊपर चाकू से वार कर दिया। इस घटना से आक्रोशित डाक्टरों और मेडिकल स्टूडेंट्स ने गुरुवार को हॉस्पिटल परिसर में जमकर हंगामा और प्रदर्शन किया।आरोप लगाया कि संकट की इस घड़ी में मौके पर एक भी सुरक्षा गार्ड मौजूद नहीं था। अस्पताल प्रशासन और प्रिंसिपल डॉक्टरों की जान बचाने के बजाय इस मुश्किल घड़ी में मौके से भाग निकले इस घटना से आहत रेजिडेंट डॉक्टरों और स्टूडेंट का गुस्सा जमकर अस्पताल प्रशासन के ऊपर फूटा। उनका कहना है कि अभी तक इस मामले में



दोषियों के ऊपर क्क्ट तक नहीं कराई गई। मरीज के परिजनों के ऊपर तत्काल क्क्ट हो और प्रिंसिपल डॉक्टर शैलेश यादव और प्रशासक आरके यादव तत्काल अपने पद से इस्तीफा दें। जिससे हम लोगों का न्याय सुनिश्चित हो सके। प्रदर्शन कर रहे रेजिडेंट डॉक्टर्स और स्टूडेंट को एबीवीपी का भी समर्थन प्राप्त हुआ।

# सकरन ब्लॉक में भ्रष्टाचार की गूंज

## सचिवों की जेब में सरकारी योजनाएं, निजी कर्मियों की मनमानी से धूल फांक रही जनसेवा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन/सीतापुर । सीतापुर जिले के विकासखंड सकरन के कई ग्राम पंचायत सचिव शासकीय योजनाओं को निजी दुकान बना चुके हैं। सरकारी योजनाओं में गरीबों को राहत देने की बजाय अब यह योजनाएं बन चुकी हैं सचिवों और उनके निजी कर्मचारियों के लिए मोटी कमाई का जरिया। आश्चर्य की बात यह है कि यह भ्रष्ट तंत्र खुलेआम फल-फूल रहा है, और ब्लॉक स्तर पर बैठे उच्च अधिकारी मौन साधे हुए हैं।

**क्या चल रहा है अंदरखाने?**

मनरेगा, शौचालय निर्माण, आवास योजना, वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे कार्यक्रमों में फर्जी बिल, फर्जी हाजिरी, और भुगतान में कमीशन का खेल आम हो चुका है।

कई सचिव निजी कर्मियों के सहारे पंचायतों का संचालन कर रहे हैं, जो न तो अधिकृत हैं और न ही उत्तरदायी




– पर ''साहब'' के नाम पर दस्तखत से लेकर वसूली तक सब कुछ वही करते हैं।

मजदूरों की मजदूरी काटना, आवास की किश्त रोकना और कमीशन के बिना फाइल आगे न बढ़ाना सामान्य चलन बन चुका है।

**क्षेत्र की आवाम की जुबान**

सचिव कभी गांव आते नहीं, उनका आदमी आता है, जो कहता है कि 20% दो तभी नाम आवास में आएगा।

इसी तरह, कई मनरेगा मज़दूरों ने कहाः

काम किया 15 दिन, पैसा आया 10 दिन का। फोटो खींचकर चले गए, फिर कौन सुनता है ।

**कौन दे रहा संरक्षण**

सूत्रों की मानें तो यह भ्रष्टाचार ब्लॉक कार्यालय के अंदर बैठे अधिकारियों की शह पर चल रहा है। शिकायत करने वाले ग्रामीणों को या तो टरका दिया जाता है, या उन्हें ही फर्जी बताकर कार्रवाई से डरा दिया जाता है।

**प्रशासन मौन क्यों**

**यह सबसे बड़ा सवाल है।**

जब सचिवों के माध्यम से सरकारी धन सीधे-सीधे लूटा जा रहा है, तो क्या खंड विकास अधिकारी अंजान हैं? क्या सीडीओ कार्यालय तक इन शिकायतों की गूंज नहीं पहुंच रही?

जनता पूछ रही है ऽ जवाब कौन देगा?

1. पंचायत सचिवों पर कब होगी जांच?

2. निजी कर्मियों की भूमिका को क्यों नजरअंदाज किया जा रहा है?

3. आखिर शासकीय योजनाएं गरीबों तक पहुंचेंगी कब।

# प्रतियोगियों के लिए निःशुल्क संचालित कोचिंग कक्षाओं के सत्र का शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार ने बताया कि शासनादेश दिनांक 18 अक्टूबर, 2022, निदेशालय समाज कल्याण उ0प्र0 के पत्र दिनांक 13 अगस्त 2024 एवं सचिवालय मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के पत्रांक दिनांक 17.03.2025 में उल्लिखित व्यवस्थानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत जनपद सीतापुर में प्रतियोगियों हेतु निःशुल्क संचालित कोचिंग कक्षाओं के सत्र 2025-26 में कक्षाओं का आरम्भ दिनांक 01 जुलाई 2025 से किया जाना है, कक्षाओ में अध्यापन एवं मार्गदर्शन कार्य हेतु वार्ताकारों, प्रवक्ताओं/व्याख्याताओं एवं विषय विशेषज्ञों की आवश्यकता है, जिसका विषयवार विवरण निम्नवत हैं- 1-यू0पी0एस0सी0/यू0पी0पी0एस0सी0-प्राचीन इतिहास, मध्यकालीन इतिहास, आधुनिक इतिहास, विश्व इतिहास, आर्ट एण्ड कल्चर, भूगोल, भारतीय राजव्यवस्था, भारतीय अर्थव्यवस्था, इन्टरनल सिक्योरिटी, वैश्विक सम्बन्ध, एथिक्स, भारतीय समाज, करेन्ट अफ़ेयर्स, इन्वायरमेंट एण्ड डिजास्टर मैनेजमेंट, करेन्ट अफ़ेयर्स, जनरल साइंस एण्ड टेक्नालॉजी, यूपी स्पेशल, सेन्सस एण्ड जी0के0, सीसेट क्रॉमप्रिहेन्शन, इण्टरपर्सनल स्कील्स एण्ड कम्युनिकेशन, लॉजिकल रीजनिंग एण्ड एनालिटिकल एबिलिटी, डिसिशन मेकिंग (निर्णय क्षमता एवं समस्या समाधान), सामान्य बौद्धिक क्षमता, तार्किक कौशल एवं विश्लेशणात्मक क्षमता, संचार कौषल सहित अंतर-वैयक्तिक कौशल, बोधगम्यता, एलिमेन्टरी मैथ्स, जनरल इंग्लिश, जनरल हिन्दी, 2-जे0ई0ई0-मैथ्सए भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, 3-नीट-भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, 4-एन0डी0ए0/सी0डी0एस-मैथ्सए इंग्लिश, जी0के0, जनरल साइंस।

निदेशालय समाज कल्याण उ0प्र0 के पत्र संख्या दिनांक 13 अगस्त 2024 के अंतर्गत निर्गत मानक संचालन प्रक्रिया में वर्णित व्यवस्थानुसार सिविल सेवा तथा पी0सी0एस0 के लिए विश्वविद्यालय, राजकीय डिग्री कॉलेज के शिक्षक तथा आई0ए0एस0 (मुख्य) परीक्षा अथवा पी.सी0एस0 (साक्षात्कार) अथवा दो बार पी0सी0एस0 (मुख्य) परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थी अतिथि व्याख्याता के रूप में विशेषज्ञ चयन समिति की अनुशंसा से प्रशिक्षण केन्द्रों में सूचीबद्ध किए जायेंगे। नीट पाठ्यक्रम हेतु संबंधित विषय में एम0एस0सी0 (प्रथम श्रेणी) अथवा एम0बी0बी0एस0 तथा जे0ई0ई0 के लिए संबंधित विषय में एम0एस0सी0 (प्रथम श्रेणी) अथवा एम0टेक की डिग्री धारण करने वाले अभ्यर्थी अतिथि व्याख्याताओं के रूप में चयनित किये जायेगे।

उक्त योजना के अन्तर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं यथा सिविल सेवा परीक्षा, पी0सी0एस0, जे0ई0ई0, नीट एवं एन0डी0ए0/सी0डी0एस0 हेतु कोचिंग केन्द्रो पर अध्यापन एवं मार्ग दर्शन कार्य हेतु इच्छुक एवं सहमत अतिथि प्रवक्ता/वार्ताकारों हेतु आवेदन करने की तिथि 01.05.2025 से 15.05.2025 तक थी, जिसे विस्तारित/बढ़ाकर 24.05.2025 किया जाता है। इच्छुक एवं सहमत अतिथि प्रवक्ता/वार्ताकार अपने सुसंगत शैक्षिक प्रमाण पत्रों के साथ दिनांक 24.05.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना सीतापुर केन्द्र, राजकीय इण्टर कॉलेज बालक, सीतापुर से फार्म प्राप्त कर आवेदन कर सकते है।

# मनरेगा फर्जीवाड़े में प्रधान को दरकिनार करते हुए गुल खिला रही सेमरा खुर्द

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन (सीतापुर ) । मानक विहीन कार्य छोड़ शुन्य कार्य के बावजूद भी लाखों रुपयों की निकासी होने बावजूद भी एक दिन के काम को तरस रहे इच्छुक मनरेगा मजदूर खेतिहर काश्तकारों के यहाँ दिहाड़ी करने को हो रहे मजबूर जिसका स्पष्ट कारण रोजगार सेवक द्वारा मनमानी करते हुए प्रधान से किसी सलाह मशविरा के तालाब खुदाई का कार्य अपने खास ठेकेदार व ब्लॉक में रोजगार सेवक के पद पर तैनात सुनीत गुप्ता के द्वारा ग्राम गणेशपुर के मजदूरों को खुदाई कार्य ठेके पर देकर सिर्फ फोटो कैप्शन का किया जा रहा। एन एम एम एस की खानापूर्ति करते जिम्मेदारों के द्वारा कराए गए काम के सापेक्ष निकाली गई रकम का यदि जमीनी सत्यापन हो जाए तो खुल जाएगी सारी कलाई। ग्राम प्रधान की मर्जी के बगैर अपनी पहुँच पकड़ के जरिए अमानक कार्य करवाते हुए ठेकेदार रोजगार सेवक ने गरीब मजदूरों के पेट पर जमा दी है लात जिसके लिए ग्रामीण पात्र




**बाहरी मजदूरों से कराया जा रहा फोटो कार्य**

**मनरेगा में प्रबल घोटाले को अंजाम दे रहे ठेकेदार सुनीत गुप्ता ने फर्जीवाड़े का रचा इतिहास**

मजदूर काम दाम पर खेतों में या बाहर काम करने को हो रहे मजबूर। अब सोचने वाली बात ये होगी कि आखिर ब्लॉक व जिले के मनरेगा अधिकारी ऐसे ठेकेदार बन चुके ग्राम रोजगार सेवक पर कब करते हैं कार्यवाई या यूँ ही लुटती रहेगी सकरन।

# स्वास्थ्य तंत्र की कलई खोलती गरीब जनता की दुर्दशा पर विभाग ने ओढ़ी चुप्पी की चादर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन/सीतापुर। स्वास्थ्य विभाग की निष्क्रियता और प्रशासन की मौन स्वीकृति के बीच, सीतापुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांडा के अंतर्गत कस्बा सांडा से लेकर गोडियनपुरवा चौराहा, सकरन, कोन्सर तक दर्जनों अवैध क्लीनिक, नर्सिंग होम और हॉस्पिटल बिना किसी रजिस्ट्रेशन, संसाधन या योग्य चिकित्सक के धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं। इन फर्जी स्वास्थ्य संस्थानों में न तो प्रशिक्षित डॉक्टर हैं, न ही बुनियादी जीवनरक्षक सुविधाएं। लेकिन फिर भी, ये गरीब और अनपढ़ मरीजों से इलाज के नाम पर हज़ारों की वसूली कर रहे हैं। गलत इलाज और लापरवाही की वजह से कई मरीजों की हालत गंभीर हुई, कुछ ने तो जान भी गंवाई – लेकिन अब तक किसी पर कठोर कार्रवाई नहीं हुई।

चौंकाने वाले तथ्यः

अधिकांश संस्थान बिना सीएमओ की अनुमति के संचालित, अप्रशिक्षित स्टाफ कर रहा इंजेक्शन, ऑपरेशन और डिलीवरी जैसे संवेदनशील कार्य, ऑक्सीजन, एंबुलेंस जैसी सुविधा का अभाव,भारी फीस और दवाओं की ओवरबिलिंग




प्रशासन की भूमिका- स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन संस्थानों को ह्लमौन संरक्षण मिला हुआ है। स्वास्थ्य विभाग, जिसकी जिम्मेदारी है कि अवैध संस्थानों पर कार्रवाई करे, उसने आंखें मूंद रखी हैं – ना निरीक्षण, ना नोटिस, ना सीलिंग।

क्षेत्र के वाशिंदों की पीड़ाः- क्षेत्र के ही कई सम्मानित व्यक्तियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि गरीबी में सही इलाज चाहिए था, मगर जान चली गई। झोलाछाप डॉक्टर ने गलत दवा दे दी। अब पूछने वाला कोई नहीं। क्या कहते हैं जानकार- जनस्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, ''यदि अवैध क्लीनिकों की तुरंत जांच नहीं हुई, तो यह पूरा क्षेत्र एक स्वास्थ्य आपदा क्षेत्र में बदल सकता है। कुकुरमुत्ते की तरह क्षेत्र के हरेक चौराहे पर लूटकेंद्र बन चुके अवैध

**सीतापुर में मौत के अड्डेः सीएचसी सांडा के अंतराल में फल-फूल रहे अवैध नर्सिंग होम**

मेडिकल स्टोर, क्लीनिक व हॉस्पिटल।

सी एच सी सांडा से चंद कदम दूर क़स्बा सांडा में ही करीब आधा दर्जन क्लीनिक, प्रसव केंद्र व हॉस्पिटल, किवानी पुल से आगे गोड़ियन पुरवा में अवैध मेडिकल स्टोर व क्लीनिक, शाहपुर में रोड के दोनों तरफ अवैध क्लीनिक, गोड़ियनपुरवा चौराहा,मोहलिया चौराहा,रसूलपुर डॉ रहूफ क्लीनिक, लंघनिया सड़क पर दो क्लीनिक, कम्हरिया खून खून, सेमरा बाजार,ओड़াझार, कोंसर चौराहा, सकरनखुर्द मोड़, नसीरपुर पंकज मेडिकल क्लीनिक जैसे करीब सैकड़ा भर अवैध क्लीनिक बढ़ा रहे क्षेत्र की परेशानी।

जनता का सवाल ऽ और बहुत तीखा सवालः

1. कब जागेगा स्वास्थ्य विभाग?

2. क्या सीएमओ कार्रवाई करेंगे या चुप रहेंगे?

3. क्या गरीबों की जान की कोई कीमत नहीं?

## नवागत एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने संभाला कामकाज



लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बुधवार शाम को जिले के नवागत एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने लखीमपुर खीरी पहुंचकर कामकाज संभाला। श्री सिंह देवरिया जिले के मूल निवासी है, वे 2011 बैच के पीसीएस अधिकारी हैं। नरेंद्र बहादुर सिंह को प्रशासनिक क्षेत्र में व्यापक अनुभव प्राप्त है। इससे पहले वे मुजफ्फरनगर व बदायूं में एडीएम के पद पर कार्यरत रह चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने मुरादाबाद में सिटी मजिस्ट्रेट और गोरखपुर, चित्रकूट, कौशांबी, तथा मऊ जैसे महत्वपूर्ण जिलों में उप जिलाधिकारी के रूप में प्रशासनिक जिम्मेदारियां निभाई हैं। कार्यभार ग्रहण करते हुए एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं को धरातल पर उतारना और जन समस्याओं का त्वरित समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने पारदर्शिता, जनभागीदारी और समयबद्ध कार्यों को प्रशासनिक कार्यशैली की आधारशिला बताया।

## दिव्यांगजन हेतु निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद सीतापुर में निवासरत दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (जयपुर फुट), राजेन्द्र नगर, नई दिल्ली के सहयोग से एक दिव्यांगजन कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने जानकारी दी कि समिति द्वारा प्राप्त कार्यालय पत्र दिनांक 26 मार्च 2025 के अनुक्रम में यह सुनिश्चित किया गया है कि जनपद के ऐसे दिव्यांगजन, जिनके हाथ अथवा पैर कटे हुए हैं, उन्हें निःशुल्क कृत्रिम अंग (हाथ/पैर) तथा अन्य आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। यह विशेष शिविर दिनांक 16 एवं 17 मई 2025 को प्रातः 9.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक राजकीय इंटर कॉलेज, सीतापुर में आयोजित किया जाएगा। इस पुनीत कार्य के सफल संचालन हेतु समस्त संबंधित विभागों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं नागरिकों से अपेक्षा की जाती है कि अधिकाधिक पात्र दिव्यांगजन इस सुविधा का लाभ प्राप्त करें एवं इस मानवीय प्रयास को सफल बनाने में सहभागी बनें।

## भाजपा जिला कार्यालय पर आगामी कार्यक्रमों की योजना बैठक संपन्न

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में जिला पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक आहूत की गई जिसमें मुख्य रूप से आगामी अभियान रानी अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई एवं कार्य प्रणाली पर विस्तार से चर्चा की गई इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा जिला पदाधिकारियों को अभियान के सफल आयोजन के विषय में जानकारी व दिशा निर्देश भी दिए गए । एवं पदाधिकारीगणो को कार्यक्रम सेसंबंधित दायित्व वितरण भी किया गया इस अवसर पर करुणा शंकर त्रिपाठी, सुधाकर शुक्ला, कंचन प्रभा पांडे, इंदू सिंह, संजयमिश्रा, नैमिष रतन तिवारी, सचिन मिश्रा विश्राम सागर राठौर जया सिंह, लक्ष्मी पांडे, नीरज वर्मा झल्लर,अतुल तिवारी,रामजीवन जायसवाल, रोहित सिंह सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## टैंकर की चपेट में आकर मंदबुद्धि युवक की दर्दनाक मौत

धौरहरा, खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। गुरुवार दोपहर लगभग 11 बजे एनएच-730 (पीलीभीत-बस्ती हाईवे) पर एक हृदयविदारक सड़क हादसे में एक मंदबुद्धि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम मुरावनपुरवा निवासी 40 वर्षीय मनोहर लाल पुत्र बदलू के रूप में हुई है। वह हाईवे किनारे ग्राम पल्टूपुरवा के पास प्लास्टिक और डिब्बे बीन रहा था, तभी लखीमपुर की ओर से आ रहे एक अनियंत्रित टैंकर (नंबर ठध-21-क्π-8920) ने उसे टक्कर मार दी। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर क्षेत्राधिकारी धौरहरा प्रीतम पाल सिंह व कोतवाल सुरेश मिश्रा तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। क्षेत्राधिकारी प्रीतम पाल सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। दुर्घटनाग्रस्त टैंकर को कब्जे में लेकर मामले की जांच व अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## महिला ने 112 नंबर सिपाही पर गाली देते हुई हमलावर

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बा खीरी चौकी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मूसेपुरखुर्द में रहे अवैध कच्ची शराब तीन चार माफिया। बीती शाम रमेश पुत्र श्याम लाल पासी रमेश के छोटे भाई की पत्नी जो कि। ऐलानिया पुलिस को गाली देती है। इसी संबंध में जब शिकायत पर 112 नंबर पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी महिला, रमेश, श्यामलाल 112 नंबर सिपाही पर गाली देते हुए हमलावर हो गई।* किसी तरह से डायल 112 पुलिस बच बचाकर चौकी कस्बा खीरी पुलिस को फोन से सूचना दी। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी कस्बा खीरी सहित भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची तब तक आरोपी मौके से फरार हो गए है। इन लोगों ने सरकारी तालाब पर अवैध कब्जा कर वही पर अवैध कच्ची शराब बड़े पैमाने आर बनाकर बिक्री करते है। वहीं ओयल चौकी क्षेत्र के मदारापुर से भी बड़े पैमाने पर शराब लाकर बेची जा रही है यह पूरी घटना बीती शाम लगभग 8 से 9 बजे के आस पास की है।

## मॉल की तीसरी मंजिल पर अवैध निर्माण पर प्रशासन का बड़ा एक्शन, पुलिस बल से रुकवाने के आदेश

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। संकटा देवी चौराहे के पास स्थित मॉल में जारी अवैध निर्माण को लेकर एसडीएम सदर ने कोतवाली प्रभारी को बलपूर्वक कार्य रुकवाने का आदेश दिया है। भवन स्वामी राहुल अग्रवाल को फरवरी में नोटिस मिलने के बावजूद तीसरी मंजिल पर निर्माण जारी था। प्रशासन ने इसे नगर नियोजन व जनसुरक्षा के खिलाफ मानते हुए सख्त कदम उठाया। आदेश में पुलिस बल के प्रयोग की भी अनुमति दी गई है। अवैध निर्माण के खिलाफ यह प्रशासन की कड़ी चेतावनी मानी जा रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, पुलिस जांच में जुटी

लखीमपुर खीरी (नकहा) कैनविज टाइम्स संवाददाता। बुधवार देर रात नकहा क्षेत्र में पीलीभीत-बस्ती इंटरनेशनल हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। नकहा क्रेशर के निकट एक अज्ञात वाहन ने युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान कैलाश (पुत्र अनंतु), निवासी अमर नगर, थाना तंबौर, जनपद सीतापुर के रूप में हुई है। कैलाश नकहा के निवासी युवराज वर्मा के यहां मजदूरी करता था और बुधवार रात लगभग 11 बजे किसी कार्य से भदफर की ओर जा रहा था, तभी पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम, चौकी प्रभारी गौरव कुमार के नेतृत्व में, घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नकहा ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

# परागी पुरवा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का विधायक ने फीता काटकर किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निघासन खीरी । परागी पुरवा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट तृतीय वर्ष का आज दिनांक 15 मई सन 2025 को शुभारंभ हुआ जिसका उद्घाटन निघासन विधानसभा के लोकप्रिय विधायक पटेल शशांक वर्मा ने किया इस दौरान भाजपा विधायक पटेल शशांक वर्मा ने कहा यह टूर्नामेंट क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतिभाओं के लिए एक बेहतरीन अवसर साबित होगा जहां वह अपने खेल का प्रदर्शन कर सकेंगे.वही जिला महामंत्री विनोद लोधी ने कहा इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करना और उन्हें एक सकारात्मक दिशा देना.उद्घाटन मैच बल्लीपुर और तिकुनिया के बीच खेला गया इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री विनोद लोधी.अन्तरवेद



मंडल अध्यक्ष दामोदर मौर्य.मंडल उपाध्यक्ष पंकज गिरी.निवर्तमान प्रधान निघासन रामकुमार मौर्य. निघासन व्यापार मंडल अध्यक्ष आनंद चतुर्वेदी.समाजसेवी राजेंद्र कनौजिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष निघासन शशिकांत चतुर्वेदी.वरिष्ठ भाजपा नेता कमलेश वर्मा.अनुराग चोपड़ा. निर्मल चतुर्वेदी. हरेराम वर्मा.प्रदीप शुक्ला.शंभू तिवारी.पूर्व प्रधान रकेहटी अजय गुप्त.सहित समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे ।

# गन्ना पेड़ी प्रबंधन एवं कीट नियंत्रण को लेकर जागरूकता रैली का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। पलिया बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड, पलिया इकाई द्वारा बुधवार को पेड़ी प्रबंधन एवं कीट नियंत्रण हेतु एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ महाप्रबंधक (गन्ना) द्वारा फीता काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर किया गया। यह रैली मिल परिक्षेत्र के ग्राम अतरिया, नगला, बड़ागांव, देवीपुर, मकनपुर सहित दर्जनों गांवों से होकर गुजरी। रैली के माध्यम से किसानों को पेड़ी की देखभाल के लिए वैज्ञानिक व व्यवहारिक सुझाव दिए गए।

प्रमुख सुझावों में शामिल हैं- पेड़ी में तुरंत सिंचाई कर 1.5 बैग (75 किलोग्राम) यूरिया प्रति एकड़ प्रयोग करें। गुड़ाई के साथ सुपर फॉस्फ़ेट और पोटाश का भी उपयोग करें। बेहतर उत्पादन हेतु रिक्त स्थानों को भरें और पुरानी जड़ों को तोड़ें। निकाई-गुड़ाई द्वारा खरपतवार नियंत्रण करें। बरसात से पहले पेड़ी में मिट्टी चढ़ाना सुनिश्चित करें ताकि अवांछित कल्ले न निकलें और स्वस्थ कल्ले गन्ने बनें। फफूंदी जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए थायोफ़ेनेट मिथाइल (प्रिज्म) का छिड़काव करें। टॉप बोरर कीट के नियंत्रण हेतु कोराजेन कीटनाशक के उपयोग की सलाह दी गई। रैली में मिल के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल रहे और किसानों को जागरूक करने का संदेश दिया गया।

## कार बाईक की जोरदार टक्कर से महिला की मौत, दामाद और नाती घायल

लखीमपुर खीरी। मैलानी थाना क्षेत्र के संसारपुर में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका दामाद और पांच माह का नाती गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब महिला अपने दामाद के साथ बच्चे की दवाई लेकर घर लौट रही थी। छापाबोझी गांव निवासी ताज मोहम्मद की पुत्री रेनू बानो की शादी जनपद पीलीभीत के थाना सेहरामऊ उत्तरी अंतर्गत गांव खांडेपुर निवासी आसिफ मोहम्मद से हुई थी। मंगलवार को रेनू का पांच माह का बेटा बीमार था, जिसकी दवा लेने उसकी मां निसारा बेगम (50) दामाद आसिफ मोहम्मद के साथ बाइक से गोला गोकर्णनाथ गई थीं। दवा लेकर लौटते समय जैसे ही वे थाना मैलानी क्षेत्र के संसारपुर नेशनल हाईवे 730 पर स्थित जिला सहकारी बैंक के पास पहुंचे, सामने से आ रही एक तेज़ रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि निसारा बेगम बाइक से उछलकर सड़क पर जा गिरीं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे में आसिफ मोहम्मद और उनका मासूम बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना की आवाज सुनकर आसपास के दुकानदार और राहगीर मौके पर पहुंचे और भारी भीड़ जमा हो गई।

# कृषक गन्ना गोष्ठी का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोला ( खीरी) । बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला परिक्षेत्र के ग्राम मूड़ाअस्सी में प्रगतिशील कृषक प्रमोद वर्मा की चौपाल पर वृहद कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान शाहजहांपुर के सहा0 निदेशक/वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ पी0 के0 कपिल, जमुनाबाद फ़ार्म के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ0 सरनाम सिंह व गन्ना विकास निरीक्षक मोहम्मद अकरम एवं मिल परिक्षेत्र के लगभग 134 किसानों ने भाग लिया। सहायक महाप्रबंधक गन्ना ओ0 डी0 शर्मा ने गोष्ठी में आए सभी अतिथियों व सम्मानित कृषकों का स्वागत व अभिनन्दन किया तथा बताया कि इस समय गन्ना सर्वेक्षण कार्य चल रहा है, सभी कृषक बंधुओं से अनुरोध कि अपने अपने खेत पर पहुंचकर अपना सर्वे सही से दर्ज करा लें,जिससे पेराई सत्र में सप्लाई सम्बन्धी किसी भी प्रकार की समस्या




का सामना न करना पड़े। डॉ0 पी0 के0 कपिल ने फसल सुरक्षा प्रबन्धन पर चर्चा करते हुए चोटी बेधक (टॉप बोरर) कीट व पोक्का बोइंग बीमारी की पहचान व बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी साथ ही यह भी बताया कि यूरिया की अंतिम खुराक बरसात से पूर्व देकर मिट्टी अवश्य चढ़ा दे तथा बरसात का इंतजार न कर,फसल को नुकसान से बचाने हेतु समय से सिचाई करने की सलाह दी, इसी क्रम में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ सरनाम सिंह ने वर्तमान में गन्ने की फसल में लगने वाले कीट बीमारियों से किसानों को सजग रहने को कहा,गन्ना विकास निरीक्षक मोहम्मद अकरम ने सर्वे/सट्टा व समिति द्वारा चलायी जा रही गन्ना विकास सम्बन्धी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी,गोष्ठी का मंच संचालन कर रहे प्रबन्धक गन्ना सत्येन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि चीनी मिल द्वारा सब्सिडी पर एग्री इनपुट उपलब्ध कराया जा रहा है जिसे प्राप्त कर लग रही कीट बीमारियों से बचाव हेतु खेतों में समय से प्रयोग कराये एवं वैज्ञानिकों द्वारा दिए गए सुझावों को अपनी फसलो में प्रयोग करके अधिक से अधिक पैदावार प्राप्त करें।अन्त में कृषक गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे प्रगतिशील कृषक रामकुमार वर्मा ने गोष्ठी में आये सभी आगंतुकों का आभार व आशीर्वचनों के साथ गोष्ठी का समापन किया,गोष्ठी में राकेश कुमार जायसवाल, पुत्तूलाल वर्मा,शिवाजी वर्मा,पीताम्बर लाल वर्मा,राकेश वर्मा आदि सैकडों कृषक व उपप्रबंधक गन्ना राजेश मिश्र,सहा0अधिकारी गन्ना रावेन्द्र वर्मा,कामदार रामआसरे सहित समिति व मिल के तमाम गन्ना विकास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# छात्रों की सफलता ही हमारी असली पूंजी है : पशुपतिनाथ

## संस्कार सेंट्रल एकेडमी फाजिलनगर में श्रेष्ठ अंक पाने वाले छात्रों का हुआ सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कुशीनगर। सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को संस्कार सेन्ट्रल एकेडमी फाजिलनगर में आयोजित एक भव्य समारोह में सम्मानित किया गया।

मंगलवार को आए परीक्षा परिणाम में विद्यालय का शत-प्रतिशत परिणाम रहा। जिसमें इंटरमीडिएट के 7 और हाईस्कूल के 20 छात्र-छात्राओं ने बेहतर अंक प्राप्त किए। गुरुवार को आयोजित सम्मान समारोह में विद्यालय के प्रबंधक पशुपतिनाथ जायसवाल और प्रधानाचार्य नागेंद्र सिंह ने सफल विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को माला पहनाकर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रबंधक पशुपतिनाथ जायसवाल ने इस अवसर पर कहा कि छात्रों की सफलता ही हमारी असली पूंजी है। संस्कार सेन्ट्रल एकेडमी हमेशा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

सम्मान पाने वाले छात्रों में इंटरमीडिएट से रेयान सिद्दीकी, रजनीकांत यादव, अनुष्का कुशवाहा, श्रेया पाठक तथा हाई स्कूल से निकिता राव, कृष्ण कुमार, अंशिका पांडेय, अनुराग राव, आशिया खान, कार्तिक यादव, सलोनी गुप्ता, आदर्श राय, मनीष कुमार पाठक, अनमोल प्रियदर्शी, रिद्धिमा वर्मा, मयंक राय आदि शामिल रहे।

समारोह के दौरान अभिभावकों ने विद्यालय की उपलब्धियों की सराहना की और शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अपराध अभियोजन कार्यों की बैठक सम्पन्न




कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में अपराध, कानून व्यवस्था एवं अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट के बचत भवन सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि अभियोजन कार्यों को और गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से गंभीर मामलों में प्रभावी पैरवी की जाए ताकि अधिक से अधिक दोषियों को सजा दिलाई जा सके। अभियोजन वादों का त्वरित व समयबद्ध निस्तारण कराया जाए। गैंगेस्टर एक्ट जैसे गंभीर मामलों में समय से गवाही कराते हुए कड़ी सजा दिलाई जाए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि न्यायालय में गवाहों से शत प्रतिशत साक्ष्य परीक्षण कराया जाये, ताकि अभियोजन मजबूत हो सके। जिलाधिकारी ने सभी शासकीय अधिकारियों और अधिवक्ताओं से कहा कि अभियोजन कार्यों में कोई ढिलाई न हो ताकि न्याय का पूर्ण पालन हो सके। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह, सीडीओ अर्पित उपाध्याय,अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल शर्मा ,अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा सहित सम्बन्धित अधिकारीगण व शासकीय अधिवक्ता गण उपस्थित रहें।

# युवक गंभीर रूप से घायल, रेफर

राजापाकड़/कुशीनगर। पटहेरवा थाना क्षेत्र के पटहेरिया - तुर्कपट्टी मार्ग पर बुधवार की देर रात बरात से वापस लौट रहे बाइक सवार युवक व कार की भिड़त पटहेरिया स्थित मदरसा के पास आमने-सामने हो गयी।जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रुप से घायल हो गया।वही बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी।घटना के बाद कार सवार कार छोड़ कर फरार हो गये।घायल युवक को ग्रामीणों ने एंबुलेंस से सीएचसी फाजिलनगर भेजवाया।जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला हास्पिटल रेफर कर दिया।घटना रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है।

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि बाइक सवार निखिल कुमार(20)पुत्र अशोक निवासी सिंदुरिया बुजुर्ग रात में एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहा था।रात के करीब 12 बजे के आसपास वह पटहेरिया-तुर्कपट्टी मार्ग पर पटहेरिया स्थित मदरसा के मोड़ पर पहुँचा था कि सामने से आ रहे तेज रफ्तार की कार से उसकी बाइक आमने सामने भीड़ गयी।जिसे वह गंभीररूप से घायल हो गया।कार सहित बाइक दोनों क्षतिग्रस्त हो गयी।आसपास के लोगो ने तेज आवाज सुनकर घटना स्थल पहुँचे तो घायल युवक को हास्पिटल भेजवाया।

# होमगार्ड के परिजनों के साथ मारपीट केस दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले होमगार्ड जवान ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया उसकी मां द्वारा गांव? के ही कुछ लोगों को रहने के लिए मकान दिया गया था। जिसके बाद प्रतिपक्षी गणों द्वारा? संबंधित मकान को दूसरे के हाथ बेंच दिया गया विरोध करने पर प्रतिपक्षगणों द्वारा उसके पिता उसकी पत्नी और दो बेटियों को बुरी तरह मारा पीटा ।मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।कोतवाली क्षेत्र के गांव जिहवा के रहने वाले ईशा मोहम्मद पुत्र गुलाम मोहम्मद जो की होमगार्ड जवान है ने दी गई तहरीर में बताया कि गांव के ही शमीउल्लाह पुत्र अल्लाह मेहरबान परवेज पुत्र जब्बार मुईन पुत्र जब्बार को उसकी मां द्वारा रहने के लिए मकान दिया गया था लेकिन उपरोक्त तीनों लोगों द्वारा संबंधित मकान को दूसरे के हाथ बेंच दिया गया विरोध करने पर उपरोक्त विपक्षी गणों द्वारा? शाहरुख पुत्र शमशेर इमरान पुत्र जब्बार सहित 10 12 अज्ञात लोगों के साथ मिलकर पिता उसकी पत्नी और दो बेटियों को बुरी तरह मारा पीटा गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हुए है।इंसेट - कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि? होमगार्ड की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है, मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने आंगनबाड़ी केन्द्र, वन स्टॉप सेन्टर समेत अन्य संस्थानों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रायबरेली। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी के दो दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान आज द्वितीय दिन सदस्य द्वारा गोरा बाजार स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के समय आंगनबाड़ी केन्द्र पर कायाकल्प के सभी पैरामीटर्स पूर्ण पाए गए 3 से 6 वर्ष तक के 18 बच्चें उपस्थित मिले।

सदस्य ने बच्चों से अक्षर ज्ञान व गिनती ज्ञान के सम्बन्ध में जानकारी ली। बच्चों द्वारा 2 अक्षर वाले शब्द जोड़कर पढ़कर सुनाए गये। तथा बच्चों से गिनती भी सुनी गयी। निरीक्षण में आंगनबाड़ी केंद्र पर संतोषजनक स्थिति मिली। तत्पश्चात सदस्य द्वारा महानन्दापुर स्थित वन स्टाप सेन्टर का निरीक्षण किया गया, जहां पर सभी कार्मिक रोस्टर के अनुसार उपस्थित मिले तथा वहां पर केन्द्र प्रबन्धक से कार्यालय के समस्त अभिलेखों महिलाओं से संबंधित प्राप्त प्रकरणों का अवलोकन तथा महिलाओं से संबंधित प्रकरणों की जानकारी ली गयी तथा केन्द्र प्रबंधक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसके बाद सदस्य द्वारा विकास खण्ड सतांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जतुआ टप्पा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गयी। उन्होंने कहा कि सामुदायिक केन्द्र में आने वाले मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलती रहे इस पर विशेष ध्यान देते हुए सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया जाये।

इसके पश्चात सदस्य द्वारा कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय सतांव रायबरेली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई सामान्य पाई गयी और बालिकाओं का नामांकन शत-प्रतिशत रहा। महिला आयोग सदस्य द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि विद्यालय में आवासीय बालिकाओं के शिक्षा-दीक्षा व स्वास्थ्य सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाये।

# कांग्रेसियों ने कर्नल सोफिया कुरैशी पर की टिप्पणी पर जताया विराध, किया प्रदर्शन




महराजगंज, रायबरेली। ऑपरेशन सिंदूर का नेतृत्व करने वाली कर्नल सुफिया कुरैशी पर की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में कंाग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी की अगुवाई में सैकड़ो कंाग्रेसियों ने कस्बे के प्रमुख मार्गो से होते हुए विरोध प्रदर्शन किया। उप जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। बताते चले की ऑपरेशन सिंदूर का नेतृत्व करने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी के प्रति मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री जय शाह द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में आज महराजगंज में रायबरेली जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी जी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी, ब्लाक अध्यक्ष प्रदीप चौधरी, अवधेश चौधरी, गौरव मिश्रा, रमेश शुक्ला, रामखेलावन पासी, नगर अध्यक्ष अंकुर जायसवाल, शैदुल हसन, प्रिंशू वैश्य, योगिता सिंह, दिनेश मिश्रा, राहुल सिंह, अखिलेश शुक्ला, हौसिला प्रसाद तिवारी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भगवान अपने भक्तों पर कभी दुख और संकट नहीं आने देते हैं: योगेन्द्र कृष्ण शास्त्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली । क्षेत्र के पूरे गुलाब सिंह (कंडौरा) में आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस श्रीधाम वृंदावन से पधारे प्रख्यात व्यास योगेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने भक्त व भगवान की सारगर्भित व्याख्या करते हुए कहा अपने आराध्य के प्रति सेवा और समर्पण का भाव रखने वाले भक्त के ऊपर कभी भगवान दुख, संकट नहीं आने देते है। परमात्मा के पावन नाम की अपरम्पार महिमा है। कथा व्यास ने कहा भक्त प्रह्लाद सदैव अपने आराध्य श्री नारायण की साधना आराधना में लीन रहते थे। परमात्मा का विरोधी दैत्य राज हिरण्य कश्यप बेटे के भगवत प्रेम में बाधा, जान से मार डालने की तमाम कोशिश करता है। जिसके रक्षक स्वयं भगवान बन जायें उसे कौन मार सकता है। भक्त प्रह्लाद को संकट में आया देख भगवान नरसिंह रूप में खंभे से प्रकट होकर हिरण्य कश्यप का वध करके अपने भक्त की रक्षा करतें हैं। शास्त्र ने श्रीमद् भागवत की भक्ति भाव भरी पावन कथा सुनाते हुए कहा कलयुग कलि काल में श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा अत्यंत फलदाई है। भाव के भूखे भगवान अपने भक्तों की हर तरह से रक्षा करतें हैं। उन्होंने श्रोताओं को श्रद्धा-भक्ति से भरी संगीतमयी कथा सुनाकर भाव विभोर किया। भागवत भगवान की पूजा आरती करके तृतीय दिवस की कथा का समापन किया गया। सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सपत्नीक यजमान वीरेंद्र सिंह ( राम जी), विद्या सिंह, नरेंद्र सिंह भंडारी, प्रशांत सिंह (भोले), राम मिश्र, प्रवीण दुबे, बाबा रामचंद्र मिश्र, उपेन्द्र मिश्र, वीरेंद्र सिंह, राजेश शुक्ल, दीपू सिंह, तेज बहादुर सिंह कल्लू, नर बहादुर सिंह, आशूं मिश्र, आनंद त्रिपाठी, दिनेश सिंह, गीता सिंह, सुधा सिंह, शीला शुक्ला, शैलू सिंह जितेन्द्र सिंह आदि तमाम लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

## बाइक सवार व कार की आमने सामने भिड़ंत,युवक गंभीर रूप से घायल,रेफर

राजापाकड़/कुशीनगर। पटहेरवा थाना क्षेत्र के पटहेरिया - तुर्कपट्टी मार्ग पर बुधवार की देर रात बरात से वापस लौट रहे बाइक सवार युवक व कार की भिड़त पटहेरिया स्थित मदरसा के पास आमने-सामने हो गयी।जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रुप से घायल हो गया।वही बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी।घटना के बाद कार सवार कार छोड़ कर फरार हो गये।घायल युवक को ग्रामीणों ने एंबुलेंस से सीएचसी फाजिलनगर भेजवाया।जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला हास्पिटल रेफर कर दिया।घटना रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि बाइक सवार निखिल कुमार(20)पुत्र अशोक निवासी सिंदुरिया बुजुर्ग रात में एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहा था।रात के करीब 12 बजे के आसपास वह पटहेरिया-तुर्कपट्टी मार्ग पर पटहेरिया स्थित मदरसा के मोड़ पर पहुँचा था कि सामने से आ रहे तेज रफ्तार की कार से उसकी बाइक आमने सामने भीड़ गयी।जिसे वह गंभीररूप से घायल हो गया।कार सहित बाइक दोनों क्षतिग्रस्त हो गयी।आसपास के लोगो ने तेज आवाज सुनकर घटना स्थल पहुँचे तो घायल युवक को हास्पिटल भेजवाया।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाई देवर्षि नारद जयंती

**पत्रकारो का किया गया सम्मान**

**मीडिया क्षेत्र में सकारात्मकता की जरूरतः डा. कौस्तुभ नारायण**

**प्रचार विभाग राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचार विभाग के तत्वावधान मे आयोजित कार्यक्रम**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचार विभाग तत्वावधान मे गुरुवार को आद्य पत्रकार देवर्षि नारद जयंती के मौके पर पत्रकार सम्मान समारोह एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान पत्रकारों को सम्मानित व देवर्षि नारद के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया तथा नारद द्वारा किये गए कार्यो को आज की पत्रकारिता से जोडकर देवर्षि के पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया गया। पडरौना नगर के एक मैरेज हाल मे निर्धारित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता प्रज्ञा प्रवाह विमर्श के केन्द्रीय टोली के सदस्य एवं बुद्ध पीजी कालेज के विभागाध्यक्ष डा.कौस्तुभ नारायण मिश्र, जिला संघचालक राम सिंगार ने भारत माता व देवर्षि नारद के चित्र पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य वक्ता श्री मिश्र ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में पत्रकारों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। पत्रकार, शिक्षक, अधिवक्ता समाज को गति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। नारद आद्य पत्रकार थे। वह लोककल्याण की कामना से एक दुसरे को खबर से अवगत कराते थे।

लोक में घटित घटनाओं का फैलाव देने का काम नारद करते थे। मीडिया क्षेत्र में नकारात्मकता से जुड़ी खबरों की डिमांड बढ़ी है। सकारात्मकता की जरूरत है। प्रचार से प्रसिद्धि पाने वाले पत्रकार नहीं, जिनकी प्रसिद्धि से प्रचार हो वह पत्रकार हैं। उन्होने कहा कि पत्रकार दुनिया और समाज को रास्ता दिखाने का कार्य करते है।

पत्रकार के लिए समय के साथ परिस्थितियां बदलीं है, सुविधाएं बढ़ी है। सोशल मीडिया का चलन बढ़ा है। प्रकृति, लोक, समाज का कल्याण हो ऐसी पत्रकारिता करने की जरूरत है।कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रापए के प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश द्विवेदी तथा संचालन जिला प्रचार प्रमुख नत्थू शर्मा ने किया।

इस दौरान सह जिला संघचालक महेन्द्र, विधायक मनीष जायसवाल, चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष जायसवाल बुलबुल, जिला प्रचारक अभय, जिला कार्यवाह रवि कीर्ति, कार्यक्रम संयोजक आदित्य प्रकाश, सह संयोजक धनंजय मिश्रा, नगर कार्यवाह दीनानाथ, सह कार्यवाह रामाश्रय, सुमंत कुशवाहा, सुनील पटेल आदि मौजूद रहे।

# बलवा, चोरी व लूटपाट सहित गंभीर धाराओं में आठ के विरुद्ध मुकदमा

**पहले हल्दी समारोह में मारपीट, फिर दुकान में घुसकर लाखों की संपत्ति की क्षतिग्रस्त**

**पुलिस ने बीएनएस की आठ धाराओं में दर्ज किया केस**

**पहली शिकायत के बाद पुलिस ने नहीं की कार्यवाही तो दो दिन बाद घटित हुई दूसरी घटना**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़, कुशीनगर। तुर्कपट्टी थानाक्षेत्र के धनौजी गांव निवासी अवधेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 11 मई को पटीदार जयप्रकाश प्रसाद के घर आयोजित हल्दी कार्यक्रम में डीजे बजने के दौरान विवाद हुआ। इसी को लेकर गांव के विकास, विवेक पुत्रगण सुभाष, सुभाष पुत्र मंगल, राजन पुत्र उमेश, प्रभावती पत्नी सुभाष और सुभाष का साला ने जयप्रकाश के दरवाजे पर उसे गाली व धमकी देते हुए लाठी-डंडे से मारा और गंभीर रूप से घायल कर दिया।अवधेश के अनुसार, आरोपितों ने उसके घर में घुसकर उसकी मां के साथ मारपीट की और दरवाजे पर खड़ी बाइक को उठा ले जाकर तोड़फोड़ कर दी। डायल 112 की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाइक कब्जे में लेकर घर भिजवाया, लेकिन कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की। पीड़ित का आरोप है कि इसके दो दिन बाद, 13 मई की रात करीब 11 बजे विकास, विवेक, सुभाष, राजन, सन्नी पुत्र सुरेश और जोगेंद्र पुत्र रामबेलास निवासी विनही नौगांवा ने उसकी दुकान अवधेश म्यूजिकल स्टूडियो में घुसकर एक राय से लैपटॉप, कंप्यूटर, गिटार, कीबोर्ड, बांसुरी, माइक, डीएसएलआर कैमरा समेत लगभग चार लाख रुपये मूल्य का सामान तोड़ दिया तथा कुछ उठा ले गए। पुलिस ने आठ नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धाराओं क्रमश : धारा 191(2), 115(2), 352, 351(3), 333, 324(4), 305, 331(4) में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## तुर्कपट्टी पुलिस की लापरवाही से बढ़ा मामला

क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं की बढ़ती श्रृंखला के बीच तुर्कपट्टी पुलिस की निष्क्रियता एक बार फिर सवालों के घेरे में है। 11 मई को धनौजी गांव मे हुई मारपीट की घटना में यदि पुलिस समय रहते कठोर कार्रवाई करती तो 13 मई की दूसरी गंभीर वारदात से बचा जा सकता था। लेकिन आरोप है कि थाना की पुलिस ने गंभीर आरोपों के बावजूद टालमटोल रवैया अपनाते हुए न तो तत्काल आरोपितों को पकड़ा और न ही सख्त कार्रवाई की।सूत्रों के अनुसार 13 मई को जो घटना घटी, उसमें कई गंभीर धाराएं लगाई गईं हैं, परंतु यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों पर शांतिभंग की धारा में ही चालान की कार्रवाई की। इससे न केवल पीड़ित पक्ष में रोष है, बल्कि क्षेत्रीय जनता में भी आक्रोश है। पीड़ित का कहना है कि यदि प्रभारी निरीक्षक सक्रियता दिखाते, तो पहली घटना के बाद ही आरोपितों की गिरफ्तारी हो जाती और दूसरी वारदात को अंजाम देने का दुस्साहस नहीं होता। लोगों का कहना है कि पहली घटना को हल्के में लेकर पुलिस ने जो चूक की, उसी का नतीजा है कि दो दिन बाद और बड़ी घटना हो गई। अब भी लीपापोती कर शांतिभंग में चालान की बात सामने आ रही है, जो न्याय के साथ मज़ाक है। पुलिस की इस कार्यप्रणाली की तीखी आलोचना करते हुए कुछ लोगों ने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को संभालने के लिए यदि इसी तरह लचर रवैया रहा तो अपराधियों के हौसले और बुलंद होंगे और आमजन असुरक्षित महसूस करेगा।अब निगाहें वरिष्ठ अधिकारियों की ओर हैं कि क्या वे तुर्कपट्टी पुलिस की इस लापरवाही पर संज्ञान लेकर आवश्यक कदम उठाएंगे या फिर यह मामला भी दबा रह जाएगा।

# छात्र की गोली मारकर हत्या, इलाके में सनसनी

## मरने से पहले छात्र ने वीडियो में बताया हत्यारों का नाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । गोंडा जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र तुलसीपुर माझा में बुधवार रात एक छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई।इससे इलाके में सनसनी मच गई छात्र को दो किशोर बुलाकर निमंत्रण में ले गए थे। रास्ते में सुनियोजित तरीके से उसे गोली मार दी।मिली जानकारी के अनुसार घटना की जानकारी होने पर परिजन छात्र को अयोध्या मेडिकल काले ज ले गए,जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।छात्र अंशुमान का मरने से ठीक दो मिनट पह ले का तेरह सेंकेड का वीडियो सामने आया है।जि समें अंशुमान ने गोली मारने वालों का नाम बताा हैबिट्टू और गोलू और जातिन और विशेष भी शामिलथे।पुलिस ने मृतक छात्र के पिता की तहरीर के आ धार पर केस दर्ज करके मामले की जांच शुरु कर दी है।अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चार टीमों को गठित कर दी गई है।क्षेत्र के तुलसीपुर मां झा पट्टी बलराज निवासी रवि प्रकाश सिंह धराम प्र ताप सिंह की तहरीर के अनुसार उनका बेटा अंशु मान सिंह बुधवार रात करीब नौ बजे अपनी बाइक से अनिल सिंह की दुकान पर गया था।वहीं से कुछ लोगो ने उसे घेरकर रोक लिया।पुरानी रंजिश के च लते उनके बेटे को गोली मार दी।घटना की सूचना मिलते ही वह अन्य लोगो के साथ मौके से लड़के को उठाकर सरकारी अस्पताल ले गए,जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने रेफर कर दि या,अयोध्या मेडिकल कालेज में डॉक्टरों ने छात्र को मृत घोषित कर दिया।मृतक छात्र के पिता का कहना है कि मरने से पहले लड़के ने अपने साथ हुई घटना के बारे में अपने चाचा चंद्र प्रकाश सिंह को फोन से बताया था।मृत्यु पूर्व वीडियो रिकॉर्डिंग भी मौजूद है।सूचना पर पुलिस अफसरों ने मौके का जायजा लेकर जांच पड़ताल की है।तनाव को देखते हुए गांव में फोर्स तैनात कर दी गई है।

### मृतक परिवार के बीच पहुंचे भाजपा सांसद

वही इस घटना की सूचना मिलने पर कैसरगंज बी जेपी सांसद करण भूषण सिंह बृहस्पतिवार की सु बह तुलसीपुर माझा गांव पहुंचे और पीडित परिवा र से मुलाकात कर इस हत्याकांड पर शोक जताया सांसद ने परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाते हुए कहा कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होंगी।

# एसपी ने सुनीं जनता की फरियाद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक ने अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर लोगों की समस्या का निस्तारण किया और इसके साथ ही निर्देश दिया कि थाना प्रभारी थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्या को गंभीरता से लेकर उसका निस्तारण करें।बताते चलें कि जनसमस्याओं को सुनने के दौरान थाना स्तरीय विवाद बड़े पैमाने पर सामने आए लिहाजा एसपी ने सख्त तेवर अपनाए हैं।जन शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने को लेकर बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जयसवाल ने अपने कार्यालय में जनसुनवाई किया।सुबह करीब दस बजे से शुरू हुई जन सुनवाई लगभग एक बजे तक चली।जनपद के अनेक क्षेत्रों से आने वाले लोगों ने एसपी के सामने अपनी समस्याओं को रखा।पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थानों से आने वाले लोगों की समस्याओं को सुना।कुछ मामलों में संबंधित को आदेशित कर तत्काल कार्रवाई करने को कहा।थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।कहा कि थाने पर किसी भी फरियादी के आने पर उसकी बातों को सुना जाए और तत्काल प्रार्थना पत्र लेकर उसे पर उचित कार्रवाई हो।वही लोगों की समस्याओं का निस्तारण नहीं होने या कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित प्रभारी की जवाबदेही होगी।

# बारात से लौट रहे दो सगे भाईयों समेत पांच की सड़क हादसे में मौत, सात घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले के इटियाथोक थाना के गांवमध्य नगर के रहने वाले राम सेवक के बेटे बब्बी राज की बारा त श्रावस्ती जिले के भुलैया गांव गई थी।शादी समा रोह में शामिल होने के बाद अर्टिगा कार से बारह लोग देर रात इटियाथोक के लिए वापस आ रहे थे। की बलरामपुर-बहराइच राजमार्ग एनएच -730 पर चकवा गांव के पास पहुंचे ही थे। कि अचानक तेज गति से आ रहे ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। इस भीषण सड़क हादसे में कार के जहां परखच्चे उड़ गए।

वहीं हादसे में पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें जिन्हें इलाज के लिए बलरामपुर अस्पता ल में भर्ती कराया गया है।सभी लोग खतरे से बाहर हैं।उनका इलाज चल रहा है।मृतकों में दो सगे भाई भी शामिल हैं। तथा अर्टिगा कार का चालक इलाहा बाद का रहने वाला था। दुर्घटना में उसकी भी मौत हो गई है।

### सड़क हादसे में इनकी हुई मौत

इलाहाबाद के रहने वाले कार चालक अभय कुमार (26) पुत्र सूर्यबली आर्या,धानेपुर थाना क्षेत्र के फू ल बाबू (30) पुत्र मोहन लाल,जीवन (25) पुत्र वि नोद कुमार,आदित्य (08) पुत्र विनोद कुमार (दोनों सगे भाई हैं व धानेपुर के रहने वाले हैं) इटियाथोक थाना क्षेत्र के जुगराज पुर गांव निवासी विजय कु मार (45) पुत्र बच्चा लाल की मौत हो गई।ये लोग हुए घायल धानेपुर थाना क्षेत्र के विकास कुमार 12 पुत्र विनोद कुमार,इटियाथोक थाना क्षेत्र के गांव ब संतपुर निवासी सीताराम (60),मध्य नगर निवासी महक (04) पुत्री कौशल,धानेपुर निवासी गोपाल (08) पुत्र फूल बाबू,बसंतपुर निवासी राघवराम (55), मध्य नगर के किशोर कुमार (35) व धानेपुर निवासी विनोद कुमार (50) गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

### सड़क हादसे का सीएम योगी ने लिया संज्ञान

मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने बलरामपुर में हुए सड़क हादसे को संज्ञान में लेते हुए शोकःकुल परि वार के प्रति संवेदना व्यक्त की है मुख्यमंत्री ने अधि कारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए लाने के निर्देश दिए हैं तथा घायलों को समुचित उपचार की व्यवस्था क राई जाए।मुख्यमंत्री ने बारात से लौट रहे हुए सड़ क हादसे का संज्ञान लिया।

# गोण्डा में तेजी से बढ़ रहो अपराध के ग्राफ,पुलिस रोकने में नाकामयाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। जिले में अपराध का ग्राफ बढ़ता जा रहा हैं, लेकिन पुलिस उस पर लगाम लगाने की बजाय शांत बैठी है।पुलिस के इसी रवैये को देखकर अप राधी कही छात्र की हत्या कर दे रहे हैं।तो कही पर दिनदहाड़े राइफल के बल पर बीसी संचालक का अपहरण कर लिया जाता है,किसी को लूट रहे है। यही नहीं सामूहिक दुष्कर्म की वारदातों को अंजाम देने में आरोपित कामयाब हो जा रहे है।कही पऱ मं दबुद्धि के युवक को पीठ पीठ कर मार डाला जाता है।कहीं पर युवक को कर समझ कर रस्सी में बांध कर पीटा जाता है।चोर तो आए दिन किसी न कि सी मोहल्ले के मकान का ताला चटका रहे है।तो कही पर पुलिस चौकी के सामने दुकान में चोरी हो जाती है।हालत बहुत ही खराब हो गए है। गोण्डा जिले में अब तो कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे है। मारपीट की घटना तो आम बात है।जनपद में पह ले ही अपराध बढ़े थे,अब तो हद हो गई है।पिछले एक महीने पर गौर करें तो अपराधी खुलेआम अप राधों को अंजाम देने लगे है।इससे जिलेभर में दश हत फैल गई है।हर किसी के मन में यह डर बन ग या है कि कही सड़क पर निकलें तो कोई उनको लूट न ले।कही दिन दहाड़े उनकी हत्या न हो जाए। यह सोचकर हर कोई सहमा हुआ है।जिले की पु लिस केवल सेटिंग....गेटिंग में मस्त है।अपराध रो कने पर उसका कोई ध्यान नहीं है।

# कस्तूरबा विद्यालय में वॉशबेसिन गिरने से तीन छात्राएं घायल, हाथ धोते समय हादसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय जफरापुर में ए क दुर्घटना सामने आई है।देर रात दस बजे करीब खाना खाने के बाद तीन छात्राएं वॉशबेसिन पर हा थ धो रही थीं।टोटी से पानी बंद नहीं हो रहा था जि से बंद करने के प्रयास में वॉशबेसिन अचानक गिर गया। हादसे में कक्षा सात की छात्राएं शिवानी और कीर्ति मौर्य और कक्षा आठ की छात्रा मीनाक्षी मौ र्या चोटिल हो गईं।तीनों को तुरंत सामुदायिक स्वा स्थ्य केंद्र नवाबगंज ले जाया गया।

जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को अयोध्या के दर्शन नगर मे डिकल कॉलेज भेजा गया।शिवानी की स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफ र किया गया।कीर्ति और मीनाक्षी का इलाज अयो ध्या में जारी है।अधिकारियों ने किया दौरा घटना की जानकारी मिलने पर एसडीएम तरबगंज राजू मोहन सक्सेना और एडी बेसिक देवीपाटन मंडल ने स्कूल का दौरा किया।उन्होंने घायल छात्राओं के बेहतर इलाज के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवा री के अनुसार,छात्राएं टोटी बंद करने के लिए ऊपर चढ़ी थीं,तभी यह हादसा हुआ।

### घटना को छिपाने का आरोप : सूत्र

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय जफ रापुर विद्यालय प्रशासन पर घटना को छिपाने का आरोप भी लगा है।वहीं अब इस वॉशबेसिन के नि र्माण को लेकर के भी छात्राओं के अभिभावक स वाल उठा रहे हैं कि किस तरीके से निर्माण किया गया कि सीमेंट और ईट से बनी वॉशबेसिन कैसे पा नी बंद करते समय टूट कर गिर गया। इससे सवाल या उठना लाजमी है एट और सीमेंट से बनाई गईवॉशबेसिन में घटिया मटेरियल का उपयोग किया गया था।

# ट्रैफिक पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 981 वाहनों का किया चालान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक यातायात के नेतृत्व में यातायात व्यवस्था को सुचारु रुप से संचालित किये जाने एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु क्षेत्राधिकारी यातायात मय यातायात पुलिस टीम व प्रवर्तन दल द्वारा अतिक्रमण, नो पार्किंग में खड़े वाहनों, विधि विरुद्ध चल रहे वाहनों व बिना जोन स्टीकर लगाये चर रहे ई-रिक्शा के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाया गया । अभियान के दौरान बिना जोन स्टीकर लगाये चल रहे ई-रिक्शा बिना रजिस्ट्रेशन, बिना ड्राइविंग लाइसेंस व बिना परमिट के चल रहे ई-रिक्शा / ऑटो चालकों के शहर के अन्य चौराहो/तिराहों पर चेकिंग की गयी तथा नियम के विरुद्ध पाये जाने पर यातायात नियमों के तहत कार्यवाही की गयी । इसी क्रम में नौसड़ तिराहा से खजनी मोड़ तक अवैध अतिक्रमण ठेला, खोमचा तथा सड़क के किनारे नो पार्किंग में खड़े वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए अतिक्रमणों को हटवाया गया तथा नो पार्किंग में खड़े वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गयी । शहर क्षेत्र में चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 981 वाहनों का एम0वी0एक्ट की विभिन्न धाराओं में चालान किया गया ।

### एकीकृत बागवानी मिशन के अन्तर्गत किसान कर सकते है विभिन्न प्रकार की खेतीः उद्यान अधिकारी

बहराइच । जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि कृषकों को औद्यानिक विकास की योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु प्रदेश सरकार उद्यान विभाग में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के स्थान पर एकीकृत बागवानी मिशन(एमआईडीएच) का संचालन किया जायेगा। एकीकृत बागवानी मिशन के अन्तर्गत फल, शाकभाजी, पुष्प, मसाला क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम, मशरूम उत्पादन, औषधीय एवं सगन्ध पौध रोपण कार्यक्रम, एकीकृत कीट प्रबन्धन एवं जैविक खेती कार्यक्रम, फसल तुड़ाई उपरान्त प्रबन्धन कार्यक्रम, बागवानी में मशीनीकरण कार्यक्रम के साथ-साथ अन्य प्रोजेक्ट आधारित कार्यक्रम सम्मिलित किये गये हैं। पंजीकरण हेतु किसान भाई, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी, पासपोर्ट साइज फोटो एवं मोबाइल नम्बर की सहायता से उद्यान विभाग के पोर्टल डीबीटी डाट यूपीहर्टीकल्चर डाट काम पर पंजीकरण स्वयं, जनसेवा केन्द्र व कार्यालय से कर सकते है। कृषकों का चयन ''प्रथम आवक-प्रथम पावक'' वरीयता के आधार पर किया जायेगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रस्तावित कार्यक्रम में माह अप्रैल, 2025 से पंजीकरण प्रारम्भ है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालयावधि में योजना प्रभारी पंकज वर्मा, मो.न. 9455108000 अथवा कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

### उपजिलाधिकारियों के कार्यक्षेत्र में हुआ बदलाव

बहराइच । जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा शासकीय कार्यहित जनपद में कार्यरत उप जिलाधिकारियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार उप जिलाधिकारी महसी अखिलेश कुमार सिंह को तहसील कैसरगंज, उप जिलाधिकारी (न्यायिक) कैसरगंज प्रकाश सिंह को तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में उप जिलाधिरकारी के पद तैनात किया गया। ज्वाईन्ट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी कैसरगंज आलोक प्रसाद आईएएस को तहसील महसी में ज्वाईन्ट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी के पद पर तैनात किया गया है। जबकि तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) के उप जिलाधिकारी अश्वनी पाण्डेय को जिला मुख्यालय से सम्बद्ध किया गया है।

# डीएम ने दो कटाव निरोधक परियोजनाओं का किया निरीक्षण

## संचालित कार्यों को 05 जून तक पूर्ण करने के दिये निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । जिलाधिकारी मोनिका रानी ने तहसील नानपारा अन्तर्गत सरयू नदी के बायें तट पर स्थित ग्राम समूह-पतरहिया, बोटनपुरवा, बगियापुरवा एवं भगईदासपुरवा की सुरक्षा हेतु कटाव निरोधक कार्य की परियोजना के कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधि.अभि. सरयू ड्रेनेज खण्ड-प्रथम, बहराइच जे.पी. वर्मा ने बताया कि परियोजना की कुल लागत रू. 445 लाख तथा कार्य आरम्भ होने की तिथि 05 अप्रैल है। श्री वर्मा ने बताया कि परियोजना के अन्तर्गत ग्रामों के सामने 800.00 मी. लम्बाई में आर.बी.एम. भरे हुये जियो-बैग के द्वारा 02 लेयर में स्लोप पिचिंग एवं 985.00 मी. लम्बाई में 03 पंक्ति में परक्यूपाइन लगाकर उसके अन्दर कटाव निरोधक सामग्री भरने का कार्य प्रस्तावित है, जिसमें से 350.00 मी. कार्य पूर्ण हो चुका है।

निरीक्षण के दौरान डीएम मोनिका रानी द्वारा स्लोप पिचिंग की लम्बाई की जांच करायी गयी, जो कि सही पायी गयी। डीएम ने अधि.अभि. श्री वर्मा को निर्देश दिया कि प्रत्येक दशा में कार्य को 05 जून 2025 तक पूर्ण करा लिया जाय।इसके उपरान्त डीएम ने सरयू नदी के बायें तट पर स्थित ग्राम समूह- सरैया, महौली शेर खाँ, भौरहवा, तकिया, गुरहवा, मुन्नीपुरवा की सुरक्षा हेतु कटाव निरोधक कार्य की परियोजना के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। अधि.अभि. श्री वर्मा ने बताया कि परियोजना की कुल लागत रू. 417.30 लाख तथा कार्य आरम्भ होने की तिथि 05 अप्रैल है।

परियोजना के अन्तर्गत 910.00 मी. लम्बाई में आर.बी.एम. भरे हुये जियो-बैग से 02 लेयर में स्लोप पिचिंग एवं 03 पंक्ति में परक्यूपाइन लगाकर उसके अन्दर कटाव निरोधक सामग्री के भरने का कार्य प्रस्तावित है, जिसमें 490.00 मी. कार्य पूर्ण हो चुका है। लगभग 40 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।डीएम ने अधि.अभि. बाढ़ खण्ड श्री वर्मा को निर्देशित किया कि कराये जा रहे कटाव निरोधक कार्य को परक्यूपाइन लगाने सहित समस्त कार्य को 05 जून 2025 तक अवश्य पूर्ण करा लिया जाये। डीएम ने निर्देश दिया कि आवश्यकतानुसार कार्य स्थल पर मैनपावर व संसाधनों को बढ़ाकर प्रत्येक दशा में कटाव निरोधक कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करायें। उन्होंने यह कहा कि परियोजना अन्तर्गत कटाव को लेकर संवेदनशील स्थानों पर जियो ट्यूब के साथ निरोधक कार्य कराएं। डीएम ने बाढ़ खण्ड के अधिकारियों को निर्देश दिया कि समयसीमा को एक चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए निरन्तर पर्यवेक्षण कर कार्य पूर्ण करायें ताकि आमजन को कटान से सुरक्षा मिल सके।परियोजनाओं के निरीक्षण के दौरान डीएम ने सम्बन्धित ग्रामों के मौजूद ग्रामवासियों से गत बाढ़ के दौरान होने वाली क्षति के मुआवज़े के भुगतान, आवासीय व पेंशन योजनाओं, खाद्यान्न वितरण, स्वच्छ शौचालय, बच्चों की शिक्षा-दीक्षा तथा पंचायत भवन के माध्यम से मिलने वाली सेवाओं एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए मौके से ही जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि पंचायत सचिवालय नियमित रूप से खुले रहें तथा ग्राम पंचायत अधिकारी वहां पर बैठ कर ग्रामवासियों को अनुमन्य सेवाएं प्रदान करें। इस अवसर पर बाढ़ खण्ड के सहायक अभियन्ता विशाल व अवर अभि. आशुतोष शर्मा भी मौजूद रहे।

# परीक्षाफल की घोषणा पर मुख्य अतिथि के हाथों पुरस्कृत किए गए मेधावी बच्चे



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। नानपारा लखीमपुर आसाम रोड पर स्थित गायघाट कस्बे के अनमोल माण्टेसरी स्कूल में 21वां वार्षिकोत्सव, पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें मेधावी छात्र-छात्राओं एवं कार्यरत शिक्षकों और उनके माता-पिता को माला पहनाकर शील्ड, मेडल अंगवस्त्र, शिक्षक सम्मान-पत्र अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि रमेश गौतम के द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम में सरस्वती वंदना हुई तथा बच्चों के द्वारा दुआ पढ़ी गई वहीं गीत, गजल सुनाते हुए नाटक का बेहतर मंचन हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रमेश गौतम ने संबोधित करते हुए कहा छात्रों के सर्वांगीण विकास और छिपी हुई प्रतिभाओं का उजागर इस तरह के मंच से होता है।वार्षिकोत्सव एक महत्वपूर्ण आयोजन है। विद्यालय में पढ़ाई लिखाई के सामान्य क्रम से हटकर रचनात्मक, सांस्कृतिक गतिविधियों और उत्साह का माहौल बनता है। यह छात्रों के व्यक्तित्व विकास और सांस्कृतिक समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# रामायण अभिरुचि कार्यशाला का प्रदर्शनी के साथ हुआ समापन



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी । अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान संस्कृति विभाग अयोध्या द्वारा रामायण अभिरुचि कार्यशाला के तहत कम्पोजिट विद्यालय नेवढ़िया भादर में कार्यशाला के दसवे दिन बच्चों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियंका मौर्या व विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लाक प्रमुख प्रवीण सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार यादव उपस्थित रहे।बच्चों में सामाजिक, नैतिक व वैचारिक उन्नति के लिए इस तरह की कार्यशालाएं विगत दस दिवस से जनपद में आयोजित की जा रही है। कार्यशाला के अंतर्गत बच्चों द्वारा चित्रकला के माध्यम से पपेट, क्राफ्ट, नाटक, गायन, वादन व नृत्य आदि सभी विधाओं में बच्चों में प्रतिभाग किया।कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के निदेशक संतोष शर्मा व प्रमुख सचिव संस्कृति विभाग मुकेश कुमार मेश्राम द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।साथ ही जनपद स्तर पर समन्वयक, मुख्य प्रशिक्षक, सहायक प्रशिक्षक को भी प्रमुख सचिव व निदेशक द्वारा हस्ताक्षर युक्त प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन रोहित सिंह व रवि शंकर दुबे ने किया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से ललित त्रिपाठी विजय शंकर आनंद, प्रमोद तिवारी, राजीव रंजन,राजेंद्र कुमार,अंकित,किरन सिंह, रश्मि,श्रद्धा, शैलजा,मीना, ममता सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# जश्न जीत का होता है सीज का नहीं : अखिलेश यादव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



### अमेठी में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने वैवाहिक समारोह में शामिल होकर दी शुभकामनाएं

### इन्हौना चौराहे पर सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से किया स्वागत

अमेठी । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के अमेठी जनपद आगमन पर गुरुवार को सपा नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा फूल मालाओं से काफी गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया वह एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने जा रहे थे। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आगमन की सूचना मिलते ही समाजवादी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता लखनऊ वाराणसी राष्टीय राजमार्ग पर स्थित कस्बा इन्हौना में एकत्रित हो गये। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का काफिला इन्हौना चौराहे पर पहुंचते ही सपा नेता सत्यदेव यादव, राम प्रसाद यादव,विकास यादव, लालता यादव सहित अन्य तमाम कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया और अखिलेश यादव जिंदाबाद के नारे लगा कर क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उत्साहित कार्यकर्ताओं से हालचाल जाना और आभार जताया। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनके आगमन से हम सबको नई उर्जा प्रदान हुई है। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव चांदगढ़ निवासी वरिष्ठ सपा नेता जहूर अहमद और सपा के जिलाध्यक्ष राम उदित यादव के यहां आयोजित वैवाहिक समारोह में शामिल होकर शुभकामनाएं दी। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा की तिरंगा यात्रा पर तंज कसते हुये पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जश्न जीत का होता है सीज का नही। उन्होंने कहा कि भाजपा के चाल चरित्र और चलन का चेहरा पहले भी कई बार उजागर हो चुका है मध्य प्रदेश के एक मंत्री के द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी पर जो अमर्यादित टिप्पणी की गई है उसमें न्यायालय को मुकदमा दर्ज कराने के लिये कहना पड़ रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि अमेठी में भाजपा खुद गुमशुदा है तो वह एहसान फरामोश लोगों की कभी सगी नही होगी और देश की सीमाएं सुरक्षित की जाय शांति व्यवस्था और हमले रोकना सरकार का काम है।इस मौके पर काफी संख्या में नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अगर संतान संस्कारी हुई तो व्यक्ति को बुढ़ापे में रोना नही पड़ेगा : आचार्य शान्तनु जी महाराज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमेठी । विकास क्षेत्र जामो के लालपुर गांव में पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य विजय विक्रम सिंह के आवास पर चल रही श्रीमद भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि जिसके ऊपर भगवान की कृपा होती है उसके ऊपर सभी कृपा करते हैं। कथा व्यास ने महाराज अंग की कथा सुनाते हुये कहा कि इनका बेटा वेन हुआ जो बहुत दुराचारी था जिससे परेशान होकर अंग अपने ही राज्य में एक गुफा में जाकर छिप गये इसलिये व्यक्ति को उत्तम संस्कारी संतान का निर्माण करना चाहिये अन्यथा बुढ़ापे में ऐसे ही रोना पड़ता है। महाराज पृथु की कथा सुनाते हुये कहा कि महाराज पृथु बडे ही धर्मात्मा राजा हुये जिनके प्रताप के कारण ही इस धरा का नाम पृथ्वी पड़ा, महाराज पृथु नें यज्ञ किया फलस्वरूप भगवान से दस हजार कान मांग लिया क्योंकि दो कानों से भगवान की कथा सुनने से मन नही भरता। कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि जिन कानों से भगवान की कथा नही प्रवेश करती है वो कान सांप के बिल के समान है।सतत्कुमारों नें महाराज पृथु को उपदेश देते हुये कहा कि आत्म वस्तुओं से संग करो, महाराज पृथु तें दक्षिणा स्वरूप अपना सम्पूर्ण राज्म दान में दिया जिसे सनत्कुमारों नें स्वीकार करके पुनः महाराज पृथु को वापस दे दिया।प्राचीनवर्हि की कथा सुनाते हुये महाराज जी नें कहा कि पशु बलि किसी भी दृष्टि से ठीक नही है इसलिये सबको शाकाहारी रहना चाहिये।पुरंजनों पाख्यान सुनाते हुये महाराज जी नें कहा कि जीवात्मा और परमात्मा में क्या सम्बन्ध है इसका ज्ञान होना चाहिये। ऋषभदेव की कथा सुनाते हुये महाराज जी नें बताया की यहीं से जैन मत का प्रारम्भ हुआ।जड़भरत जी की कथा सुनाते हुये महाराज जी नें कहा कि आत्मा अजर अमर है इसे कोई नष्ट नहीं कर सकता है। इसके पश्चात शुकदेव जी नें नरको का वर्णन किया है जिससे बचने का उपाय केवल भगवान का नाम है इसके उदाहरण स्वरूप शुकदेव जी नें अजामिलोपाख्यान सुनाया है इसके बाद विश्वरूप की कथा सुनाई जिसे देवताओं का गुरु बनाया गया जिनका वध इन्द्र द्वारा कर दिया गया जिसके कारन इन्द्र को ब्रह्म हत्या का पाप लगा जिसे इन्द्र नें चार स्थानों पर बाँट दिया पहला ऊसर भूमि दूसरा स्त्रियों में रज के रूप में तीसरा जल में झाग के रूप में चौथा वृक्षों में गोंद के रूप में इसके पश्चात हिरण्यकशिपु की कथा सुनाई जिसका अन्त करने के लिये भगवान को नृसिंह भगवान के रूप में अवतार लेना। पड़ा इसी का पुत्र प्रह्लाद जी भगवान के परम भक्त हुये उनके पिता द्वारा विभिन्न प्रकार की यातना देनें के बाद भी भगवान के प्रति उनका विश्वास नहीं डिगा सका अन्त में भगवान स्वयं खम्भे में से प्रकट होकर हिरण्यकशिपु का अन्त किया। इसके पश्चात महाराज जी नें भगवान के हरि अवतार की कथा सुनाई है जिसका अर्थ यह है कि ये संसार बनें का साथी है इसके बाद महाराज जी ने समुद्र मंथन की कथा सुनाई है जब दैत्य अमृत लेकर भागने लगे तब भगवान ने मोहिनी अवतार लेकर सभी दैत्यों को मोहित कर लिया और सभी देवता अमृत पी गये। इस मौके पर गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, हरनाम सिंह, बबलू सिंह प्रधान, मनीष पाठक सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## प्लांट को लेकर हुए विवाद में हत्या के प्रयास सहित कई गंभीर धाराओं के कुछ आरोपी अभी भी फरार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के बीचों बीच स्थित प्लाट को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में हत्या के प्रयास सहित कई गंभीर धाराओं में दर्ज हुआ था। मुकदमा प्लाट को लेकर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। पुलिस ने सुभाष गुप्ता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। सुभाष गुप्ता पुत्र राम किशोर गुप्ता निवासी मोहल्ला चौक का एक प्लाट है।जिस पर वह अपने परिवार के साथ राधे-राधे कीर्तन करने के लिए प्लाट की साफ सफाई करा रहा था। समय लगभग 4.53 पर सचिन गुप्ता,संजीव गुप्ता,अनुज गुप्ता, कृष्णा गुप्ता व कंकल प्रदीप गुप्ता पुत्रगण हरिओम गुप्ता निवासीगण मो चौक पूरनपुर व मुकुल गुप्ता पुत्र छोटे लाल गुप्ता, राहुल गुप्ता पुत्र लाल बहादुर गुप्ता व दो तीन अज्ञात जो कि वीडियो में आ रहे है। उक्त सभी लोग हाथों में लाठी डण्डा,कांता सरिया व अन्य नुकीले धारदार हथियार लेकर उक्त सभी लोग प्लाट पर आ गये व प्रार्थी को गन्दी गन्दी गालियां देना शुरू हो गये जव पीड़ित ने गाली देने को मना किया तो सभी लोग सुभाष गुप्ता पर जान से मारने की नियत से हमला किया, जिससे सुभाष गुप्ता की आवाज सुनकर वचाने आये जयजय राम गुप्ता,कुशल गुप्ता,जतिन गुप्ता,मोनिषा गुप्ता, दिव्या गुप्ता उक्त सभी लोगों ने इन लोगों के ऊपर भी जान से मारने की नियत से हमला कर दिया सभी के सिर व शरीर में जगह जगह खुली चोटे आयी है। उक्त लोगों सामाजिक लज्जा भग करते हुए मोनिषा गुप्ता व दिव्या गुप्ता के उक्त लोगों ने कपड़े फाड़ दिए और वेरहमी से बेईज्जत किया तथा मारपीट की। उक्त लोगों ने ऐलानियां धमकी दी कि शिकायत की तो जान से मार देगें। वह मंगलवार देर शाम हजारीलाल पेट्रोल पंप पर खाने का सामान लेने गया था। उसी दौरान कुछ युवकों ने कुछ कहा जिस पर उसने आपत्ति की तो उन लोगों में से एक युवक राजू ने धारदार हथियार से उस पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की माँग की पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 191(2),190,191(3),352,115(2),109,76,351(3),के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था।लेकिन अभी भी कई आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं।

## झटका मशीन के करंट लगने से किसान की मौत



सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। झटका मशीन से करंट लगने पर बुजुर्ग की मौत,गांव में मचा हड़कंप।बल्दीराय थाना क्षेत्र के सिंघनी गांव से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। गांव निवासी (58) वर्षीय हरिराम उर्फ सैलहा की खेत में लगी झटका मशीन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार,हरिराम सुबह बकरी चराने निकले थे। इसी दौरान वह पास के खेत में पहुंचे,जहां अवधेश प्रताप सिंह ने अपने खेत की सुरक्षा के लिए बिजली से चलने वाली झटका मशीन लगा रखी थी। मशीन में तेज करंट दौड़ रहा था,जिसकी चपेट में आकर हरिराम की मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना पर डायल 112 और स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया में जुट गई है। इस हादसे के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई है,वहीं मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने कोतवाली प्रभारी नरेश त्यागी से की मुलकात

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल पूरनपुर के पदाधिकारी सोनू ढाबे वाले के साथ जो होटल पर मारपीट की घटना की गई उसके विरोध में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल पुरनपुर के पदाधिकारी गण कोतवाली पूरनपुर पहुंचे पूरनपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेश त्यागी से इस घटना का विरोध दर्ज कराया व व्यापारी भाई के साथ हुई मारपीट की घटना के लिए मेडिकल कर करके मुकदमा दर्ज करने का प्रार्थना पत्र दिया कोतवाल पूरनपुर ने स्वीकृति देते हुए मुकदमा लिखा जाने का आदेश दिया है।अभी लगभग 20 दिन पहले हुए हमारे व्यापारी साथी सुभाष के साथ हुई घटना के बारे में भी हमारे तेज तर्रार नगर अध्यक्ष प्रदीप ने पुलिस के सामने बड़े जोर शोर से मुद्दा उठाया कि अभी तक आरोपी पकड़े नहीं गए हैं।पुलिस से इस संबंध में भी बात की ।पुलिस द्वारा आश्वाशन दिया गया कि जल्द ही आरोपी गिरफ्तार किए जएंगे उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल पूरनपुर के नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला, परवेज खान, रवि जायसवाल,युवा अध्यक्ष नितिन वर्मा, आसिफ अंसारी, मोहम्मद हसन, जफर अली, आशीष गुप्ता ,आसिफ खान, बृजेश शुक्ला कुलदीप, सुनील मिश्रा, संजय गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे है।

# ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने ग्राम प्रधानों के साथ की ब्लॉक स्तर की समस्याओं पर चर्चा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**





पूरनपुर। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक कृषि विभाग के सभागार में संपन्न हुई।जिसमें विकासखंड पूरनपुर की विभिन्न ग्राम पंचायतो से ग्राम प्रधानों ने प्रतिभाग किया है। बैठक में बारी-बारी से ग्राम प्रधानों ने अपनी-अपनी समस्याओं को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह के समक्ष रखा। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने सभी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और उन समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने कहा की आपसी समन्वय बनाकर एक दूसरे का सहयोग करके हर समस्या का समाधान किया जा सकता है। ब्लॉक से संबंधित आ रही समस्याओं के बारे में भी ग्राम प्रधानों ने प्रस्तुत किया जिसको ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने जिला अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, खंड विकास अधिकारी से मिलकर ग्राम प्रधानों की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा बैठक में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान नरेश पाल सिंह, महेश यादव, विवेकानंद सरकार, रामजीवन सरकार,अजय वैध,अनीस खान उर्फ गुड्डू,ओमपाल, राकेश शर्मा,सतीश गिरी, टीकाराम, अर्जुन मंडल, गुरजीत सिंह,गुरदयाल सिंह, जाने आलम,नईम अली, फैयाज अहमद, राजाराम वर्मा, रामप्रताप, रामनिवास, शिवकुमार, रामकुमार, निर्मल सिंह, दिनेश कुमार, नबीर खान सहित सैकड़ों ग्राम प्रधान मौजूद रहे है।

# भाजपा ने शहीद सुखदेव की 118 जयंती श्रद्धा और सम्मानपूर्वक मनाई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुलतानपुर। भारतीय जनता पार्टी ने महान स्वाधीनता संग्राम सेनानी, अद्वितीय क्रांतिकारी, अमर बलिदानी भगत सिंह और राजगुरु के साथ हंसते-हंसते फंासी के फंदे पर लटकाने वाले अमर शहीद सुखदेव थापर की 118 जयंती गुरुवार को श्रद्धा और सम्मानपूर्वक बनाई।जिला पंचायत परिसर स्थित शहीद सुखदेव थापर की प्रतिमा पर भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा की अगुवाई व नगर अध्यक्ष रीना जायसवाल के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में भाजपाइयों ने माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा ने कहा भारत के महान सपूत सुखदेव ने मात्र 24 वर्ष की आयु में मातृभूमि हेतु अपना सर्वोच्च बलिदान देकर देशवासियों को जो संदेश दिया उसके लिए देश सदियों तक उनको याद करता रहेगा और युवाओं में राष्ट्रसेवा की चेतना को सदैव दीप्तिमान रखेगा। इस मौके डॉ प्रीति प्रकाश, कुंवर बहादुर सिंह, पार्टी के मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी, संदीप सिंह, आशीष सिंह रानू, इन्द्रदेव मिश्रा, सभासद अरविन्द यादव, दिनेश चौरसिया, संदीप गुप्ता, प्रदीप मिश्रा, अनुज श्रीवास्तव, हिमांशु गुप्ता, रचना अग्रवाल, शिवराम सोनकर, सौरभ पाण्डेय, मोहित साहू, राहुल भान मिश्रा, वीरेन्द्र गुप्ता, लालेन्द्र प्रताप सिंह , राम अवध जायसवाल, रामदेव अग्रहरि, रेनू सिंह, मुन्ना सिंह, अंकित अग्रहरि, अजय विक्रम सिंह, वीरेन्द्र भार्गव आदि मौजूद रहे।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने रात्रि में पैदल भ्रमण कर महिलाओं की सुरक्षा का लिया जायजा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



### सड़क सुरक्षा नियमों को लेकर लोगों को किया जागरूक, हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने के लिये किया प्रेरित

अमेठी । राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या ने बुधवार की देर रात अमेठी कस्बे में रात्रि भ्रमण कर महिला सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अम्बेडकर चौराहा से लेकर सागर तिराहा तक पैदल भ्रमण किया और राह में मिलने वाली महिलाओं व बालिकाओं से सीधे संवाद स्थापित किया। रात्रि भ्रमण का उद्देश्य प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा के लिये किये जा रहे प्रयासों की जमीनी हकीकत को समझना और आम महिलाओं की राय जानना तथा लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देना था। डॉ. मौर्या ने महिलाओं से सीधे बात कर यह जाना कि क्या वे रात के समय घर से बाहर निकलने में सुरक्षित महसूस करती हैं या नही ? बातचीत के दौरान महिलाओं और बालिकाओं ने यह बताया कि सरकार द्वारा जो सुरक्षा उपाय किये गये हैं उनसे उन्हें काफी राहत मिली है। अब वे रात में भी निःसंकोच कहीं आने जाने में समर्थ हैं। महिलाओं ने बताया कि पुलिस की नियमित गश्त, एंटी रोमियो स्क्वॉड की सक्रियता, महिला हेल्पलाइन नंबरों की उपलब्धता और जागरूकता अभियानों के चलते अब उन्हें डर का अनुभव नही होता। खासकर कामकाजी महिलाओं और छात्राओं के लिये यह बहुत बड़ा बदलाव है।उन्होंने यह भी कहा कि अब परिवार के पुरुष सदस्य भी उन्हें अकेले बाहर भेजने में सहज महसूस करते हैं। डॉ. प्रियंका मौर्या ने महिलाओं की प्रतिक्रिया को काफी सकारात्मक बताया और कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह गंभीर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण और सम्मान को लेकर कई ठोस कदम उठाए गए हैं, जिनके परिणाम अब धरातल पर नजर आ रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे महिला सुरक्षा को लेकर सतत निगरानी बनाए रखें तथा समय-समय पर जनता से संवाद स्थापित करते रहें।उन्होंने लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया तथा नियमों का पालन करने की अपील की साथ ही लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने के लिये भी प्रेरित किया।

# बीएसए ने कई परिषदीय विद्यालयों का किया निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पीलीभीत।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने विकास खंड क्षेत्र मरौरी के अंतर्गत स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय सैजना,प्राथमिक विद्यालय सैजना,प्राथमिक विद्यालय मरौरी,प्राथमिक विद्यालय खाईखेड़ा,कंपोजिट विद्यालय कल्यानपुर,उच्च प्राथमिक विद्यालय संतोषपुरा, प्राथमिक विद्यालय संतोषपुरा का औचक निरीक्षण किया गया।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने विद्यालयों में छात्रों की शिक्षा गुणवत्ता को परखा गया तथा सभी निरीक्षित विद्यालयों में शिक्षा गुणवत्ता सुधार के कड़े निर्देश प्रदान किए हैं ।साथ ही प्रधानाध्यापक के साथ-साथ समस्त कार्यरत्त स्टाफ को निर्देशित किया गया कि छात्र उपस्थिति बढ़ाने हेतु प्रतिदिन विद्यालय समय से पहले विद्यालय समय के बाद ग्राम भ्रमण अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करें। समस्त विद्यालयो के प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया हैं। कि कंपोजिट ग्रांट के साथ-साथ अन्य विद्यालय मद में प्राप्त ग्रांटों का नियमानुसार उपभोग कर मदवार अभिलेखीकरण अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करें। आगामी 20 मई को विद्यालय बंद होने से पूर्व समर कैंप की तैयारी कर ली जाए एवं विद्यालय में महत्वपूर्ण सामान को सुरक्षित स्थान पर रखना सुनिश्चित करें। साथ ही जिन विद्यालयों में ड्रॉपबॉक्स के अंतर्गत बच्चे प्रदर्शित हो रहे हैं।उनको तत्काल ही फॉरवर्ड करना सुनिश्चित करें। तथा गर्मी के मौसम को देखते हुए हीट वेव के बारे में प्रतिदिन छात्रों को जानकारी दी जाए कि गर्मी से बचने के लिए क्या करे क्या न करे।

# आदमपुर का संदेश

सोमवार को राष्ट्र को संबोधित करने के बाद मंगलवार की सुबह अचानक पंजाब स्थित आदमपुर एयरबेस की यात्रा करके प्रधानमंत्री ने सबको चौंकाया। प्रतीकों के जरिये संदेश देने की कला में माहिर प्रधानमंत्री की इस यात्रा को लेकर कयास लगाए जा रहे थे। निस्संदेह, इस यात्रा के गहरे निहितार्थ थे। पहले तो 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तानी हमले के सामने अभेद्य दीवार बनकर खड़े रहे इस एयरबेस के वायु सैनिकों का मनोबल बढ़ाना था, तो दूसरी ओर अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी के सामने पाक को बेनकाब करना था। दरअसल, पाक ने दावा किया था कि उसने आदमपुर एयरबेस पर हमले करके 'सुदर्शन चक्र' यानी एस-400 को तबाह कर दिया है। प्रधानमंत्री ने इस एयरबेस में वायु सेना के कर्मियों से बातचीत की और शानदार काम के लिये उनकी पीठ थपथपायी। निश्चय ही प्रधानमंत्री का वायु सैनिकों के बीच जाकर उनका उत्साहवर्धन करना प्रेरक पहल है। निस्संदेह, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना की भूमिका निर्णायक रही। आतंकी ठिकानों और सैन्य हवाई अड्डों पर सटीक हमले इस ऑपरेशन के कामयाब लक्ष्य रहे। सबसे महत्वपूर्ण इस दौरान भारत की बहुस्तरीय वायु रक्षा प्रणाली की प्रभावशीलता रही। जिसने भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों और नागरिक क्षेत्रों पर हमले की पाकिस्तान की तमाम कोशिशों को विफल बना दिया । उल्लेखनीय है कि सोमवार को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तानी ड्रोनों और मिसाइलों को तिनके की तरह मार गिराने के लिये देश के वायु रक्षा कवच की मुक्तकंठ से प्रशंसा की थी। ठीक अगले ही दिन, उन्होंने आदमपुर एयरबेस की यात्रा की और वायु सैनिकों का मनोबल बढ़ाया। निश्चित रूप से यह हमारे वायु योद्धाओं और सशस्त्र बलों की बहादुरी को देश का हृदय से सलाम ही था। साथ ही प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान के दुष्प्रचार की जड़ पर प्रहार किया। दरअसल पड़ोसी पाक दावा करता रहा है कि उसकी मिसाइलों ने आदमपुर में भारतीय वायु रक्षा प्रणाली एस-400 को ध्वस्त कर दिया है। उल्लेखनीय है कि जब प्रधानमंत्री वायु सैनिकों को संबोधित कर रहे थे तो पृष्ठभूमि में स्पष्ट रूप से सही-सलामत 'सुदर्शन चक्र' दिखायी दे रहा था। अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी को सच बताने के लिये ये काफी था। एयरबेस में वायु सेना कर्मियों व अधिकारियों में खासा उत्साह दिखायी दिया। जो पाक को स्पष्ट संदेश दे गया कि वायु सेना के पास जश्न मनाने की वजह मौजूद है। निश्चित रूप से पाकिस्तान के मुकाबले भारत की वायु शक्ति की श्रेष्ठता पर कभी संदेह नहीं रहा। लेकिन यह 'ऑपरेशन सिंदूर' ही था, जिसने नये युग के युद्ध में भारतीय वायुसेना की दक्षता सिद्ध की। देश की वायु सेना युद्ध शक्ति, आक्रमण, रक्षा क्षमता,आधुनिकीकरण और रसद आपूर्ति के मामले में दुनिया में सर्वश्रेष्ठ वायुसेनाओं में से एक है। वैश्विक स्तर पर,यह चीन,इस्राइल और फ्रांस की वायु सेनाओं से भी बेहतर है। यही वजह है कि भारतीय वायुसेना को उपमहाद्वीप में स्पष्ट व निर्णायक बढ़त प्राप्त है। जिसके चलते पाकिस्तान को किसी दुस्साहस करने से रोका जा सका है। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता इस बात की गवाह है कि अचूक मिग-29 फाइटर जेट्स और 'सुदर्शन चक्र' एस-400 की ताकत ने पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। साथ ही नागरिक क्षेत्रों पर सैकड़ों ड्रोन हमलों को विफल बना दिया। उल्लेखनीय है कि आदमपुर एयरबेस मिग-29 फाइटर जेट्स का गढ़ माना जाता है। केवल 'ऑपरेशन सिंदूर' ही नहीं, वर्ष 1971 के इस एयर बेस ने पाक के खिलाफ निर्णायक भूमिका निभायी थी। इस बार उन्नत मिग-29 ने लाहौर और कराची में पाक के एयर डिफेंस सिस्टम को ध्वस्त करके पाक सेना का मनोबल तोड़ दिया। दरअसल, वेस्टर्न कमांड के तहत भारत की वायुसेना के इंटिग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम ने भारत की वायु प्रतिरक्षा प्रणाली को अभेद्य बना दिया। जो पश्चिमी हवाई सीमा के लिये कवच साबित हुई। बहरहाल, आदमपुर में प्रधानमंत्री के दौरे ने पाक को साफ चेतावनी दे दी है कि भारत का आसमान कुशल वायुसेना के योद्धाओं के चलते अभेद्य है। हम हर चुनौती के मुकाबले के लिये तैयार हैं। साथ ही यह भी बताया कि हम न केवल अपनी रक्षा करने में सक्षम हैं बल्कि दुश्मन को उसके घर में भी शिकस्त दे सकते हैं।

# दुनिया को समझना होगा भारत का 'न्यू नॉर्मल'

**भारत ने लड़ाई के मोर्चे पर ही नहीं, बल्कि सिंधु जल संधि को स्थगित करने जैसा ऐतिहासिक और साहसी कदम भी उठाया। 1965, 1971 और 1999 कारगिल युद्ध और तमाम छोटी–बड़ी आतंकी घटनाओं में पाकिस्तान की स्पष्ट भूमिका के उपरांत सिंधु जल संधि स्थगित करने का साहस भारत दिखा नहीं पाया। बालाकोट और उसी स्ट्राइक, जम्मू कश्मीर में धारा 370 को खत्म करने जैसे बड़े कदम उठाने के बाद भी पाकिस्तान भारत को हल्के में लेता रहा। वास्तव में त्रुटि पाकिस्तान की नहीं, हमारी ही रही। हमारे देश के भीतर एक ऐसी मंडली हैं, जिनके हृदय में भारत से अधिक पाकिस्तान के लिये प्रेम, पक्षपात और दयाभावना उछाल मारती है। यही मंडली हर आतंकी घटना के बाद भारत पाकिस्तान के विरुद्ध कड़े कदम उठाने का प्रंपच और स्वांग रचती है। प्रोपेगेंडा करने और नैरेटिव गढ़ने में इस मंडली को महारत प्राप्त है।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुद्ध पूर्णिमा पर राष्ट्र के नाम अपने 22 मिनट के संबोधन में पाकिस्तान को स्पष्टतः चेताया कि अगर हमारे भारत की ओर आंख उठाकर भी देखा तो वो हश्र होगा कि दुनिया याद करेगी। राष्ट्र के नाम संदेश के अगले दिन प्रधानमंत्री ने आदमपुर एयर बेस पहुंचकर जवानों का उत्साह और मनोबल बढ़ाया। आदमपुर में प्रधानमंत्री के साथ समवेत स्वर में जब जवानों ने भारत माता की जय का उद्घोष किया तो उस निनाद की गूंज और प्रतिध्वनि पाकिस्तान ही नहीं अखिल विश्व ने स्पष्ट तौर पर सुनी। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में जितनी स्पष्टवादिता, दृढ़ता और विश्वास के साथ सधे और नपे–तुले शब्दों में अपनी बात विश्व के समक्ष रखी है, ऐसा साहस उनका कोई पूर्ववर्ती दिखा नही सका। पाकिस्तान के साथ अब तक हुए चार युद्ध, बालाकोट और उरी स्ट्राइक में उसे इतने गहरे घाव नहीं लगे, जितने ऑपरेशन सिंदूर ने उसे दिये। अपने स्वभाव से विवश पाकिस्तान पहलगाम आतंकी घटना के बाद इसी सोच के साथ रहा होगा, भारत प्रत्युत्तर में अधिक से अधिक एयर स्ट्राइक या उरी जैसा आक्रमण करेगा। लेकिन उसके अनुमान और विचार धरे के धरे रह गए। और भारत ने जो विध्वंस आपरेशन सिंदूर के माध्यम से मचाया, उसकी कल्पना भी आतंकियों और उनके जन्मदाताओं एवं शरणदाताओं की कल्पना से भी परे थी। भारत ने लड़ाई के मोर्चे पर ही नहीं, बल्कि सिंधु जल संधि को स्थगित करने जैसा ऐतिहासिक और साहसी कदम भी उठाया। 1965, 1971 और 1999 कारगिल युद्ध और तमाम छोटी–बड़ी आतंकी घटनाओं में पाकिस्तान की स्पष्ट भूमिका के उपरांत सिंधु जल संधि स्थगित करने का साहस भारत दिखा नहीं पाया। बालाकोट और उसी स्ट्राइक, जम्मू कश्मीर में धारा 370 को खत्म करने जैसे बड़े कदम उठाने के बाद भी पाकिस्तान भारत को हल्के में लेता रहा। वास्तव में त्रुटि पाकिस्तान की नहीं, हमारी ही रही। हमारे देश के भीतर एक ऐसी मंडली हैं, जिनके हृदय में भारत से अधिक पाकिस्तान के लिये प्रेम, पक्षपात और दयाभावना उछाल मारती है। यही मंडली हर आतंकी घटना के बाद भारत पाकिस्तान के विरुद्ध कड़े कदम उठाने का प्रंपच और स्वांग रचती है। प्रोपेगेंडा करने और नैरेटिव गढ़ने में इस मंडली को महारत प्राप्त है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी ये मंडली सक्रिय हो गई थी। वो अलग बात है कि इस बार यह अपना एजेंडा चलाने में सफल नहीं हुई। वहीं पाकिस्तान को सख्त सबक सिखाने की बजाय जुबानी जमा खर्च ज्यादा करने की जो परंपरा नेहरू-इंदिरा के शासन में फली फूली, 2014 में मोदी सरकार के गठन से पूर्व तक भारत उसी नीति का सिर झुकाकर अनुसरण करता रहा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भी पाकिस्तान को प्रत्युत्तर में एयर स्ट्राइक से अधिक की उम्मीद नहीं थी। उसे लग रहा था भारत की सत्ता संभालने वालों में बड़े, प्रभावशाली और कठोर निर्णय लेने का राजनीतिक साहस नहीं है। लेकिन पाकिस्तान पता नहीं यह कैसे भूल गया कि प्रधानमंत्री मोदी खतरे उठाने और साहसी निर्णय लेने के लिए जाने जाते हैं। उनकी प्रसिद्धि, साख और लोकप्रियता की यूएसपी जोखिम उठाना ही तो है। प्रधानमंत्री की दृढ़ राजनीतिक इच्छा शक्ति का समर्थन पाकर हमारे वीर जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने पाकिस्तान को उदाहरण के साथ अच्छे से समझा दिया है कि अब खेल बदल चुका है। खेल के खिलाड़ी बदल चुके हैं। भारत की सत्ता जिनके हाथों में हैं, उनका नारा नेशन फर्स्ट का है। ऑपरेशन सिंदूर के रूप में भारत ने ना केवल आतंक के पोषक और जनक पाकिस्तान को करारा उत्तर दिया, बल्कि एक नया सैन्य और रणनीतिक सिद्धांत स्थापित कर दिया। 7 से 10 मई के बीच चार दिनों तक चले इस सीमित, लेकिन तीव्र सैन्य अभियान ने न केवल पाकिस्तान को सैन्य रूप से झकझोर कर रख दिया, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की साख, क्षमता और इच्छाशक्ति का ऐसा प्रदर्शन किया जो दशकों में पहली बार देखा गया। ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने यह स्पष्ट कर दिया कि आतंक के विरुद्ध अब वह चुप नहीं बैठेगा, घर के भीतर घुसकर मारेगा। पहलगाम घटना के बाद भारत ने बातें नहीं की, डोजियर सौंपने की तैयार नहीं की, सीधे घर में घुसकर मारा, सीधे एक्शन लिया। पाकिस्तान के अंदर घुसकर 15 से अधिक आतंकियों और सेना से जुड़े ठिकानों को नष्ट कर दिया। भारत ने केवल आतंकी ठिकानों पर नहीं, उनके ड्रोन कंट्रोल सेंटर और एयरबेस तक को निशाना बनाया। ये दिखाने के लिए कि अगर आवश्यकता पड़ी, तो भारत सीधे उनके सीने तक पहुंच सकता है। ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य बहुत स्पष्ट था- आतंक का ढांचा तोड़ना, अपनी सैन्य ताकत दिखाना, शत्रु को पुनः सोचने के लिए विवश करना और विश्व को यह बताना कि यह परिवर्तित भारत है। और यह परिवर्तित भारत अब नई सुरक्षा नीति पर चल रहा है। यह बदला हुआ भारत है, भारत के इस बदले हुए मिजाज और कड़े निर्णय लेने के साहस को पाकिस्तान समझने से चूक गया। जिसका परिणाम संपूर्ण विश्व के समक्ष है। भारत ने घर में घुसकर जब चाहा, जहां चाहा, वहां हमला किया। आतंकी खत्म किए, आतंक के ठिकाने ध्वस्त किए और पाकिस्तान के सैन्य हमलों को अपाहिज और पंगु बना डाला। भारतीय सेना और हमारे डिफेंस सिस्टम की श्रेष्ठता और सटीकता ने पाकिस्तान ही नहीं उसके सहयोगियों और हितैषी अमेरिका, चीन और तुर्की के जेट फाइटर, ड्रोन्स, एयर डिफेंस सिस्टम और आयुध की निम्न गुणवत्ता को अनावृत कर डाला। पाकिस्तान में फलने फूलने वाले आतंकियों को कड़ी सीख देने के लिए अच्छी तरह चिंतन-मंथन के बाद ऑपरेशन सिंदूर संचालित हुआ। इसे स्वैच्छिक युद्ध में परिवर्तित नहीं होने दिया गया, लेकिन आतंक को कठोर उत्तर भी दे दिया गया। भारत ने ये दिखा दिया कि अब युद्ध का अर्थ केवल बम-विस्फोट और सीमा लांघना नहीं होता। अब लड़ाई सोच-समझकर, सीमित परिधि में और स्पष्ट उद्देश्य के साथ लड़ी जाती है। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम ने विश्व समुदाय को स्पष्ट तौर पर बता दिया गया कि अब हम किसी और के आश्रित नहीं है। ना अमेरिका की ओर देखा, ना रूस से पूछा और ना ही संयुक्त राष्ट्र से कोई सहायता मांगी। जो करना था, स्वयं उसकी कार्ययोजना बनाई और स्वयं ही उसे धरती पर उतारा। ये वही भारत है जो कभी हमलों के बाद बयान देता था और अंतरराष्ट्रीय सहायता की प्रतीक्षा करता था। लेकिन इस बार भारत ने ये दिखा दिया कि अब हम अपने निर्णय स्वयं लेते हैं और अपनी लड़ाई स्वयं अपने सामर्थ्य से लड़ते हैं। यह भारत की रणनीतिक आत्मनिर्भरता का स्पष्ट संकेत है, यानी अब हम दूसरों की सहमति या सहायता पर नहीं, अपनी सोच, शक्ति, सामर्थ्य और साधनों पर विश्वास करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य ना राष्ट्र पर आधिपत्य की कामना थी, ना किसी सरकार गिराने या परिवर्तन की। एकमात्र बात विश्व को बतानी थी कि यदि भारत पर आक्रमण हुआ, तो उत्तर अवश्य मिलेगा और ऐसा मिलेगा कि पुनः सोचने पर विवश कर देगा। अब भारत की लड़ाई का ढंग परिवर्तित हो गया है। यह केवल अस्त्र-शस्त्र नहीं दिखाता, यह बताता है कि कब, कहां और कैसे उनका प्रयोग करना है। यह एक नया भारत है- जो केवल निनाद नहीं उठाता, अब प्रभाव और धमक भी दिखाता है। अब भारत प्रतिक्रिया में नहीं चलता, कर्मण्यता पर विश्वास करता है और नई दिशा तय करता है। यह परिवर्तन केवल एक रणनीति नहीं है, ये मानसिकता का परिवर्तन है। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने आदमपुर एयर बेस में कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर' भारत का 'न्यू नॉर्मल' है। यही मानसिक परिवर्तन भारत का 'न्यू नॉर्मल' है। और इस 'न्यू नॉर्मल' को अखिल विश्व जितनी जल्दी समझेगा, वो उसके और शेष दुनिया के लिए हितकारी, सुखप्रद और शांतिप्रद होगा। **–डॉ. आशीष वशिष्ठ**



# घबराने की नहीं, सावधान रहने की जरूरत

(राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर विशेष)

**श्वेता गोयल**

डेंगू एक ऐसी गंभीर बीमारी है, जिसके चलते हर साल काफी संख्या में लोगों की मौत हो जाती है। हर साल देश के विभिन्न राज्यों के अनेक इलाके डेंगू और वायरल बुखार के कोप से त्राहि-त्राहि करते नजर आते हैं और हम इस बेबसी पर केवल आंसू ही बहाते रह जाते हैं। इसीलिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष लोगों में डेंगू को लेकर जागरुकता पैदा करने के उद्देश्य से 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। डेंगू के लगातार सामने आते मामलों को देखते हुए डेंगू से बचाव को लेकर अत्यधिक सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि अभी तक इसकी कोई वेक्सीन नहीं बनी है। इसलिए डेंगू से बचाव के उपाय ही सबसे अहम हैं। मानसून के साथ डेंगू और चिकनगुनिया फैलाने वाले मच्छरों के पनपने का मौसम शुरू होता है। डेंगू की बीमारी कितनी भयावह हो सकती है, इसका अनुमान इसी लगाया जा सकता है कि समय पर उपचार नहीं मिलने के कारण डेंगू पीड़ित की मौत भी हो जाती है। पिछले साल देश के विभिन्न राज्यों और विशेषकर उत्तर प्रदेश में डेंगू से पीड़ित हुए कई मरीजों की मौत के आंकड़े इसकी पुष्टि भी करते हैं। वैसे देश में डेंगू का जो प्रकोप देखा जाता रहा है, वह कोई नई बात नहीं है। बल्कि प्रतिवर्ष मानूसन के दौरान और उसकी विदाई के बीच डेंगू और मच्छर जनित बीमारियों का बोलबाला बहुत ही सामान्य सी बात है। इसके बावजूद हर साल की वही कहानी और डेंगू के कारण होती सैंकड़ों मौतों के आंकड़े शासन-प्रशासन से लेकर सामुदायिक स्तर पर होती लापरवाही को ही स्पष्ट परिलक्षित करते रहे हैं। चिंता की बात यह है कि अब डेंगू के मामले केवल मौसम विशेष तक ही सीमित नहीं रहे बल्कि सालभर सामने आते रहते हैं। तमाम दूसरी बीमारियों की ही तरह डेंगू से बचाव का भी सबसे आसान और कारगर उपाय यही है कि उसकी चपेट में ही न आया जाए और इसके लिए अपेक्षित सावधानियां बरती जाएं। चूंकि डेंगू मच्छरों के कारण फैलता है और मच्छर प्रायः गंदगी और ठहरे हुए पानी में पनपते हैं, इसलिए सबसे जरूरी तो यही है कि डेंगू से बचने के लिए अपने आसपास स्वच्छता का पर्याप्त ध्यान रखा जाए। फिर भी यदि कोई व्यक्ति इस बीमारी की जद में आ जाए तो उसे बिना देर किए अपना उपचार शुरू कर देना चाहिए। यदि समय से सही इलाज नहीं मिले तो डेंगू अमूमन चार-पांच दिनों में ही गंभीर रूप धारण कर लेता है। हालांकि कई बार कुछ मरीजों को बुखार आना बंद हो जाता है और ऐसी स्थिति में यही लगता है कि मरीज डेंगू से उबर गया। ऐसे अधिकांश मामलों में लापरवाही मरीज की जान पर भारी पड़ जाती है। किसी भी व्यक्ति में डेंगू के शुरुआती लक्षण उभरने के बाद ऐसी विकट परिस्थितियों से सामना न हो, उसके लिए जरूरी है कि लोगों को डेंगू से बचाव के लिए जागरूक करने पर विशेष जोर दिया जाए। दरअसल जानलेवा डेंगू से बचने के लिए सावधानी और सतर्कता बेहद जरूरी है। डेंगू हो या मच्छर जनित अन्य बीमारियां, उनसे बचने के लिए अपने आसपास के स्थान की समुचित साफ-सफाई करने को अपनी आदतों का हिस्सा बना लेना अत्यंत आवश्यक है। अमूमन देखा जाता है कि लोग अपने घरों की साफ-सफाई तो कर लेते हैं किन्तु आस-पड़ोस की उन्हें कोई फिक्र नहीं होती। इस स्तर पर बरती जाने वाली लापरवाही प्रायः बहुत भारी पड़ती है। यदि किसी व्यक्ति को डेंगू हो भी जाए तो सबसे जरूरी है उसकी डाइट पर विशेष ध्यान दिया जाए और उसके इम्यून सिस्टम को सही रखने का भी प्रयास किया जाए। डेंगू के मरीज को संतुलित और पौष्टिक आहार ही दिया जाना चाहिए। डेंगू के उपचार में बहुत से लोग घरेलू नुस्खों का भी सहारा लेते हैं और इन नुस्खों में तुलसी का उपयोग बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसके अलावा डेंगू हो जाने पर घरेलू नुस्खों में नारियल पानी एक अच्छा विकल्प है, जिसे शरीर में रक्त कोशिकाओं की कमी को पूरा करने में मददगार माना जाता है। दरअसल नारियल पानी में काफी मात्रा में इलेक्ट्रोलाइट्स के अलावा बहुत सारे खनिज पदार्थ भी होते हैं। डेंगू के उपचार में विटामिन सी से भरपूर वस्तुओं का उपयोग भी बहुत लाभकारी माना गया है, जो शरीर के रोग प्रतिरोधी तंत्र को मजबूत बनाए रखती हैं। इसलिए डेंगू हो जाने पर विटामिन सी से भरपूर फलों का सेवन करना लाभकारी है।

## सेहत मंत्र

# शरीर के लिए बहुत फायदेमंद है मूंग दाल

जरूरी नहीं कि स्वाद में जो अच्छा हो, वो स्वास्थ्यवर्द्धक भी हो। अक्सर ऐसा ही होता है, जो चीज खाने में बिल्कुल अच्छी नहीं लगती है वो गुणों से भरपूर ही होती है। स्वादिष्ट भोजन करने से पहले हर किसी को शरीर के विकास के लिए विटामिन और खनिज की जरूरत होती है। आयुर्वेद के चिकित्सक डॉ. सत्य प्रकाश मिश्र के मुताबिक दालों में सबसे पौष्टिक दाल, मूंग की होती है, इसमें विटामिन ए, बी, सी और ई की भरपूर मात्रा होती है। साथ ही पौटेशियम, आयरन, कैल्शियम की मात्रा भी मूंग में बहुत होती है। इसके सेवन से शरीर में कैलोरी भी बहुत नहीं बढ़ती है। अगर अंकुरित मूंग दाल खाएं तो शरीर में कुल 30 कैलोरी और 1 ग्राम फैट ही पहुंचता है। स्प्राउट खाने से होता है स्वास्थ्य लाभः अंकुरित मूंग दाल में मैग्नीशियम, कॉपर, फोलेट, राइबोफ्लेविन, विटामिन, विटामिन सी, फाइबर, पोटेशियम, फास्फोरस, मैग्नीशियम, आयरन, विटामिन बी -6, नियासिन, थायमिन और प्रोटीन होता है। मूंग की दाल के स्प्राउट ऐसे ही कुछ लाभकारी गुण निम्न प्रकार है। मूंग की दाल के स्प्राउट में ग्लूकोज लेवल बहुत कम होता है इस वजह से मधुमेह रोगी इसे खा सकते हैं।


- मूंग की दाल के स्प्राउट में ओलियोसाच्चाराइडस होता है जो पॉलीफिनॉल्स से आता है। ये दोनों की घटक, गंभीर रोगों से लड़ने की क्षमता को प्रबल करते हैं। कैंसर के रोगी भी इसका सेवन आराम से कर सकते हैं।
- मूंग की दाल में ऐसे गुण होते हैं जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा देते हैं और उसे बीमारियों से लड़ने की ताकत देते हैं। इसमें एंटी-माइक्रोबियल और एंटी-इंफलामेट्री गुण होते हैं, जो शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाते हैं।
- मूंग की दाल के स्प्राउट में शरीर के टॉक्सिक को निकालने के गुण होते हैं। इसके सेवन से शरीर में विषाक्त तत्वों में कमी आती है।

## धर्म मंत्र

# भगवान शिव का जन्म कैसे और कहां हुआ?

वेद कहते हैं कि जो जन्मा है, वह मरेगा अर्थात जो बना है, वह फना है। वेदों के अनुसार ईश्वर या परमात्मा अजन्मा, अप्रकट, निराकार, निर्गुण और निर्विकार है। अजन्मा का अर्थ जिसने कभी जन्म नहीं लिया और जो आगे भी जन्म नहीं लेगा। प्रकट अर्थात जो किसी भी गर्भ से उत्पन्न न होकर स्वयंभू प्रकट हो गया है और अप्रकट अर्थात जो स्वयंभू प्रकट भी नहीं है। निराकार अर्थात जिसका कोई आकार नहीं है, निर्गुण अर्थात जिसमें किसी भी प्रकार का कोई गुण नहीं है, निर्विकार अर्थात जिसमें किसी भी प्रकार का कोई विकार या दोष भी नहीं है। अब सवाल यह उठता है कि फिर शिव क्या है? वे किसी न किसी रूप में जन्मे या प्रकट हुए तभी तो उन्होंने विवाह किया। तभी तो उन्होंने कई असुरों को वरदान दिया और कई असुरों का वध भी किया। दरअसल, जब हम 'शिव' कहते हैं तो वह निराकर ईश्वर की बात होती है और जब हम 'सदाशिव' कहते हैं तो ईश्वर महान आत्मा की बात होती है और जब हम शंकर या महेश कहते हैं तो वह सती या पार्वती के पति महादेव की बात होती है। बस, हिन्दूजन यहीं भेद नहीं कर पाते हैं और सभी को एक ही मान लेते हैं। अक्सर भगवान शंकर को शिव भी कहा जाता है। शिवपुराण के अनुसार भगवान सदाशिव और पराशक्ति अम्बिका (पार्वती या सती नहीं) से ही भगवान शंकर की उत्पत्ति मानी गई है। उस अम्बिका को प्रकृति, सर्वेश्वरी, त्रिदेवजननी (ब्रह्मा, विष्णु और महेश की माता), नित्या और मूल कारण भी कहते हैं। सदाशिव द्वारा प्रकट की गई उस शक्ति की 8 भुजाएं हैं। पराशक्ति जगतजननी वह देवी नाना प्रकार की गतियों से संपन्न है और अनेक प्रकार के अस्त्र शक्ति धारण करती है। वह शक्ति की देवी कालरूप सदाशिव की अर्धांगिनी दुर्गा हैं।

## पर्यटन



# मध्यप्रदेश का खूबसूरत हिलस्टेशन पंचमढी पहाड़ों के अलावा झरने देखने आते हैं टूरिस्ट

अगर आप ऑफ बीट हिल स्टेशन पर जाने जाना चाहते हैं, तो भारत का खूबसूरत हिल स्टेशन पंचमढ़ी आपको किसी जन्नत से कम नहीं लगेगा। यहां के खूबसूरत नजारे देखकर आप रोजाना की भागदौड़ भूलकर तनावमुक्त हो जाएंगे। आइए, आपको सैर कराते हैं पंचमढ़ी की खूबसूरत वादियों की। पहले पंचमढ़ी पर गोंड जनजाति का राज था। ब्रिटिश राज से पहले यह इसी जनजाति की राजधानी थी। 1887 में ब्रिटिश सैनिक कैप्टन जेम्स फोर्स्थ ने इस शहर को केंद्र में रखा था और इसके बाद अंग्रेजों ने भी पंचमढ़ी को मध्यप्रदेश की राजधानी बनाया। धूपगढ़-यह सतपुड़ा रेंज का सबसे ऊंचा प्वाइंट है। इसे सनराइज और सनसेट प्वाइंट के नाम से भी जाना जाता है। चारुगढ़-यह दूसरा सबसे ऊंचा प्वाइंट है। इसका धार्मिक महत्व भी है क्योंकि इसके शिखर पर एक शिव मंदिर स्थित है। पांडव गुफाएं- यहां प्राचीन कालीन पांच गुफाएं हैं। हिंदू कथाओं के अनुसार, महाभारत काल के दौरान यहां पांडवों ने आश्रय लिया था. गुफा के पास ही एक बेहद खूबसूरत गार्डन भी है। अब इन गुफाओं को राष्ट्रीय स्मारक घोषित कर दिया गया है। वाटरफॉल- यहां कई झरने मौजूद हैं। इनमें से 2800 फीट से अधिक ऊंचा सिल्वर फॉल या रजत प्रपात, बी-फॉल (मशहूर पिकनिक स्पॉट) , लिटिल फॉल, डचेस फॉल हैं।

महादेव मंदिर- यह एक गुफा मंदिर है, जो खूबसूरत पेंटिंग्स के लिए प्रसिद्ध है। यह गुफा लगभग 30 मीटर लंबी है।

सड़क मार्ग से पंचमढ़ी भोपाल और इंदौर से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। भोपाल के हबीबगंज बस टर्मिनल से बसें चलती हैं जो 5-6 घंटे में पंचमढ़ी पहुंचती हैं। पंचमढ़ी पहुंचने के लिए नजदीकी रेलवे स्टेशन पिपरिया है, जो केवल 50 किलोमीटर की दूरी पर है। अगर आप हवाई मार्ग से पहुंचना चाहते हैं, तो भोपाल और नागपुर यहां से नजदीकी एयरपोर्ट हैं। यहां का तापमान पूरे साल 25 डिग्री से कम रहता है इसलिए आप कभी भी यहां घूम सकते हैं।

# 15 मई 1947 राज्य मुख्यालय व बाराबंकी के मध्य चली थी रोडवेज बस

## धूमधाम से मनाया सेवा वर्षगांठ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। नगर के सिविल लाइन में अर्धशताब्दी आयु पूर्ण कर चुका बस स्टेशन प्रांगण में परिवहन निगम कार्मिकों द्वारा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। आयोजन में सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक सुश्री जमीला खातून भी सम्मिलित हुई। वक्ताओं ने अपने संबोधन में बताया कि परिवहन निगम की प्रथम बस का संचालन 15 मई1947 को लखनऊ बाराबंकी के मध्य हुआ था। बाराबंकी बस स्टेशन परिवहन निगम की गौरवशाली विरासत है। ऐतिहासिक वर्षगांठ सेवा का 79 वर्ष का सफर 15 मई1947 यादों के साथ भविष्य की ओर सभी यात्रियों महानुभावों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन परिवहन निगम बाराबंकी परिवार आज पुराने बस स्टेशन पर वर्षगांठ समारोह का आयोजन किया गया। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक व केंद्र प्रभारी सुशील कुमार शर्मा केंद्र प्रभारी ए. के अवस्थी, लाल बहादुर श्रीवास्तव पुराना बस स्टेशन सर्वेश कुमार व्यवस्था प्रभारी, संगठन के अध्यक्ष तनवीर सिद्दीकी मंत्री वीरेंद्र कुमार वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव कार्यक्रम में उपस्थित रहे।कार्यक्रम का आयोजन सहायक क्षेत्र प्रबंधक बाराबंकी डिपो के निर्देशन में हुआ। केंद्र प्रभारी श्री अवस्थी ने बताया कि सन 1974 में बाराबंकी डिपो का संचलन हुआ जो आज गांव-गांव तक सुलभ सेवा प्रदान कर रहा है।




**मेहमान बन दिल में बैठा है डर**

बाराबंकी डिपो पुराना भवन पर आज से कोई 5 वर्ष पर्व शनि की स्याह दृष्टि पड़ी थी। तब से आज तक परिवहन निगम के कर्मी उसे भाई से मुक्त नहीं हो पाए। यह भाई है डिपो भवन खाली करने का। सनी रूपी भूमिया व भ्रष्ट नौकरशाह ने गठबंधन जब भी अपने मन माफिक वातावरण पाता हाथ पैर मारना शुरू कर देता है। कहते हैं यह गठबंधन सारी हदें पार कर दीपू भवन कब्जियाना चाह रहा है। यही वह डर है जो लोगों के दिलों में आज भी मेहमान बना बैठा है।

## स्वास्थ्य मेला छात्राओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। ग्राम पंचायत किशनदासपुर में वात्सल्य संस्था द्वारा एक दिवसीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग और समेकित बाल विकास परियोजना के सहयोग से आयोजित इस मेले में 250 से अधिक ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया।मेले में लोगों के बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन और बीएमआई की जांच की गई। 50 किशोरियों का विशेष स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें से 29 बालिकाओं का हीमोग्लोबिन टेस्ट कर उन्हें पोषण संबंधी सलाह दी गई। 46 ग्रामीणों को बुखार और पेट दर्द जैसी सामान्य बीमारियों का प्राथमिक उपचार किया गया।आशा कार्यकर्ता रंजू यादव ने 36 किशोरियों को माहवारी प्रबंधन पर परामर्श दिया। 20 बालिकाओं को टीडी का टीका लगाया गया। आरबीएसके काउंसलर ने 35 किशोरियों को खान-पान, एनीमिया से बचाव और मानसिक स्वास्थ्य पर मार्गदर्शन दिया।कार्यक्रम में अनूप कुमार, डॉ. सुमित, शुभम भारती, नीतू वर्मा, सुमन देवी और शाहरुख खान सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही। बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्चना वर्मा और वात्सल्य संस्था से नीलमा गुप्ता, प्रेम शंकर, आरिफ, काजल, प्रियांशी पटेल और राधा ने भी भागीदारी की। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और इसे गांव के लिए उपयोगी बताया।

## महात्मा टिकैत की पुण्यतिथि पर महादान, भावभीनी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। किसानों के मसीहा, महात्मा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण व मानव सेवा के संकल्पों से ओतप्रोत कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर'' के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वृक्षारोपण के साथ हुई, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए किसानों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाई। वृक्षारोपण के पश्चात श्रद्धेय टिकैत जी की प्रतिमा स्थल पर हवन-पूजन का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके उपरांत उपस्थित जनसमूह जिला अध्यक्ष अनुपम वर्मा के नेतृत्व में जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक पहुँचा, जहाँ महात्मा टिकैत जी की स्मृति में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनपद के 21 किसानों ने रक्तदान कर महात्मा जी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। इस सेवा भावपूर्ण पहल से न केवल मानवता का संदेश दिया गया, बल्कि किसानों के सामाजिक दायित्वबोध को भी दर्शाया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष रामकिशोर पटेल ने ह्लमहात्मा टिकैत की जीवन संघर्ष व सेवा एवं उनकी समर्पण की चर्चा की।इस अवसर पर गणमान्य पदाधिकारी राम सेवक रावत,मीडिया प्रभारी सतीश वर्मा 'रिन्कू' ओमप्रकाश वर्मा,महेंद्र प्रताप सिंह,,डॉ. भानू प्रताप यादव संतोष सिंह, मुन्ना लाल, जागेश्वर चौधरी,शिव नारायण सिंह,रामानंद राम,राम मदन,प्रमोद कुमार, डॉ. मेड़ीलाल,पन्ना लाल, राजेश कुमार,विशेष कुमार, रोहित कुमार, हनुमान प्रसाद,अरविंद कुमार,जितेंद्र यादव,वीर बहादुर सिंह,संदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

## 50 लाख से अधिक की निर्माणाधीन परियोजनाओं की डीएम ने की समीक्षा, दिए आवश्यक निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**समय से परियोजनाओं का कार्य पूरा करने के दिये निर्देश**

बाराबंकी । गुरुवार को कलेक्ट्रेट के लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद की 50 लाख से अधिक की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। समीक्षा बैठक में लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण योजनान्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की अद्यावधि समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो परियोजनाएं पूर्ण हो गयी हैं, उन्हें सम्बन्धित विभाग को हैण्डओवर कर दिया जाए तथा जो परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं उन्हें शीघ्र पूर्ण कराया जाए। बनीकोडर और सिरौलीगौसपुर में आईटीआई कार्यो को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को दिये। रामसनेहीघाट में कल्याण मंडप के अधूरे कार्य को शीघ्रता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि बेसिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा के अंतर्गत जिन भवनों के निर्माण कार्य पूरे हो गए, जांच के बाद उन्हें सम्बन्धित विभाग को हैंडओवर कर दिया जाए। राजकीय पालीटेक्निक बाराबंकी में 60 सीटेड पुरुष छात्रावास के निर्माण कार्य को और राजकीय पौधशाला सतरिख में चल रही परियोजना के निर्माण को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। आईटीआई जहाँगिराबाद में भवन निर्माण कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। पर्यटन विभाग के विकास कार्य समय पर पूर्ण कर हैंडओवर किया जाए। जिला चिकित्सालय में अधूरे कार्यो को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय तीरगांव में ट्रांजिट हॉस्टल के निर्माण को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय कृषि विकास योजनांतर्गत डेवलपमेंट ऑफ गर्वनमेंट एग्रीकल्चर फॉर्म के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। दसवीं वाहिनी पीएसी में जल निकासी के लिये नाला निर्माण के कार्य को शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश दिए। वन खण्डेश्वर महादेव मंदिर के पर्यटन विकास कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि पीएमजेएसवाई की जो सड़कें अभी अधूरी है उन्हें भी समय से पूरा करा लिया जाए। सांसद निधि के कार्यों की समीक्षा करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य समय पर पूर्ण कराये जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रांतीय खण्ड की जो परियोजनाएं अधूरी है उन्हें समय से पूरा किया जाए। बनीकोडर विकास खण्ड में केजीबीवी हॉस्टल के निर्माण कार्य और बुढ़वा बाबा मंदिर में पर्यटन विभाग के विकास कार्यों को समय पर पूर्ण कराया जाए। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज देवा व सतरिख में प्रयोगशाला के निर्माण कार्य को समय पर पूर्ण किया जाए। सीएचसी रामसनेहीघाट में चल रहे विकास कार्यों को समय पर पूर्ण कराया जाए। जिलाधिकारी ने परियोजनाओं के सत्यापन हेतु नामित नोडल अधिकारी एवं तकनीकी अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं का सत्यापन प्रत्येक माह करते रहे तथा गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण में गुणवत्ता के सम्बन्ध में कोई कमी पायी जाती है तो सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग एवं अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग को निर्देशित किया कि सभी सड़कों का निर्माण यथाशीघ्र कराना सुनिश्चित करें, जिससे लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी परियोजनाओं का निर्माण कार्य समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। सत्यापन में लगाये गये नोडल अधिकारियों द्वारा जो कमियां अंकित की जा रही है, उसका समाधान करायें। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत आवास निर्माण के कार्यों व जलनिगम शहरी के तहत पानी की टंकी सहित सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण व समय पर पूर्ण किए जाए। जिन भवनों का निर्माण पूरा हो गया है उनमें विद्युत विभाग, बिजली कनेक्शन समय पर सुनिश्चित कराये। लोकनिर्माण विभाग प्रांतीय खंड के अंतर्गत जिले की सड़कों का निर्माण, चौड़ीकरण एवं मेंटेनेंस के कार्यों को समय पर पूर्ण किया जाए।

**गुणवत्ता विहीन भवन ! कार्यवाही के निर्देश**

जिलाधिकारी ने आरएसघाट में निर्माणाधीन होम्योपैथिक चिकित्सालय भवन के निर्माण में अनियमितता की शिकायत पर जांच कर कार्यवाही के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए हैं।

**नोडल क्वॉलिटी पर दे विशेष ध्यान**

जिलाधिकारी ने कहा कि परियोजनाओं की स्थलीय जांच करने वाले तकनीकी नोडल अधिकारी निर्मित परियोजनाओं की क्वॉलिटी पर विशेष ध्यान दे। साथ ही यह भी सुनिश्चित कर ले कि निर्माण में मटीरियल गुणवत्तापूर्ण हो। किसी प्रकार की कमी नजर आने पर अपनी आख्या दे जिससे जांच करवा कर सम्बन्धित पर कार्यवाही की जा बैठक में जिला अर्थ एवं सांख्याधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, अधिशाषी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खण्ड, अधिशाषी अभियन्ता सीडी 3, अधिशाषी अभियन्ता सीडी 1, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित सहायक अभियंता जल निगम, सहायक अभियंता बाढ़ खंड, सहायक अभियन्ता निर्माण खण्ड 1, सहायक अभियंता ग्रामीण विकास, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, पीओ नेडा सहित सम्बन्धित विभाग के नोडल एवं तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे।

## कार्यकर्ताओं से बोले अखिलेश स्वागत की चाय याद है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**अमेठी से वापस लौटते समय स्वागत रेस्टोरेंट के सामने हुआ जोरदार स्वागत**

हैदरगढ़ बाराबंकी । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव का अमेठी से लखनऊ लौटते समय हैदरगढ़ कस्बे में जोरदार स्वागत किया गया। यह स्वागत कस्बे के प्रमुख स्थल स्वागत रेस्टोरेंट के सामने किया गया, जिसकी अगुवाई सपा नेता जतिन चौधरी ने की। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने क्षेत्र की पुरानी यादों को ताजा करते हुए मुस्कराते हुए कहा, ''पिछली बार जब मैं यहां आया था, तो मैंने आपकी चाय पी थी।'' उनका यह आत्मीय भाव वहां मौजूद लोगों को बेहद भावुक कर गया। जनता के बीच सहज और आत्मीय अंदाज में बात करते हुए उन्होंने वहाँ उपस्थित दो महिलाओं को मिठाई खाने के लिए अपने पास से 1000 रुपये भी भेंट किए, जिससे मौके पर मौजूद लोगों के चेहरे खिल उठे।

स्वागत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर पंकज यादव, बबलू यादव, सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने श्री यादव का स्वागत किया और समाजवादी नीतियों पर भरोसा जताया। पूर्व मुख्यमंत्री का यह दौरा न केवल राजनीतिक बल्कि सामाजिक दृष्टिकोण से भी अहम रहा, जिससे कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

## सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा, डीएम ने रैंकिंग में सुधार के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**सी,डी और ई रैंकिंग विभागाध्यक्षों की कार्यशैली से डीएम खफा**

बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारीन शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले 37 बिंदु (सीएम डैशबोर्ड) के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक आहूत की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी एवं बेहतर ढंग से किया जाए ताकि सरकार की योजनाओं से वंचित लोगों को जोड़ा जा सके और उनकी समस्याओं का भी बुनियादी समाधान हो सके। बैठक में जिलाधिकारी ने जल-जीवन मिशन, नई सड़कों के निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन और फैमिली आई डी आदि में खराब रैंकिंग पर नाराजगी जताते हुए आपेक्षित सुधार के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। मध्यान भोजन और छात्रों की उपस्थिति में और अधिक सुधार लाने के निर्देश बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्रदान किये। पर्यटन अधिकारी को कोटवा धाम के तालाब के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए। जिले की विभिन्न सड़कों के निर्माण/मरम्मत कार्य में तेजी लाने के निर्देश सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को प्रदान किये। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन(एनआरएलएम), मुख्यमंत्री योजना ग्रामीण व ग्रामीण अभियंत्रण के कार्यो में आपेक्षित सुधार के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के तहत सेतु निर्माण कार्य में रैंकिंग को और बेहतर करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने यूपी नेडा विभाग, हार्टिकल्चर, बिजली विभाग, कृषि विभाग की योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और किसान सम्मान निधि के लंबित आवेदनों को समय पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। मनरेगा, दुग्ध विभाग, दिव्यांग पेंशन, 15 वां वित्त के कार्यों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग, सिचाई विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग को आपेक्षित प्रगति के निर्देश दिए। सेतु निर्माण कार्य को समय पर पूर्ण करने हेतु लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया। वृद्धावस्था पेंशन योजना, युवा स्वरोजगार आदि योजनाओं की समीक्षा कर सम्बंधित को आवश्यक निर्देश दिए। सी0एम0 डैशबोर्ड के अंतर्गत विभिन्न विभागों यथा ऊर्जा विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग, ग्रामीण जिलापूर्ति विभाग, पंचायती राज विभाग, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, पशुधन विभाग, मत्स्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग, व्यवसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग, श्रम एवं सेवायोजन विभाग, सूचना लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग तथा समाज कल्याण विभाग की समीक्षा की गई। बाढ़ सुरक्षात्मक परियोजनाओं को समय से पूर्ण करने के दिये निर्देश जिलाधिकारी ने अधिषासी अभियंता बाढ़ कार्य खण्ड को निर्देशित करते हुए कहा कि रामनगर तहसील के बाढ़ क्षेत्र में चल रही बाढ़ सुरक्षात्मक परियोजनाओं (सरयू नदी के तटबंध पर अनुरक्षण कार्यो) को समय पर पूर्ण करा लिया जाए।

### राष्ट्र सेवा का संकल्प संग ली : त्रिशूल दीक्षा

**निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खंड की पंचायत भवन गड़िया में आयोजित त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम में 50 से अधिक लोगों द्वारा त्रिशूल दीक्षा ली गई। मुख्य अतिथि विभाग सह संयोजक ब्रह्मप्रकाश दीक्षित का कार्यक्रम स्थल पहुंचे और सभी को त्रिशूल दीक्षा प्रदान की तथा सनातन धर्म की रक्षा का संकल्प दिलाया। संकल्पियों को बजरंग की पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया । ब्रह्मप्रकाश ने बताया की केन्द्रीय संगठन द्वारा आदेशि इसत यह दीक्षा बजरंग दल के सभी बजरंगियों को दिलानी है जिसमें जिले के लगभग सभी प्रखंड पूर्ण की ओर अग्रसर है इसी क्रम में आज प्रखंड निन्दूरा में भी सुनिश्चित किया गया था ।श्री दीक्षित ने कहा कि हमारे आराध्य भगवान व देवियों सभी के हाथों में कोई न कोई शस्त्र है इसलिए हमारे हाथों में भी अधर्म पर विजय के लिए व आत्मरक्षा के लिए कोई न कोई शस्त्र होना चाहिए ।आज संगठन बजरंग दल द्वारा सभी के हाथों में त्रिशूल दीक्षा के रुप में शस्त्र पहुँचाने का कार्य कर रहा है । हमारा सनातन धर्म सर्वे भवन्तु सुखिनः की कामना करता है एवं आत्मरक्षा के लिए शस्त्र उठाने के लिए भी प्रेरित करता है, हमारा सनातन अभी तक सदैव धर्म की रक्षा और अधर्म के नाश के लिए ही शस्त्र उठाया है। दीक्षा कार्यक्रम में प्रखंड निन्दूरा बजरंग दल संयोजक मुकेश सिंह, अध्यक्ष अमित गुप्ता, महंत मोनू पांडेय, मंत्री अरविन्द यादव, सेवा प्रमुख अमित तिवारी, सह संयोजक आशीष सोनी सहित सैकड़ों लोगों ने त्रिशूल दीक्षा में भाग लिया।

### मामूली विवाद में हत्या का प्रयास

**निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बड्डूपुर थाना क्षेत्र के सालेहपुर निवासी हरेंद्र सिंह को कार से कुचल कर जान से मारने का प्रयास किया गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह मंगलवार को मेला गया था। भीड़ मे गांव के ही जमील अहमद पुत्र रज्जब को धक्का लग गया। दोनों में कहासुनी होने लगी। बताते है कि इस बीच जमील ने अपने साथियों को फोन कर बुलाया।कार से आए साथियों ने लाठी डंडों से उसकी पिटाई कर दी।इस बीच आरोपितों ने कार चढ़ाकर उसे जान से मारने का प्रयास भी किया।लोगों की भीड़ जुटती देख आरोपी ने धमकी दे फरार हो गए। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है।

### आवास योजना में विवाह की अनिवार्यता का विरोध

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत गुट के ब्लाक प्रभारी शिवराज रावत की अध्यक्षता में मासिक बैठक की। बैठक पश्चात कार्यकर्ताओं ने खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पांच प्रमुख मांगें रखी गईं।यूनियन ने दिव्यांगों को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री आवास योजना में विवाह की अनिवार्यता को हटाने की मांग की। उनका कहना है कि कई लोग अविवाहित हैं और उनके पास आय का कोई स्रोत नही उसके बाद भी वे योजना का लाभ नहीं ले पा रहे हैं।किसान सम्मान निधि में तकनीकी खामियों को दूर करने की मांग भी रखी गई। नाम की स्पेलिंग या श्रीमती श्री जैसे शब्दों के कारण फॉर्म रजिस्ट्री में समस्या आ रही है। इससे पात्र व्यक्ति भी अपात्र हो जा रहे हैं।ब्लाक में बंद पड़े आधार केंद्र को पुनः चालू करने और नए केंद्र खोलने की मांग की गई। साथ ही मनरेगा योजना से खुदे तालाबों में पानी भरवाने की मांग रखी। इससे गर्मी में पशु-पक्षियों को पीने का पानी मिल सकेगा।ग्राम पंचायत भरथीपुर में पप्पू वर्मा के घर के सामने खराब पड़े इंडिया मार्क हैंड पंप की मरम्मत की मांग भी ज्ञापन में शामिल की गई। ज्ञापन शिवराज रावत, नौमीलाल रावत और रामतीरथ यादव की ओर से सौंपा गया।

### गंभीरता से कार्यो का संपादन करें अधिकारी : डीएम

**बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं में व्यक्तिगत ध्यान देते हुए प्रगति बढ़ाये और लाभार्थीपरक योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें जिससे आम-जनमानस को योजनाओं का लाभ मिल सके। सीएम डैशबोर्ड की रैंक में सुधार लाने के दिये निर्देश समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर अपने विभागीय प्रपत्रों का अवलोकन करते हुए विभाग से सम्बन्धित रैंक में आपेक्षित सुधार लाएं, जिससे जिले की ओवर ऑल रैंकिंग और बेहतर हो सके। अपडेट रखे डैशबोर्ड पर डाटा फीडिंग कार्य जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि डैशबोर्ड पर डाटा फीडिंग कार्य को अद्यतन रखा जाए। किसी भी विभाग का कार्य पेंडिंग न रहने पाए। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, उपायुक्त मनरेगा, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## छाती पीटकर युवाओं को नौकरी देने वाले परीक्षा में असमर्थ : धर्मराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देवा शरीफ बाराबंकी। विकासखंड देवा के ग्राम पड़रिया में विधायक निधि से बनाई सड़क को सदर विधायक धर्मराज सिंह यादव ने जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर आयोजित शर्मा रूम में उपस्थित भारी भीड़ को संबोधित करते हुए विधायक श्री यादव ने बेरोजगारी और महंगाई को लक्ष्य कर सत्तारूढ़ दल पर तीखे शब्द बाण चलाएं। कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश और प्रदेश की भोली भाली जनता के भविष्य के साथ छल कर सत्ता का सुख भोग रही है चुनावी भाषणों में छाती पीट पीट कर युवाओं को नौकरी देने की बात कहने वाले लोग नौकरी तो छोड़ परीक्षा नहीं करा पा रहे है।

विधायक धर्मराज ने अपने संबोधन में कहा कि आज देश और प्रदेश में सभी बड़ी समस्या बढ़ती महंगाई,भ्रष्टाचार,और बेरोजगारी है लेकिन सत्ता में बैठे लोग इन ज्वलंत मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने का लगातार प्रयास कर रहे है।विधायक धर्मराज ने कहा कि देश की सेना पर हर भारतीय को गर्व है और जिन परिस्थितियों में देश की सेना काम करती है उन परिस्थितियों में विश्व के किसी भी देश की सेना काम नहीं करती लेकिन देश की सेना में कार्यरत महिलाओं के प्रति भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की कुंठित और कैंसर युक्त भाषा शैली समाज में नफरत फैलाने का पर्याय बन चुकी है आज पूरा देश,देश की बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी के साथ खड़ा है जिन्होंने अपने शौर्य और साहस के बल पर ऑपरेशन सिंदूर को सफलता पूर्वक अंजाम दिया।

इससे पहले विधायक धर्मराज ने गांव के वरिष्ठ नागरिक के हाथो फीता कटवा कर सड़क का लोकार्पण किया ।

इस अवसर पर मुख्य रूप से विद्याधर यादव, प्रीतम सिंह वर्मा,सुरेश गौतम,संदीप प्रजापति,मो उबैद,बाबुल मिश्रा,सोनू यादव,मोनू यादव,सुशील यादव,समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## चौराहों पर संचालित हो रहे अवैध हॉस्पिटल क्या जिम्मेदारो की नही पड़ती नजर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर ब्यूरो । खैराबाद - मछरेहटा क्षेत्र में धड़ल्ले से अवैध रूप से क्लीनिक व अस्पताल संचालित हो रहे है । चलाने वाले झोलाछाप डाक्टरों के विरुद्ध स्वास्थ्य विभाग कोई भी कार्रवाई करने की बजाय मूकदर्शक बना हुआ है। अवैध रूप से क्लीनिक व अस्पताल संचालित करने वाले झोलाछाप डाक्टर गरीब मरीजों का आर्थिक दोहन कर उनकी जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित इन अस्पतालों व क्लीनिकों में झोलाछाप डॉक्टरो द्वारा मरीजो की सेहत से खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा है। खैराबाद से मछरेहटा रोड पर दर्जनों की तादात में झोलाछाप डॉक्टर व अवैध क्लीनिक और अस्पताल खोलकर धड़ल्ले से दवा , इलाज कर रहे हैं।

क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को अपने झांसे में फंसाकर बिना किसी डिग्री के उनका इलाज करते हैं। क्षेत्र के खैराबाद चुंगी , गुरपालिया , रहीमाबाद , गौरिया सेंटर , अक्किलपुर , कालूपुर , सडिला चौराहा , आदिलपुर चौराहा , मिर्ज़ापुर , मछरेहटा आदि चौराहों पर अवैध रूप से अस्पताल और क्लीनिक बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हैं। झोलाछाप डाक्टरों में इस बात का भी डर नही होता है कि उनके गलत इलाज से मरीज की जिंदगी खतरे में पड़ सकती है लेकिन वह मरीजों का आपरेशन करने से भी नही चूकते हैं। क्षेत्र के मेडिकल स्टोर संचालक भी मेडिकल स्टोर की आड़ में अवैध क्लीनिक खोलकर बेखौफ होकर मरीजों का उपचार करते हैं। क्षेत्र के अधिकतर मेडिकल स्टोर बिना लाइसेंस के धड़ल्ले से संचालित हैं। बिना किसी चिकित्सा डिग्री व वगेट रजिस्ट्रेशन के मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे झोलाछापों के विरुद्ध क्षेत्रीय लोगों ने कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह है कि क्या कोई भी कार्यवाही की जाती या ऐसे मरीजो के साथ खिलवाड़ की जाती रहेगी ।

## आईपीएल 2025: अब टीमें विदेशी खिलाड़ियों की जगह ले सकेंगी नए खिलाड़ी, लेकिन नहीं कर सकेंगी रिटेन

एजेंसी

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) के अंतिम चरण से पहले बड़ा बदलाव किया गया है। बीसीसीआई ने घोषणा की है कि टीमें अब विदेशी खिलाड़ियों की अनुपलब्धता की स्थिति में अस्थायी स्थानापन्न खिलाड़ी को शामिल कर सकती हैं। यह निर्णय उन खिलाड़ियों की अनुपस्थिति को देखते हुए लिया गया है जो या तो राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं, निजी कारणों या स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण टूर्नामेंट में भाग नहीं ले पा रहे हैं। आईपीएल फ्रेंचाइजियों को भेजे गए आधिकारिक नोट में कहा गया है,''जो खिलाड़ी इस समय से लिए जा रहे हैं, वे अगले वर्ष रिटेन नहीं किए जा सकेंगे। उन्हें आईपीएल 2026 की नीलामी के लिए फिर से पंजीकरण कराना होगा। सीजन की शुरुआत में जारी नियम पुस्तिका के अनुसार, कोई भी टीम अपने 12वें लीग मैच के बाद अस्थायी



खिलाड़ी नहीं जोड़ सकती थी। लेकिन भारत-पाकिस्तान तनाव के चलते टूर्नामेंट को 8 मई से निलंबित करना पड़ा, जिससे यह अपवाद स्थिति बन गई। इस अभूतपूर्व स्थिति को देखते हुए, आईपीएल अधिकारियों ने नियमों में संशोधन कर दिया है। धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबले के अगले दिन जब सुरक्षा कारणों से स्टेडियम खाली कराया गया और टूर्नामेंट को रोका गया, तब से अधिकांश विदेशी खिलाड़ी अपने देशों को लौट चुके थे। हालांकि, आईपीएल के दोबारा शुरू होने पर अधिकांश विदेशी खिलाड़ी वापसी करेंगे, लेकिन जो खिलाड़ी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल का हिस्सा हैं या जिनके परिवार उन्हें भारत लौटने की अनुमति नहीं दे रहे, वे वापस नहीं आएंगे। इससे किसी भी टीम को नुकसान न हो, इसीलिए यह अस्थायी विकल्प का रास्ता खुला गया है। इस नए नियम का पहला उदाहरण दिल्ली कैपिटल्स की टीम में देखने को मिला है, जहां मुस्ताफिजुर रहमान को जेक फ्रेजर-मैकगर्क के स्थान पर टीम में शामिल किया गया है। इसका मतलब यह है कि रहमान को अगली सीजन के लिए रिटेन नहीं किया जा सकेगा, लेकिन मैकगर्क को टीम में बनाए रखा जा सकता है। आईपीएल 2025 में नियमों में किया गया यह बदलाव संकट की स्थिति में लीग की लचीलापन और निष्पक्षता बनाए रखने का एक प्रयास है, जिससे हर टीम को बराबरी का मौका मिल सके।

## शेफर्ड और लिविंगस्टोन की आरसीबी में वापसी प्लेऑफ से पहले टीम को मिला बूस्ट

एजेंसी

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) के रिवाइज्ड शेड्यूल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को बड़ा फायदा मिला है। वेस्टइंडीज ऑलराउंडर रोमारियो शेफर्ड और इंग्लैंड के लियम लिविंगस्टोन टीम में दोबारा शामिल हो गए हैं। शेफर्ड के साथ कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाड़ी आंद्रे रसेल, सुनील नरेन और मेंटर ड्वेन ब्रावो भी भारत लौटे हैं। शेफर्ड वेस्टइंडीज की उस वनडे टीम का हिस्सा हैं जो 29 मई से इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज खेलेगी। संयोग से यही तारीख आईपीएल 2025 के प्लेऑफ की भी है। अब तक क्रिकेट वेस्टइंडीज ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि इंग्लैंड दौरे पर जाने वाले खिलाड़ी आईपीएल के बचे हुए मुकाबले खेल पाएंगे या नहीं। लियम लिविंगस्टोन अब आरसीबी से जुड़ चुके हैं। उन्हें इंग्लैंड की वनडे और टी20 टीम से ड्रॉप कर दिया गया है, जिससे वे आईपीएल के अंत तक उपलब्ध रहेंगे। वहीं



जैकब बेटेल पहले ही टीम से दोबारा जुड़ चुके हैं और केकेआर तथा सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अगले दो मैचों में खेलेंगे। इसके बाद वे इंग्लैंड लौट जाएंगे। उन्हें इंग्लैंड की जिम्बाब्वे के खिलाफ 29 मई से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज में नहीं चुना गया है। फिल सॉल्ट, जिनकी बीमारी के चलते बेटेल को डेब्यू का मौका मिला, अब पूरी तरह फिट हैं और आईपीएल के बाकी बचे मैचों में उपलब्ध रहेंगे। वे इंग्लैंड की केवल टी20 टीम में शामिल हैं और वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज 6 जून से शुरू होनी है, जो आईपीएल फाइनल के तीन दिन बाद है। आरसीबी 11 मैचों में 16 अंकों के साथ टॉप-4 की रेस में मजबूत स्थिति में है। टीम को प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करने के लिए अब केवल कुछ और पॉइंट्स की जरूरत है। हालांकि, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों की उपलब्धता पर अंतिम फैसला आने वाले दिनों में होगा, जो टीम की रणनीति को प्रभावित कर सकता है।

## वह सौ फीसदी नहीं दे पाने पर मैदान पर नहीं उतरना चाहता होगा, कोहली के संन्यास पर बोले हुसैन

एजेंसी

लंदन। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में विराट कोहली का अपार योगदान आंकड़ों से कहीं अधिक है और किसी भी 'सामान्य' चीज से संतुष्ट न होने की उनकी अदम्य भावना ने ही शायद उन्हें संन्यास लेने के फैसले के लिये प्रेरित किया। कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से विदा ले ली। छत्तीस वर्ष के कोहली टेस्ट क्रिकेट के सबसे बड़े प्रचारक ही नहीं थे बल्कि भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तान भी थे। हुसैन ने स्काय स्पोटर्स क्रिकेट पॉडकास्ट पर कहा कि वह चैम्पियन है। वह जीत का लक्ष्य लेकर ही खेलता है और उसके लिये बेचैन रहता है। उन्होंने कहा कि कोहली के लिये सब कुछ जीतने के बारे में ही है। इसलिये तो लक्ष्य का पीछा करने में वह माहिर है। अगर वह सौ फीसदी नहीं दे सकता होगा तो मैदान पर नहीं उतरेगा। वह हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने ही उतरता है। हुसैन ने कहा हो सकता है कि उसने संन्यास का फैसला भी इसलिये ही लिया हो। वह आम क्रिकेटर नहीं बनना चाहता। वह कुछ खास करना चाहता है। उसने भारत को वह ताकत बनाया जो वह आज है। उन्होंने कहा ,'' मैं पिछले 14 साल से कोहली का बड़ा प्रशंसक रहा हूं। उसके आंकड़े खुद उसके बारे में कहते हैं। लेकिन वह आंकड़ों से बहुत आगे कुछ है। उसकी शख्सियत , स्वैग और जुनून। हम भारतीय क्रिकेटप्रेमियों को जानते हैं और क्रिकेट उनके लिये बहुत मायने रखता है। उन्होंने कहा कि क्रिकेट को लेकर इतना जुनून भारत में कोहली से ज्यादा किसी ने नहीं जगाया। वह अविश्वसनीय क्रिकेटर है। वह भारत को नंबर एक तक ले गया जहां टीम 42 महीने तक रही। उसने उनके क्रिकेट खेलने का तरीका बदल दिया।

## डायमंड लीग के दोहा चरण से अभियान का आगाज करेंगे चोपड़ा, जेना भी दौड़ में

एजेंसी

दोहा। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा शुक्रवार को यहां अपने डायमंड लीग अभियान की शुरूआत करेंगे तो उनकी नजरें इस साल के आखिर में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में खिताब बरकरार रखने पर लगी होंगी। भारतीयों के बड़ी तादाद में होने से चोपड़ा को यहां काफी समर्थन मिलेगा। उनका सामना दो बार के विश्व चैम्पियन और 2024 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स, चेक गणराज्य के याकूब वाडलेश, जर्मनी के जूलियन वेबर और मैक्स डेहनिंग, कीनिया के जूलियस येगो और जापान के रॉडरिक जेंकी डीन से होगा। ये सभी बड़ी स्पर्धाओं में चोपड़ा के प्रतिद्वंद्वी रह चुके हैं। पेरिस ओलंपिक 2024 के स्वर्ण पदक विजेता



पाकिस्तान के अरशद नदीम इसमें भाग नहीं ले रहे हैं। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भारत के ही किशोर जेना भी 11 प्रतियोगियों में से हैं। जेना का सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 87.54 मीटर है जो पिछली बार यहां 76.31 मीटर का थ्रो लगाकर नौवे स्थान पर रहे थे। वाडलेश ने यहां 88.38 मीटर के थ्रो के साथ खिताब जीता था जबकि चोपड़ा दो सेंटीमीटर पीछे रहे थे। पीटर्स 86.62 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर थे। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और पेरिस में रजत पदक जीतने वाले चोपड़ा ने सबसे पहले 2018 में यहां डायमंड लीग में भाग लिया था और चौथे स्थान पर रहे थे। उन्होंने 2023 में यहां खिताब जीता और 2024 में दूसरे स्थान पर रहे। विश्व रिकॉर्डधारी कई बार के ओलंपिक चैम्पियन चेक गणराज्य के जान जेलेंजी से कोचिंग ले रहे चोपड़ा ने कहा कि कतर में भारतीयों से मिलने वाले समर्थन से मैं हमेशा अभिभूत रहता हूं। मेरे पास उनका धन्यवाद करने के लिये शब्द नहीं हैं। चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 89.94 मीटर है और वह इस बार 90 मीटर की बाधा पार करना चाहते हैं। जेलेंजी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 98.48 मीटर रहा है। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी गुलवीर सिंह और पारूल चौधरी क्रमशः पुरूष और महिलाओं की 5000 और 3000 मीटर स्टीपलचेस में उतरेंगे। चोपड़ा, पीटर्स, येगो, डीन और जेना को 24 मई को बेंगलुरू में नीरज चोपड़ा क्लासिक खेलना था लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण उसे स्थगित कर दिया गया। चोपड़ा इसके बाद पोलैंड में ओरलेन जानुज कुसोसिंकी स्मृति टूर्नामेंट खेलेंगे।वह 24 जून से चेक गणराज्य में गोल्डन स्पाइक 2025 में भाग लेंगे जहां पिछले दो सत्र में वह चोट के कारण नहीं खेल सके थे।


## सबालेंका को हराकर झेंग किंवेन इटालियन ओपन सेमीफाइनल में

रोम। चीन की ओलंपिक चैम्पियन झेंग किंवेन ने शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका को 6-4, 6-3 से हराकर इटालियन ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना कोको गाफ से होगा। बाईस वर्ष की झेंग इससे पहले सबालेंका के खिलाफ छह मैच हार चुकी थी। पुरूष वर्ग में कार्लोस अल्काराज ने जैक ड्रेपर को 6-4, 6-4 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। अब उनका सामना इटली के लोरेंजो मुसेत्ती से होगा जिसने गत चैम्पियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 7-6, 6-4 से हराया। गाफ ने मिर्रा आंद्रीवा को 6-4, 7-6 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में जैसमीन पाओलिनी का सामना पेटोन स्टीयर्न्स से होगा। बुधवार को ही शीर्ष रैंकिंग वाले यानिक सिनेर ने नये पोप से मुलाकात करके उन्हें टेनिस रैकेट तोहफ़े में दिया और खेलने का न्यौता भी दिया। पहले अमेरिकी पोप लियो 14 टेनिस के प्रशंसक हैं।

## यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में चार प्रतिशत बढ़कर 3,48,847 इकाई पर

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर चार प्रतिशत बढ़कर 3,48,847 इकाई हो गई। उद्योग निकाय संगठन सियाम ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अप्रैल 2024 में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 3,35,629 इकाई रही थी। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा, '' यात्री वाहन खंड ने अप्रैल 2025 में 3.49 लाख इकाइयों की अपनी अब तक की सर्वाधिक बिक्री दर्ज की, जो अप्रैल 2024 की तुलना में 3.9 प्रतिशत अधिक है। सियाम की ओर से जारी बयान के अनुसार, अप्रैल में कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 17 प्रतिशत घटकर 14,58,784 इकाई रह गई। अप्रैल 2024 में बाइक, स्कूटर और मोपेड की थोक बिक्री 17,51,393 इकाई रही थी। स्कूटर की बिक्री पिछले महीने 5,48,370 इकाई रही, जो अप्रैल 2024 की 5,81,277 इकाई से छह प्रतिशत कम है। मोटरसाइकिल की बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर 23 प्रतिशत घटकर 8,71,666 इकाई रह गई। मोपेड की थोक बिक्री 38,748 इकाई रही, जो पिछले वर्ष की



समान अवधि की 41,924 इकाई की तुलना में आठ प्रतिशत कम है। मेनन ने कहा कि मोटर वाहन उद्योग ने अप्रैल 2025 से दोपहिया और तिपहिया वाहनों के लिए 'ऑन-बोर्ड डायग्नोस्टिक्स' (ओबीडी) दो विनियमन के दूसरे चरण की नई नियामक व्यवस्था को सुचारू रूप से अपना लिया है। इसके अलावा इस महीने से समूचे देश में ई-20 अनुरूप पेट्रोल वाहन भी पेश कर दिए गए। ई-20 अनुरूप पेट्रोल वाहन ऐसे पेट्रोल वाहन होते हैं जो ई-20 ईंधन (20 प्रतिशत एथनॉल और 80 प्रतिशत पेट्रोल का मिश्रण) का इस्तेमाल करने में सक्षम होते हैं।

## स्पोर्ट्सस्किल ने लॉन्च किया 'चैंपियंस क्लब एलीट पास', उभरते एथलीटों को मिलेगा राष्ट्रीय मंच

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत के होनहार युवा खिलाड़ियों को निखारने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से स्पोर्ट्स टेक प्लेटफॉर्म स्पोर्ट्सस्किल ने 'चैंपियंस क्लब एलीट पास' की शुरुआत की है। यह पास सिर्फ एक विशेषाधिकार नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच है जो टॉप रैंक वाले खिलाड़ियों को देश के सर्वश्रेष्ठ संसाधनों, विशेषज्ञों और अवसरों से जोड़ता है। भारत के सबसे प्रतिष्ठित खेल संस्थानों में से एक क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) ने इस एलीट पास को समर्थन देकर इस पहल को ऐतिहासिक बना दिया है। यह पहला अवसर है जब देश का कोई शीर्ष क्लब इस प्रकार के खेल विकास मिशन से जुड़ा है। सीसीआई का समर्थन सिर्फ प्रतीकात्मक नहीं बल्कि यह एक शक्तिशाली संदेश है कि भारत के शीर्ष क्लब अब अगली पीढ़ी के चैंपियनों को सशक्त बनाने के लिए आगे आ रहे हैं। भारत के महान रैकेट स्पोर्ट्स खिलाड़ी और यू.एस. स्क्वैश हॉल ऑफ फ़ेम में शामिल अनिल नायर ने इस पहल की प्रशंसा की है। 28 बार के नेशनल चैंपियन और हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र अनिल नायर ने कहा, ‌चैंपियंस क्लब एलीट पास विजेता खिलाड़ियों, क्लब सदस्यों और जूनियर्स – तीनों के लिए फायदे का सौदा है। इस तरह के सोशल इंटरैक्शन से खेल का प्रचार और क्लब की ब्रांडिंग दोनों में मदद मिलती है। यह शानदार विचार है। को-फाउंडर चेतन देसाई ने कहा, ‌यह सिर्फ एक एंडोर्समेंट नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय आह्वान है, ताकि हर क्लब खेल प्रतिभाओं के लिए सहयोगी बने। चैंपियंस क्लब एलीट पास इसके जरिए खिलाड़ियों के साथ-साथ क्लबों की साख भी ऊंची करता है। को-फाउंडर अभिनव सिन्हा ने कहा, ‌क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों का समर्थन हमारे मिशन को और मजबूती देता है। अब समय आ गया है कि हर क्लब सिर्फ टूर्नामेंट का स्थल न रहे, बल्कि टैलेंट को तैयार करने का केंद्र बने। यह पास पूरी तरह प्रदर्शन आधारित है और निःशुल्क दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### कार्लोस अल्कारेज और कोको गॉफ इटैलियन ओपन के सेमीफाइनल में

**रोम।** कार्लोस अल्कारेज ने जैक ड्रैपर की कड़ी चुनौती के बावजूद सीधे सेट में जीत के साथ बुधवार को यहां इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई जबकि कोको गॉफ ने मीरा एंड्रीवा को सीधे सेट में हराकर महिला एकल के अंतिम चार में प्रवेश किया। दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी अल्कारेज ने अपनी सर्विस पर आठ में से छह ब्रेक प्वाइंट बचाते हुए ड्रैपर के खिलाफ 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। अल्कारेज अगले दौर में गत चैंपियन एलेक्जेंडर ज्वेरेव और लोरेंजो मुसेटी के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। गॉफ ने एंड्रीवा को 6-4, 7-6 से हराकर तीसरी बार इस क्ले कोर्ट टूर्नामेंट के अंतिम चार में प्रवेश किया। गॉफ की 18 साल की ?ड्रीवा के खिलाफ यह चार मैच में चौथी जीत है। उन्होंने इससे पहले 2023 में फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन तथा दो हफ्ते पहले मैड्रिड में भी एंड्रीवा को हराया था। गॉफ अगले दौर में नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका और झेंग किनवेन के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेगी।

### टाटा ऑटोकॉम्प, कैटकॉन ने उत्तरी अमेरिका के लिए उन्नत कंपोजिट बनाने हेतु बनाया संयुक्त उद्यम

**मुंबई।** मोटर वाहन कलपुर्जा विनिर्माता कंपनी टाटा ऑटोकॉम्प सिस्टम्स ने उत्तरी अमेरिकी बाजार के लिए उन्नत कंपोजिट बनाने के लिए मेक्सिको स्थित कैटकॉन ग्लोबल के साथ एक रणनीतिक संयुक्त उद्यम बनाया है। टाटा ऑटोकॉम्प ने बयान में कहा, इस उद्यम के जरिये यात्री एवं वाणिज्यिक वाहनों, कृषि ट्रैक्टर, 'ऑफ-रोड' वाहन और विशेष गैर-मोटर वाहन खंडों के लिए हल्के अनुप्रयोगों में विशेषज्ञता हासिल की जाएगी। मोटर वाहन उद्योग के लिए एक वैश्विक आपूर्तिकर्ता कैटकॉन ग्लोबल एग्जॉस्ट सिस्टम, थर्मल इंसुलेशन व उन्नत सामग्री घटकों में विशेषज्ञता रखता है। कंपनी आठ देशों में 11 विनिर्माण सुविधाओं और पांच प्रौद्योगिकी केंद्रों के साथ काम करती है। टाटा ऑटोकॉम्प सिस्टम्स लिमिटेड के वाइस चेयरमैन अरविंद गोयल ने कहा, '' यह पहली बार है जब हम ऐसी साझेदारी कर रहे हैं, जिसमें हम मुख्य प्रौद्योगिकी का योगदान दे रहे हैं। इसे हम अपनी पिछली साझेदारी की तुलना में 'रिवर्स मॉडल' के रूप में देखते हैं। कैटकॉन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कार्लोस टर्नर ने कहा, '' कैटकॉन की उन्नत कंपोजिट प्रौद्योगिकियों को टाटा ऑटोकॉम्प की गहन उद्योग विशेषज्ञता के साथ संयोजित कर.. हम अभिनव, हल्के समाधान प्रदान करने की स्थिति में हैं, जो उत्तरी अमेरिकी मोटर वाहन बाजार की उभरती जरूरतों के अनुरूप है।

### केपीआईएल को बिजली, भवन क्षेत्र में 2,372 करोड़ रुपये के मिले ठेके

**नयी दिल्ली।** कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल को उसकी अनुषंगी कंपनियों के साथ मिलकर 2,372 करोड़ रुपये के नए ठेके मिले हैं। कंपनी की ओर से बृहस्पतिवार को जारी बयान के अनुसार, नए ठेके भारत और विदेशी बाजारों में विद्युत पारेषण एवं वितरण (टीएंडडी) खंड में मिले। भारत में भवन एवं कारखाना (बीएंडएफ) कारोबार में अतिरिक्त ठेके भी मिले हैं। कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड (केपीआईएल) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मनीष मोहनोत ने कहा, '' टीएंडडी व्यवसाय में हासिल ठेका हमें भारत, नॉर्डिक्स और पश्चिम एशिया के तेजी से बढ़ते ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद व निर्माण)क्षेत्रों में अपनी बाजार स्थिति को बेहतर बनाने में मदद करेंगे। इसके अलावा, बीएंडएफ व्यवसाय में ठेके बड़े, प्रतिष्ठित डेवलपर से दोबारा मिले ठेक हैं३जो केपीआईएल के मजबूत 'ट्रैक रिकॉर्ड' को दर्शाता है। केपीआईएल वर्तमान में 30 से अधिक देशों में परियोजनाएं क्रियान्वित कर रही है। इसकी वैश्विक स्तर पर 75 देशों में उपस्थिति है।

### दक्षिण कोरिया के स्टार फुटबॉलर सोन ह्युंग-मिन के खिलाफ ब्लैकमेलिंग की कोशिश, शिकायत दर्ज

**सियोल।** टोटेनहम हॉटस्पर के कप्तान और दक्षिण कोरियाई फुटबॉल स्टार सोन ह्युंग-मिन ने एक महिला द्वारा झूठे गर्भावस्था के दावे को लेकर ब्लैकमेल किए जाने की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। यह जानकारी गुरुवार को उनकी एजेंसी 'सोन एंड फुटबॉल लिमिटेड' ने दी। सोन ह्युंग-मिन इस मामले में पूरी तरह पीड़ित हैं। सोन की एजेंसी ने बयान जारी करते हुए कहा, ''फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। जैसे ही परिणाम सामने आएंगे, हम जानकारी साझा करेंगे। हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि सोन ह्युंग-मिन इस मामले में पूरी तरह से पीड़ित हैं।

## टीसीएस विश्व के शीर्ष 50 ब्रांडों में शामिल

एजेंसी

मुंबई। सूचना-प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को प्रतिष्ठित कंटार ब्रांड्ज़ मोस्ट वैल्यूएबल ग्लोबल ब्रांड्स रिपोर्ट में दुनिया के 100 सबसे मूल्यवान ब्रांडों में शामिल किया गया है। टीसीएस को वैश्विक ब्रांड मान्यता में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। प्रतिष्ठित कंटार ब्रांड्ज़ मोस्ट वैल्यूएबल ग्लोबल ब्रांड्स 2025 रिपोर्ट में टीसीएस को दुनिया के 100 सबसे मूल्यवान ब्रांडों में शामिल किया गया है, जहां वह 45वें स्थान पर पहुंच गया है। कंपनी का ब्रांड मूल्य 28 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ 57.3 अरब डॉलर आंका गया है। यह उपलब्धि टीसीएस के सतत विपणन प्रयासों, वैश्विक खेल साझेदारियों, नवाचार और ब्रांड संचार में उत्कृष्टता को दर्शाती है। मोमेंटम-आईटीएसएमए द्वारा किए गए स्वतंत्र ब्रांड ऑडिट में यह भी सामने आया कि दुनिया भर के 95 प्रतिशत व्यावसायिक अधिकारी टीसीएस ब्रांड से परिचित हैं, जो 2010 में केवल 29 प्रतिशत था। टीसीएस के ब्रांड निर्माण में इसकी 14 वैश्विक मैराथन आयोजनों की प्रायोजक भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण रही है। इनमें टीसीएस न्यूयॉर्क सिटी मैराथन, लंदन मैराथन और सिडनी मैराथन शामिल हैं। इन आयोजनों में प्रतिवर्ष छह लाख से अधिक धावक भाग लेते हैं और 2024 में उन्होंने स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं में 2.25 अरब डॉलर का योगदान दिया। साथ ही 27.9 करोड़ डॉलर की राशि धर्मार्थ कार्यों के लिए जुटाई गई।

## कतर में मुकेश अंबानी ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से की मुलाकात

एजेंसी

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने गुरुवार को कतर के दोहा स्थित लुसैल पैलेस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कतर के अमीर से मुलाकात की। इस कार्यक्रम के जारी फुटेज में रिलायंस प्रमुख अमेरिकी वाणिज्य सचिव स्टीव लुटनिक के साथ बातचीत करते दिख रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप के साथ मुकेश अंबानी की मुलाकात की वैश्विक व्यापारिक जगत में खूब चर्चा है। यह हाई-प्रोफाइल मीटिंग वैश्विक व्यापार और कूटनीति में मुकेश अंबानी के बढ़ते प्रभाव को दिखाती है। वे राष?ट्रपति ट्रंप के लिए कतर के अमीर की ओर से आयोजित राजकीय रात्रिभोज में मिले। इससे पहले अंबानी को ट्रंप और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी दोनों से अभिवादन करते देखा गया। मीडिया रिपोर्ट



के अनुसार ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद उद्योगपति मुकेश अंबानी की उनसे यह दूसरी मुलाकात है। इससे पहले जनवरी में मुकेश अंबानी और उनकी पत्नी नीता अंबानी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे। कतर के सॉवरेन वेल्थ फंड, क्यूआईए ने पिछले कुछ सालों में रिलायंस के कारोबार में निवेश किया है। मुकेश अंबानी की गूगल और मेटा जैसी अमेरिकी टेक दिग्गजों के साथ भी अहम साझेदारी है। ऐसे में यह बैठक रिलायंस इंडस्ट्रीज के लिए अंतरराष्ट्रीय साझेदारी और निवेश संभावनाओं को और मजबूत करती है।

# समूचे आतंकी ढांचे के खात्मे तक सिंधु जलसंधि पर रोक रहेगी : जयशंकर

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने आज दो टूक शब्दों में कहा कि सिंधु जल संधि पर रोक तभी हटाने पर विचार किया जाएगा लेकर आतंकवाद के ढांचे के समूल एवं स्थायी विनाश किया जाएगा और जम्मू कश्मीर पर सिर्फ पाकिस्तान के अवैध कब्जे को खाली कराने को लेकर बात होगी।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने यहां होंडुरास के नये दूतावास का उद्घाटन के अवसर मीडिया से बातचीत में कहा, ल्लहमारे लिए यह बहुत अच्छी बात है कि हमारे पास होंडुरास का नया दूतावास है। होंडुरास उन देशों में से एक है जिन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले के समय मजबूत एकजुटता व्यक्त की थी। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के दोषियों की जवाबदेही तय करने के हमारे पक्ष को वास्तव में बहुत अधिक अंतर्राष्ट्रीय समर्थन मिला। हमारे पक्ष में एक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) प्रस्ताव था जिसमें कहा गया था कि अपराधियों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और 7 मई को उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से जवाबदेह ठहराया गया।

एक सवाल के जवाब में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान के साथ हमारे संबंध और व्यवहार पूरी तरह से द्विपक्षीय होंगे। यह वर्षों से राष्ट्रीय सहमति है, और इसमें बिल्कुल भी बदलाव नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान के साथ बातचीत केवल आतंकवाद पर होगी। पाकिस्तान के पास आतंकवादियों की एक सूची है जिसके आधार पर आतंकवादियों को पकड़ कर हमें सौंपने और आतंकवादियों के बुनियादी ढांचे को बंद



करने की आवश्यकता है। वे जानते हैं कि उन्हें क्या करना है। हम उनके साथ आतंकवाद के बारे में चर्चा करने के लिए तैयार हैं। ये वे वार्ताएँ हैं जो संभव हैं।

सिंधु जल संधि पर पुनर्विचार करने के पाकिस्तान के अनुरोध के बारे में पूछे जाने पर डॉ. जयशंकर ने कहा, सिंधु जल संधि पर रोक है और तब तक रोक जारी रहेगी जब तक पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद को विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से नहीं रोका जाता। कश्मीर पर चर्चा के लिए केवल एक ही बात बची है, वह है पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में अवैध रूप से कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करना। हम इस चर्चा के लिए तैयार हैं। अमेरिका के साथ टैरिफ संबंधी मुद्दों के बारे में चर्चा करने पर विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता चल रही है। ये जटिल वार्ताएं हैं। जब तक सब कुछ तय नहीं हो जाता, तब तक कुछ भी तय नहीं होता। कोई भी व्यापार सौदा परस्पर लाभकारी होना चाहिए और इसे दोनों देशों के लिए कारगर होना चाहिए। व्यापार सौदे से हमारी यही अपेक्षा होगी। जब तक ऐसा नहीं हो जाता, इस पर कोई भी निर्णय लेना जल्दबाजी होगी। भारत और पाकिस्तान के बीच गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने के बारे में एक सवाल पर डॉ. जयशंकर ने कहा कि यह स्पष्ट है कि गोलीबारी बंद करना कौन चाहता था। उन्होंने कहा कि हमने आतंकवादी ढांचे को नष्ट करके जो लक्ष्य निर्धारित किए थे, उन्हें हासिल कर लिया गया था। चूंकि प्रमुख लक्ष्य हासिल कर लिए गए थे, इसलिए मुझे लगता है कि हमने उचित रूप से यह रुख अपनाया, क्योंकि ऑपरेशन की शुरुआत में ही हमने पाकिस्तान को यह संदेश भेज दिया था कि हम आतंकवादी ढांचे पर हमला कर रहे हैं, न कि उसकी सेना पर और पाकिस्तानी सेना के पास यह विकल्प है कि वह अलग खड़ी रहे और हस्तक्षेप न करे। लेकिन उन्होंने हमारी उस 'अच्छी' सलाह को न मानने का फैसला किया। एक बार 10 मई की सुबह उन्हें बुरी तरह से नुकसान पहुंचा। सैटेलाइट तस्वीरों से पता चलता है कि हमने कितना नुकसान किया और वे कितना कम नुकसान कर पाये। यह स्पष्ट है कि कौन गोलीबारी बंद करना चाहता था।

# दिल्ली कांग्रेस की जिला-प्रखंड समितियों की कार्यकारिणी भंग, जल्द होंगे चुनाव

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के कार्यालय राजीव भवन में गुरुवार को संगठन सृजन अभियान के तहत पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूती देने को लेकर सभी 14 जिलों में कार्यकारिणी की मासिक बैठक हुई और इसके बाद सभी जिला और प्रखंड समितियों की कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया तथा जल्द नई कार्यकारिणी के गठन करने का निर्देश भी दिया गया।

जिला अध्यक्षों की अध्यक्षता में आयोजित कई बैठकों में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव भी शामिल हुए। श्री यादव ने आदर्श नगर जिला कांग्रेस समिति की बैठक में पहुंचकर वहां प्रदेश कांग्रेस की ओर से राजीव गांधी जनसेवा केन्द्र का उद्घाटन किया और आदर्श नगर जिला कांग्रेस की डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू आदर्शनगर डीसीसी.इन नाम से वेबसाईट भी लॉन्च की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ राव की अध्यक्षता में हुयी बैठक में 'कांग्रेस परिवार आपके द्वार' के तहत राजीव गांधी जनसेवा केन्द्र के अंतर्गत दिल्ली सरकार, पुलिस संबंधी दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की योजनाओं और सेवाओं का लाभ हर गरीब, वंचित और जरूरतमंद तक पहुंचाने में जनता की हर संभव मदद करने की बात दोहरायी गयी। इनमें प्रमाण पत्र और दस्तावेज बनाने की सेवा हो, युवाओं के शिक्षा संबधी सेवा हो, सामाजिक सुरक्षा, कल्याण एवं नागरिक सेवा, छात्रवृति जैसी दिल्ली सरकार की सभी योजनाओं का लाभ शामिल है। वहीं, श्री यादव ने कहा कि आदर्श नगर जिला कांग्रेस की तरह राजीव गांधी जनसेवा केन्द्र जल्द सभी जिलों में भी खोले जाएंगे। उन्होंने बैठक में कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने, संगठन को मजबूत और सुदृढ बनाकर कैसे आगे बढ़ाना है और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के संघर्षशील व्यक्तित्व और विचारों सहित पार्टी के दिशानिर्देशों को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि संगठन में सक्रिय रुप से काम करने वाले कार्यकर्ता को आगे बढ़ने का हर स्तर पर मौका दिया जाएगा, कोई भी कार्यकर्ता अपने को छोटा न समझे।

# प्राथमिकता के आधार पर विशेष पॉक्सो अदालतें स्थापित करे केंद्र : उच्चतम न्यायालय

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने केंद्र को निर्देश दिया कि वह बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों के मामलों से विशेष रूप से निपटने के लिए ''सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर'' समर्पित पॉक्सो अदालतें स्थापित करे।

न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पी बी वराले की पीठ ने बृहस्पतिवार को कहा कि यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के मामलों के लिए विशेष अदालतों की संख्या अपर्याप्त होने के कारण, कानून के तहत सूनवाई को पूरा करने के लिए निर्धारित समयसीमा का पालन नहीं हो पा रहा है।

पीठ ने कहा, ''इसलिए यह अपेक्षा की जाती है कि भारतीय संघ और राज्य सरकारें पॉक्सो मामलों की जांच से जुड़े



अधिकारियों को संवेदनशील बनाने के लिए उचित कदम उठाएंगी। और सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर पॉक्सो मामलों की सुनवाई के लिए समर्पित अदालतें भी बनाई जाएंगी। शीर्ष अदालत ने कानून में निर्धारित अनिवार्य अवधि के भीतर आरोपपत्र दाखिल करने के अलावा निर्धारित समय सीमा के भीतर मुकदमे की सुनवाई पूरा करने का भी निर्देश दिया। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि अधिकांश राज्यों ने केंद्र से वित्त पोषण प्राप्त कर पॉक्सो मामलों के लिए विशेष अदालतें स्थापित करने के निर्देशों का अनुपालन किया है, जबकि तमिलनाडु, बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, महाराष्ट्र और कुछ अन्य राज्यों ने ऐसा नहीं किया है। ऐसे मामलों की बड़ी संख्या को देखते हुए अधिक पॉक्सो अदालतों की आवश्यकता है। शीर्ष अदालत ने इससे पहले वरिष्ठ अधिवक्ता एवं न्यायमित्र वी गिरी और वरिष्ठ अधिवक्ता उत्तरा बब्बर को पॉक्सो अदालतों की स्थिति पर राज्यवार ब्यौरा प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। उच्चतम न्यायालय एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें बच्चों के यौन शोषण की घटनाओं की संख्या में चिंताजनक वृद्धि को रेखांकित किया गया था।

# दिल्ली में भाजपा की चार इंजन सरकार फिर भी प्रदूषण बेलगाम : आप

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चार इंजन की सरकार के बावजूद प्रदूषण बेलगाम है। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखा जिसमें कहा, दिल्ली में मई के महीने में भी एक्यूआई 500 के पार है। ये भाजपा के चार इंजन सरकार की विफलता का सर्टिफिकेट है। दिल्ली में पहली बार मई के महीने में इतना प्रदूषण क्यों बढ़ा? क्या दिल्ली में ये भाजपा की चार इंजन की सरकार की भारी नाकामी मानी जाए? क्या दिल्ली की जनता अब हर साल मई-जून के महीने में भी सांस लेने के लिए संघर्ष करेगी? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बताएं की उनकी सरकार ने प्रदूषण पर काबू पाने के लिए क्या कदम उठाए हैं। क्यों इन कदमों का कोई असर जमीन पर नहीं दिख रहा।

# प्रधानमंत्री मोदी जाति जनगणना के खिलाफ, कांग्रेस के दबाव में झुके : राहुल

एजेंसी

दरभंगा। कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी ने आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जाति जनगणना के खिलाफ थे लेकिन उनकी (श्री गांधी) ओर से लगातार जारी दबाव में आकर उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की जाति जनगणना कराने की घोषणा की है।

श्री गांधी ने गुरुवार को यहां जिला प्रशासन के निर्देशों की अवहेलना करते हुए अंबेडकर छात्रावास में छात्रों को संबोधित किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जाति जनगणना के खिलाफ थे। यह उनका दबाव था जिसने श्री मोदी को राष्ट्रीय स्तर की जाति जनगणना के लिए तैयार होने को मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि यदि राष्ट्रीय स्तर पर जाति गणना पूर्ण हुई तो यह समाज के वंचित और उत्पीड़ित वर्ग के हित में होगा। कांग्रेस नेता ने कहा, ल्लहम चाहते



हैं कि जाति जनगणना निष्पक्ष और सही तरीके से हो ताकि विकास के रास्ते में पीछे रह गए लोगों की वास्तविक स्थिति सामने आ सके।ङ्क उन्होंने कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस सरकार ने जाति जनगणना सही तरीके से कराई। अब केंद्र की मोदी सरकार को तेलंगाना की तर्ज पर जाति जनगणना करानी चाहिए। श्री गांधी ने कहा कि देश में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), अति पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यकों की आबादी 90 प्रतिशत है। उन्होंने आरोप लगाया कि इतनी बड़ी आबादी होने के बावजूद इन सभी को हर रोज यातना और उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायपालिका, नौकरशाही और कॉर्पोरेट क्षेत्र में एससी, एसटी, ओबीसी और ईबीसी की भागीदारी शून्य है। हालांकि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत सूचीबद्ध मजदूरों में उनकी संख्या सबसे अधिक है। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार को निजी संस्थानों में एससी के लिए आरक्षण का प्रावधान करना चाहिए। इन वर्गो के आरक्षण के लिए कानून तो है लेकिन इसे न तो केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और न ही बिहार में श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि जब तक निजी संस्थानों में एससी वर्ग को आरक्षण नहीं दिया जाता तब तक कांग्रेस चैन से नहीं बैठेगी।

## पाकिस्तान सीमा पर तनाव कम करने के लिए परस्पर विश्वास बढ़ाने के उपाय जारी रहेंगे: सेना

**नयी दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान की सेनाओं ने सीमा पर तनाव कम करने के लिए परस्पर विश्वास के उपाय जारी रखने का निर्णय लिया है। सेना ने गुरुवार देर शाम बताया कि दोनों देशों के सैन्य संचालन महानिदेशकों के बीच 10 मई को बनी सहमति और समझ को आगे बढ़ाने के लिए सीमा पर परस्पर विश्वास बढ़ाने के उपाय जारी रखने का निर्णय लिया गया है। सेना ने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि आज का यह निर्णय दोनों देशों के सैन्य संचालन महानिदेशकों की बातचीत के दौरान लिया गया या नहीं। इस बीच मीडिया रिपोर्टों में पाकिस्तान के हवाले से कहा जा रहा है कि दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों के बीच आज बातचीत में सैन्य कार्रवाई आगामी रविवार तक स्थगित करने का निर्णय लिया गया है।

## सेना प्रमुख ने की ऑपरेशन सिंदूर में सैनिकों की बहादुरी और सतर्कता की सराहना

**श्रीनगर।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने गुरुवार को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पूरा नियंत्रण रखने के लिए सैनिकों की वीरता, ऊर्जा और सतर्क कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने यह बात उत्तरी कश्मीर के बारामुल्ला जिले में एलओसी पर तैनात सैनिकों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने उच्च स्तर की परिचालन तैयारियों को बनाए रखने के महत्व पर भी जोर दिया और सैनिकों से किसी भी चुनौती का निर्णायक ताकत के साथ जवाब देने के लिए तैयार रहने का आग्रह किया।

# पेज एक का शेष

### राष्ट्रपति ने...

पर शीर्ष अदालत की राय लेना समय की मांग है। उल्लेखनीय है कि संवैधानिक व्यवस्थाओं के तहत शीर्ष न्यायालय राष्ट्रपति द्वारा उठाए गए उन 14 प्रश्नों पर विचार-विमर्श करने और राय देने के लिए बाध्य है। हालांकि, शीर्ष अदालत की राय राष्ट्रपति के लिए बाध्यकारी नहीं होती है। विधायी प्रस्तावों को मंजूरी देने में लंबे समय से हो रही देरी को लेकर राज्य सरकारों और राजभवनों के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर यह मामला महत्वपूर्ण हो गया है। राष्ट्रपति की ओर से यह संदर्भ भेजे जाने के बाद मुख्य न्यायाधीश इस पर विचार के लिए कम से कम पांच न्यायाधीशों वाली एक संविधान पीठ का गठन कर सकते हैं। गौरतलब है कि न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन (शीर्ष अदालत) की पीठ ने गत 08 अप्रैल के अपने फैसले में तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि के 10 ऐसे विधेयकों को राष्ट्रपति के लिए आरक्षित करने के फैसले को अवैध ठहराया था जिन्हें विधान सभा में पारित करा कर दोबारा मंजूरी के लिए राज्यपाल के पास भेजा गया था। शीर्ष अदालत ने व्यवस्था दी है कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा विचार के लिए आरक्षित विधेयकों पर तीन महीने की अवधि के भीतर निर्णय करना जरूरी है। इस फैसले को न्यायिक अतिक्रमण और शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत का उल्लंघन बताते हुए कुछ हलकों में इसकी तीखी आलोचना हुई है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने भी अनुच्छेद 142 का उपयोग करने के न्यायालय के तरीके पर प्रश्न उठाए थे।

### पाकिस्तान के परमाणु...

उन्होंने कहा कि पिछले चार दशकों से भारत पाकिस्तान की ओर से आतंकवाद का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि ल्लऑपरेशन सिंदूर इतिहास में आतंकवाद के खिलाफ भारत द्वारा की गई सबसे बड़ी कार्रवाई थी। रक्षा मंत्री ने कहा कि पहलगाम हमले को अंजाम देकर भारत को चोट पहुंचाने की कोशिश की गई और भारत की सामाजिक एकता को तोड़ने का प्रयास किया गया। रक्षा मंत्री गुरुवार को श्रीनगर पहुंचे, जो ऑपरेशन सिंदूर होने के बाद से उनकी जम्मू-कश्मीर की पहली यात्रा थी। यह यात्रा भारत और पाकिस्तान के बीच 10 मई को हाल ही में घोषित युद्ध विराम के मद्देनजर हो रही है, जिसके बाद कई दिनों तक सीमा पार से भीषण झड़पें और गोलाबारी हुई, जिसके परिणामस्वरूप नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर कई लोग हताहत हुए और अवसंरचना को नुकसान पहुंचा। अधिकारियों ने कहा कि आगमन के तुरंत बाद रक्षा मंत्री श्रीनगर स्थित सेना की 15वीं कोर के मुख्यालय गये, जहां उन्होंने सैन्यकर्मियों से बातचीत की और उन्हें मौजूदा सुरक्षा स्थिति से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि रक्षा मंत्री युद्ध की तैयारियों और सीमावर्ती क्षेत्रों, विशेषकर हाल में सीमा पार से हुई गोलाबारी से प्रभावित क्षेत्रों सहित समग्र सुरक्षा परिदृश्य का आकलन कर सकते है।

### वक्फ पर 20 को...

मेहता से कहा कि वे 19 मई तक अपने-अपने लिखित नोट अदालत के समक्ष दाखिल कर दें। पीठ के समक्ष एक अन्य पक्ष की ओर से पेश अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने इससे पहले उन्होंने वक्फ अधिनियम 1995 के प्रावधानों को चुनौती दी थी। उन्होंने कहा कि नई याचिका में उनके मुवक्किलों ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती दी है। उनके मुवक्किल वक्फ अधिनियम 1995 के कुछ प्रावधानों से भी दुखी हैं, जिसे 2025 में संशोधित किया गया है। श्री जैन ने पीठ से अनुरोध किया कि उन्हें दलीलें पेश करने के लिए 30 मिनट का समय दिया जाए। इस पर पीठ ने श्री जैन से पूछा कि आपकी शिकायत क्या है? उन्होंने वक्फ न्यायाधिकरण को असंवैधानिक बताते हुए कहा कि यह अभी भी मौजूद है और कई अन्य धाराएं हैं जो कठोर हैं और वे अभी भी कानून में मौजूद हैं। शीर्ष अदालत ने अधिवक्ता जैन से पूछा, वे कब से अस्तित्व में हैं। इस पर अधिवक्ता जैन ने कहा कि 1995 से और 2025 में भी। पीठ ने कहा, यदि वे 1995 से अस्तित्व में हैं और उन्हें चुनौती नहीं दी गई है... और यदि उन्हें चुनौती दी गई थी तो कब दी गयी। इस पर अधिवक्ता ने कहा कि 1995 के अधिनियम को पहले भी चुनौती दी गई थी। शीर्ष अदालत ने उन्हें उच्च न्यायालय में जाने को कहा था। इन दलीलों के साथ उन्होंने कहा, हमने 140 याचिकाएँ दायर की हैं जो विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित हैं और अब हमने वर्तमान रिट याचिका दायर की है, जो एक नया मामला है...। इसके बाद पीठ ने पूछा कि न्यायालय 2025 में 1995 के अधिनियम को चुनौती देने की अनुमति कैसे दे सकता है। जब न्यायालय 20 मई को मामले पर सुनवाई करेगा, तो वह 1995 के पहले के वक्फ कानून के प्रावधानों पर रोक लगाने की किसी भी याचिका पर विचार नहीं करेगा। पीठ ने कहा, हम यह स्पष्ट कर रहे हैं कि 1995 के अधिनियम के किसी भी प्रावधान पर रोक लगाने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं करेंगे। सिर्फ इसलिए कि कोई 2025 के संशोधन को चुनौती देने की कोशिश कर रहा है और कोई बस 1995 के अधिनियम को चुनौती देना चाहता है, इसकी अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके बाद श्री मेहता ने कहा कि श्री जैन कहना चाहते हैं कि वह लंबे समय से उस स्थगन का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन इस अदालत ने उनके मुवक्किलों को उच्च न्यायालय जाने का निर्देश दिया और 1995 के अधिनियम के संबंध में प्रार्थना पर कभी विचार नहीं किया। अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद पीठ ने उनसे कहा कि वे तैयार होकर आएं और अपनी दलीलों का समेकित नोट प्रस्तुत करें, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि मामले की सुनवाई 20 मई को स्थगित न हो। गौरतलब है कि इस मामले में इससे पहले तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना (जो 13 मई 2025 को सेवानिवृत हो गए) और न्यायमूर्ति संजय कुमार तथा न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने विचार किया था। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार के आश्वासन के बाद 17 अप्रैल को हाल में किए गए वक्फ कानून (वर्ष 2025 के इस संशोधित कानून में) में बदलावों पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। सरकार ने अदालत को आश्वासन दिया था कि वक्फ बोर्डों और परिषदों में कोई भर्ती नहीं की जाएगी और उपयोगकर्ताओं द्वारा वक्फ के रूप में घोषित या पंजीकृत वक्फ संपत्तियों को अगली सुनवाई की तारीख तक वक्फ की संपत्ति बनी रहेगी और बदलाव नहीं किया जाएगा। केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने संशोधित वक्फ अधिनियम 2025 का बचाव करते हुए 25 अप्रैल को एक प्रारंभिक हलफनामा दायर किया। हलफनामे में केंद्र ने इस संबंध में संसद में पारित कानून पर अदालत द्वारा किसी भी तरह की रोक का विरोध किया था। तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश खन्ना की पीठ ने कहा था कि वक्फ मामले में केवल पांच याचिकाओं को ही मुख्य याचिका माना जाएगा और अन्य रिट याचिकाओं को हस्तक्षेप आवेदन माना जाएगा। उल्लेखनीय है कि वक्फ अधिनियम के खिलाफ शीर्ष अदालत में अब तक 100 से अधिक याचिकाएँ दायर की जा चुकी हैं।

### कर्नल सोफिया मामले ...

में चुनौती दी गयी है। शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ए जी मसीह की पीठ ने आज इस याचिका का उल्लेख किए जाने पर कहा कि मंत्री शाह ने ऐसी टिप्पणी की है जो गैर-जिम्मेदाराना है। भाजपा नेता शाह राज्य सरकार में आदिवासी मामलों के मंत्री हैं। न्यायमूर्ति गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने मंत्री के खिलाफ मुकदमा दायर करने के मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश पर तत्काल रोक लगाने के आग्रह को अस्वीकार कर दिया और कहा कि वह इस मामले में कल सुनवाई करेगी। याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय के आदेश के बाद उनके खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी पर रोक लगाने की मांग की थी। मंत्री शाह की अधिवक्ता विभा दत्ता मखीजा ने पीठ के समक्ष कहा, ल्लउन्होंने (शाह) अपनी टिप्पणियों को लेकर पश्चाताप व्यक्त किया है। उन्हें गलत समझा गया है...मीडिया ने उसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया है। हम मुकदमा - दर्ज करने के आदेश पर रोक लगाने की मांग करते हैं। पीठ ने हालांकि कहा कि शाह के एक मंत्री हैं। इस नाते उनकी टिप्पणी बेहद गैर-जिम्मेदाराना थी। न्यायमूर्ति गवई ने कहा, संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को ऐसे समय गैर-जिम्मेदारी से नहीं बोलना चाहिए...जब देश ऐसी स्थिति से गुजर रहा है। पता होना (शाह को) चाहिए कि वह क्या कह रहे हैं।... उच्च न्यायालय ने शाह के कथित वक्तव्य पर स्वतः संज्ञान लेते हुए बुधवार को इस मामले में सुनवाई करते हुए महिला सैन्य अधिकारी के विरुद्ध 'अपमानजनक' और ' अभद्र भाषा' का इस्तेमाल करने के लिए उनके खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दिया था। श्री शाह ने 12 मई को इंदौर के पास एक कार्यक्रम में टिप्पणी की थी जिसमें उन्होंने कथित तौर पर महिला सेना अधिकारी को 'आतंकवादियों की बहन' कहा था। कर्नल कुरैशी पाकिस्तान तथा उसके कब्जे वाले कश्मीर के विभिन्न स्थानों पर आतंकवादियों के शिविरों पर भारतीय सशस्त्र बलों की कार्रवाई के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में प्रेस ब्रीफिंग करने वाली टीम में शामिल थी जिसे भारत में नारी शक्ति के उत्कर्ष के रूप में देखा जा रहा है। उसके बाद से वह विशेष चर्चा का केन्द्र बनी हुई हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि न्यायालय के आदेश के बाद मंत्री के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। अदालती आदेश का पालन करते हुए पुलिस ने बुधवार शाम को शाह के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज कर लिया था।

### यूपी में हुए सड़क हादसे ...

प्रयागराज के हडिया निवासी अजय कुमार हैं। पुलिस के मुताबिक, श्रावस्ती जिले के इकौना थाना क्षेत्र में एक बारात में शामिल होने के लिए गोंडा से सभी लोग गये थे। वहां से वापस लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है, जबकि चालक फरार हो गया है।

तीसरा हादसा गुरुवार की सुबह करीब पांच बजे लखनऊ के किसान पथ पर मोहनलाल गंज के पास हुआ। बिहार के बेगुसराय से नई दिल्ली जा रही प्राइवेट स्लीपर बस (यूपी-17 एटीए 6372) में गुरुवार सुबह लखनऊ के किसान पथ पर आग लग गई। इसमें जलकर पांच लोगों की मौत हो गई। बस में जैसे ही आग लगी तो चालक और कंडक्टर बस से उतरकर भाग गये थे। सभी शवों की शिनाख्त कर ली गई है। मृतकों में अशोक मेहता की पत्नी लक्खी देवी (55) उनकी बेटी सोनी (26), मधुसूदन (21) और दो बच्चे रामलाल के बेटे देवराज (03) व साक्षी (02) शामिल हैं। एक व्यक्ति को हल्की चोट आयी है। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

### इस्लाम में बहु ...

की अनुमति देता है, इसलिए दूसरी शादी अपराध नहीं है। कोर्ट ने विपक्षी पत्नी को नोटिस जारी किया और 26 मई तक जवाब मांगा है। तब तक याचीगण के खिलाफ उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी गई है। कोर्ट ने कहा शुरुआती इस्लामिक समय में संघर्ष के चलते भारी संख्या में महिलाएं विधवा होती थीं। इन विधवाओं को सामाजिक शोषण से बचाने के लिए कुरान ने एक से अधिक शादी की अनुमति दी थी। किंतु इस छूट का स्वार्थ व शारीरिक इच्छा की चाहत के लिए नाजायज इस्तेमाल किया जा रहा है। याची का कहना था कि दोनों मुस्लिम हैं, इस्लाम चार शादी की इजाजत देता है। इसलिए धारा 494 भारतीय दंड संहिता का द्विविवाह का अपराध नहीं बनता। इस कारण आपराधिक केस रद्द किया जाय। कोर्ट ने मामला विचारणीय माना कि क्या इस्लाम स्वार्थ और शारीरिक इच्छा पूर्ति के लिए दूसरी शादी की अनुमति देता है।

### योगी सरकार ने सीड...

अन्य राज्यों को भी बीज आपूर्ति करने की स्थिति में आ जाएगा। योगी सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में मांगलिक आयोजनों की सुविधा बढ़ाने के लिए ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में एक विवाह घर बनाने की योजना को मंजूरी दे दी है। मंत्रिपरिषद ने इसे पंचायत उत्सव भवन का नाम दिया है। प्रथम चरण में 71 ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों में इन उत्सव भवनों का निर्माण कराया जाएगा, जिस पर 100 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान है। प्रत्येक उत्सव भवन पर 1.41 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत आएगी। इसमें उत्तर प्रदेश मातृ भूमि यजना के अंतर्गत दानदाता द्वारा 60 प्रतिशत और राज्य सरकार द्वारा 40 प्रतिशत धनराशि दी जाएगी। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित 7 सदस्यीय कमेटी द्वारा पंचायत उत्सव भवन की भूमि चिह्नित की जाएगी। योगी सरकार ने नागरिक उड्डयन निदेशालय में संविदा पर कार्यरत तकनीकी व गैर-तकनीकी कार्मिकों के हित में महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए इन संविदा कर्मियों के पारिश्रमिक का पुनर्निर्धारण करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय पायलट, विमानन अभियंता, क्वॉलिटी मैनेजर, अपर निदेशक (तकनीकी), प्रबंधक (परिचालन), चीफ ऑफ फ्लाइट सेफ्टी सहित अन्य पदों पर कार्यरत संविदा कर्मियों पर लागू होगा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि जबसे सातवां वेतन आयोग लागू हुआ है, इन कर्मियों को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा था। ऐसे में पायलट के स्लैब को 2.5-7 लाख से बढ़ाकर 5-10 लाख कर दिया गया है। को-पायलट का वर्तमान स्लैब 1.25 लाख से 6 लाख के स्थान पर 3 लाख से 7 लाख कर दिया गया है। वर्तमान में कार्यरत पायलटों के वेतन में 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इस पर 5 करोड़ 27 लाख रुपये का अतिरिक्त व्यय आएगा।

### ऑपरेशन सिंदूर के...

भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता और आतंकवाद के खिलाफ अडिग रुख को प्रदर्शित किया है। मंत्रिपरिषद भारतीय सेना के शौर्य, साहस और प्रतिबद्धता को नमन करते हुए उनका हृदय से अभिनंदन करती है। राष्ट्र की रक्षा में समर्पित हमारे वीर सैनिकों पर पूरे उत्तर प्रदेश को गर्व है। ऑपरेशन सिंदूर के सफल क्रियान्वयन हेतु मंत्रिपरिषद राष्ट्र को यशस्वी नेतृत्व प्रदान करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति हार्दिक आभार प्रकट करती है। संपूर्ण राष्ट्र आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। ये ऑपरेशन हमारी शक्ति, एकात्मकता और देश की रक्षा करने के हमारे सामूहिक संकल्प का प्रमाण है। लेकिन यह तभी संभव हो पाया है जब प्रधानमंत्री और केंद्रीय कैबिनेट ने सेना को खुली छूट दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट के अतिरिक्त सभी राज्य मंत्रियों और राज्य मंत्रियों स्वतंत्र प्रभार को आमंत्रित किया गया और उनकी मौजूदगी में ये प्रस्ताव सबसे पहले नंबर पर मंत्रिपरिषद ने पास किया।

# सेना की जासूसी मामले में पंजाब से गिरफ्तार हरिद्वार के राकिब की कुंडली खंगालने में जुटी पुलिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। पंजाब के बठिंडा की सैन्य छावनी में गिरफ्तार किया गया राकिब उत्तराखंड के हरिद्वार का रहने वाला है। उत्तराखंड पुलिस और खुफिया विभाग राकिब के क्रिया कलापों और उसके संपर्क में रहने वाले लोगों के संबंध में जानकारी जुटा रही है। परिवार के सदस्यों के मोबाइल फोन के डेटा और कॉल रिकार्ड आदि की भी जांच की जा रही है। हरिद्वार एसएसपी ने इसकी पुष्टि की है। टेलर राकिब बठिंडा में सैन्यकर्मियों की वर्दी की सिलाई का काम करता था। ग्राम डौसनी कोतवाली लक्सर, हरिद्वार निवासी राकिब पुत्र इक़बाल को जासूसी कर सैन्य सूचनाएं पाकिस्तानी नंबरों पर भेजे जाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इसकी जानकारी मिलने पर हरिद्वार की पुलिस और खुफिया विभाग हरकत में आ गया है। विभागीय अधिकारियों ने राकिब के परिवार के संबंध में जानकारी जुटाने के साथ ही उसके सगे व चचेरे भाई सहित परिवार के अन्य सदस्यों से पूछताछ की है। उसका एक और भाई भी अमृतसर में सेना की वर्दी सिलाई करने का कार्य करता है, जो 2 दिन पहले ही हरिद्वार लौटा है। राकिब का चचेरा भाई भी अपने पिता के साथ रायवाला में सैन्य वर्दी की सिलाई करता है। एसएसपी हरिद्वार प्रमेंद्र डोभाल ने बताया कि बठिंडा की सैन्य छावनी में राकिब नामक एक व्यक्ति को सैन्य जासूसी के मामले में पकड़ा गया है। वह हरिद्वार जनपद का रहने वाला है। ये 5 भाई हैं सभी सैन्य छावनियों में टेलरिंग का काम करते हैं। ये एक गंभीर मामला है। उन्होंने बताया कि पुलिस और खुफिया विभाग राकिब के क्रिया कलापों और उसके संपर्क में रहने वाले लोगों के संबंध में जानकारी जुटा रहा है। परिवार के सदस्यों के मोबाइल फोन के डेटा और कॉल रिकार्ड आदि की भी जांच की जा रही है। सैन्य सूचनाओं से संबंधित होने के कारण मामला संवेदनशील है।

## दून पुस्तकालय में नयार नदी पर संगोष्ठी

देहरादून। नयार नदी के पारिस्थितिकी तंत्र, उसमें आए बदलावों और उनके संभावित समाधानों पर चर्चा के लिए गुरुवार को दून पुस्तकालय में एक विशेष संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में नयार नदी स्रोत से व्यासघाट तक की 104 किमी लंबी अध्ययन यात्रा में शामिल सदस्यों ने अपने अनुभव साझा किए। यह अध्ययन यात्रा 'पहाड़' संस्था के संयोजन में 21 से 28 अप्रैल, 2025 तक आयोजित की गई थी। इस अवसर पर वरिष्ठ यायावर लेखक डॉ. अरुण कुकसाल ने बताया कि पौड़ी जनपद में स्थित नयार नदी का उदगम स्थल दूधातोली जलागम क्षेत्र है। दूधातोली को हरा समुद्र या फिर पानी की मीनार, पामीर और जलवायु नियंत्रक भी कहा जाता है। यह जलागम लगभग पौड़ी, चमोली और अल्मोड़ा जनपद का एक संयुक्त क्षेत्र है। इसका उत्तरी हिस्सा चमोली, पूर्वी अल्मोड़ा और दक्षिण-पश्चिम पौड़ी (गढ़वाल) जनपद में शामिल है। वस्तुतः दूधातोली क्षेत्र सामाजिक दृष्टि से राठ बहुल क्षेत्र में आता है। डॉ. कुकसाल ने कहा कि पूर्वी और पश्चिमी नयार नदी का उद्गम दूधातोली क्षेत्र के मुरलीकोठ चोटी 2900 मीटर ऊंचाई के पनढाल से निकलने वाली जलधाराओं से होता है।

## चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर किया गया पौधरोपण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। किसान नेता स्व. महेंद्र सिंह टिकैत की 14 वी पुण्यतिथि के अवसर पर भारतीय किसान यूनियन सर्वे के राष्ट्रीय महामंत्री व प्रवक्ता संजय चोपड़ा के संयोजन में किसान घाट पर चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत को श्रद्धासुमन अर्पित कर पर्यावरण बचाओ सदेश के साथ उनकी याद में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन सर्वे के राष्ट्रीय महामंत्री संजय चोपड़ा ने किसान नेता महेंद्र सिंह टिकैत को याद करते हुए कहा कि देश के किसानों को संगठित कर किसानों के अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए स्व.महेंद्र सिंह टिकैत जीवन भर संघर्ष किया। हरिद्वार से उनका विशेष लगाव था। इसीलिए किसान यूनियन का वार्षिक सम्मेलन प्रतिवर्ष हरिद्वार में होता था। भारतीय किसान यूनियन सर्वे के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उत्तराखंड प्रभारी अनिल शर्मा ने स्व. महेंद्र सिंह टिकैत की याद में मां गंगा के किनारे संग्रहालय उद्यान स्थापित किए जाने की मांग की।

## बिहार पुलिस ने मुझे रोकने की कोशिश की, जनता की शक्ति के आगे हुई बेबस : राहुल गांधी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना/दरभंगा। कंग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिहार के दरभंगा में अंबेडकर छात्रावास के छात्रों को 'शिक्षा न्याय संवाद' कार्यक्रम में संबोधित किया। प्रशासन ने इस कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी थी, लेकिन कंग्रेस नेता वहां पहुंचे और छात्रों से संवाद किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि बिहार की पुलिस ने मुझे रोकने की कोशिश की लेकिन मुझे नहीं रोक पाई, क्योंकि आप सभी की शक्ति मेरे पीछे है।

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि बिहार सरकार उनको दरभंगा में छात्रों से संवाद करने से रोक रही है, लेकिन वह पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार सामाजिक न्याय की स्थिति को छुपाना चाहती है। मुझे अंबेडकर हॉस्टल में दलित और पिछड़े छात्रों से बातचीत करने से रोक रही है। संवाद कब से अपराध हो गया? नीतीश जी? आप किस बात से डर रहे हैं? क्या बिहार में शिक्षा और सामाजिक न्याय की स्थिति छुपाना चाहते हैं? राहुल गांधी ने कहा कि उनके कारण ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में जाति जनगणना कराने का फैसला लिया है। हमने पीएम मोदी से कहा कि आपको जाति जनगणना करानी होगी, वे लोकतंत्र, संविधान और जाति जनगणना के खिलाफ हैं, लेकिन आखिरकार एनडीए सरकार को कास्ट सेंसस पर फैसला लेना पड़ा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आप सभी छात्रों और युवाओं को एक साथ खड़ा होना है। देश में दलितों, पिछड़ों, अतिपिछड़ों और आदिवासियों के साथ अन्याय होता है। आपके साथ भेदभाव होता है और आपको शिक्षा के सिस्टम में रोका जाता है। इसलिए हमारी मांग है कि सही तरीके से जातिगत जनगणना कराई जाए। प्राइवेट कॉलेज और यूनिवर्सिटी में आरक्षण लागू हो, लेकिन केंद्र और बिहार सरकार ये कानून लागू नहीं कर रही है। इसलिए हम इनपर दबाव डालेंगे और ये करके दिखाएंगे। मौके पर कंग्रेस नेता शकील अहमद खान ने कहा, 'राहुल गांधी जद्दोजहद और तहरीक के इंसान हैं। वे संघर्षशील इंसान हैं, जो किसी आंधी-तूफान के आगे रुकते नहीं हैं। हमने प्रयास किया था कि हमें जाने दिया जाए क्योंकि हम वहां केवल संवाद करेंगे लेकिन प्रशासन ने हमें रोक दिया।

## दिल्ली से सभी कूड़े के पहाड़ों को 2028 तक खत्म कर दिया जाएगा : मनजिंदर सिंह सिरसा

**ओखला लैंडफिल साइट का मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी व महापौर ने किया दौरा**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि दिल्ली से 2028 तक सभी कूड़े के पहाड़ों को खत्म कर दिया जाएगा। मंत्री ने यह बाते गुरुवार को ओखला लैंडफिल साइट के दौरे पर कही। इस दौरान मंत्री के साथ भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी और दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह मौजूद रहे। मंत्री मनजिंदर सिंह ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह धरती से डायनासोर का नामो-निशान मिट गया। उसी तरह अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ दिल्ली से ये कचरे के पहाड़ भी लुप्त हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ओखला लैंडफिल की 62 एकड़ में से लगभग 30 एकड़ भूमि समतल कर चुकी है। इसके साथ ही ओखला लैंडफिल साइट में जो कूड़े के पहाड़ 60 मीटर तक फैले हुए थे। वे अब 20 मीटर के रह गए हैं। मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि ओखला लैंडफिल से दिसंबर 2025 तक 30 लाख मीट्रिक टन कूड़ा हटाने का लक्ष्य है। दिल्ली सरकार का 2028 तक दिल्ली के सभी लैंडफिल साइट्स को साफ करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि राजधानी को विकसित, स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण-मुक्त बनाने के लिए तेजी से काम हो रहा है। सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने एक्स पोस्ट करते बताया कि ओखला फ़ेज-ऋका कूड़े का पहाड़ 2026 में हो जाएगा खत्म। इसकी घोषणा आज पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और महापौर राजा इकबाल सिंह ने कूड़े के पहाड़ के निरीक्षण के दौरान की। सांसद ने कहा कि इस क्षेत्र के साथ-साथ पूरी दिल्ली को बड़ी राहत मिलेगी। क्षेत्र को हरित क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

## हरिद्वार में 29 जवान 'मैन ऑफ द मंथ', 4 महिला आरक्षी 'वूमेन ऑफ द मंथ' से सम्मानित

हरिद्वार। पुलिस कार्यालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में गुरुवार को एस.एस.पी. प्रमेन्द्र सिंह डोबाल की अध्यक्षता में आयोजित सैनिक सम्मेलन में 29 जवानों को मैन ऑफ द मंथ तथा 04 महिला आरक्षियों को वूमेन ऑफ द मंथ के सम्मान से नवाजा गया। विभिन्न प्रकरणों के अनावरण में योगदान, पूरी लगन से ड्यूटी करने सहित किए गए मानवीय कार्यों के आधार पर चयनित किए गए जवानों की भूमिका को सराहते हुए कप्तान प्रमेन्द्र डोबाल ने सभी से जनपद को अपराध मुक्त करने एवं पुलिस की छवि को स्वच्छ बनाने के लिए जवानों का सहयोग मांगा। उन्होंने हरिद्वार पुलिस को श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों से अच्छा व्यवहार करने की सीख दी। इस अवसर पर 13 मई को रुड़की क्षेत्रांतर्गत सोलानी पार्क के पास नहर में डूब रही किशोरी को बचाकर अदम्य साहस का परिचय देने पर जलवीर मोनू को भी 2100/- नगद ईनाम देकर सम्मानित किया गया।

## संगरूर जेल से चल रहा था तस्करी का रैकेट, छापेमारी में मोबाइल, स्मार्ट वॉच व अफीम बरामद


कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने जेल से चल रहे तस्करी के रैकेट का भंडाफोड़ किया है। आरोपित जेल से ही तस्करी की गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी देते हुए बताया कि आरोपित संगरूर जेल से ही तस्करी की गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि एक जानकारी के आधार पर जेल में छापेमारी की गई। इस दौरान नौ मोबाइल फोन, चार स्मार्टवॉच, 50 ग्राम अफीम और अन्य प्रतिबंधित सामान बरामद किए गए। प्रारंभिक जांच में एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की संलिप्तता सामने आई है। यह कर्मचारी जेल में बंद कैदियों के लिए तस्करी गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने में मदद करता था। डीजीपी ने बताया कि पुलिस की जांच में सामने आया है कि अमृतसर से तस्करी में पकड़े गए मनप्रीत सिंह से इसके तार जुड़ रहे है जो कैदी गुरविंदर सिंह का सहयोगी है, जो वर्तमान में संगरूर जेल में बंद है। मनप्रीत सिंह के कब्जे से पुलिस ने 4 किलोग्राम हेरोइन, 5.5 लाख रुपये की ड्रग मनी, एक ग्लॉक पिस्तौल बरामद की। डीजीपी के मुताबिक जांच के दौरान संगरूर जेल के डीएसपी सुरक्षा गुरप्रीत सिंह को जेल के अंदर तस्करी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। वह परिसर में ड्रग्स और मोबाइल फोन की तस्करी में सक्रिय रूप से शामिल पाए गए और अपने परिवार के सदस्यों से जुड़े खातों के माध्यम से भुगतान प्राप्त कर रहे थे। डीजीपी ने बताया कि जेल से चल रहे तस्करी गैंग की जांच के आदेश जारी कर दिए गए हैं। इस मामले में लिप्त आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## पंजाब सीमा पर ड्रोन, हेरोइन और पिस्तौल बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए एक ड्रोन, हेरोइन व पिस्तौल बरामद की है। यह बरामदगी सीमावर्ती क्षेत्रों में चलाए गए सर्च आप्रेशन के दौरान की गई है। बीएसएफ प्रवक्ता के अनुसार सैनिकों ने अमृतसर के महावा के पास एक खेत से पीले रंग की टेप में लिपटी एक पिस्तौल और मैगजीन बरामद की। इसके बाद फिरोजपुर के हबीबवाला से 557 ग्राम संदिग्ध हेरोइन जब्त की गई। इस बीच गुरदासपुर जिले के सीमावर्ती गांव मेटला में एक डीजेआई माविक 3 क्लासिक ड्रोन बरामद किया गया। बीएसएफ द्वारा उक्त तीनों स्थानों पर बरामदगी करने के बाद पंजाब पुलिस की मदद से यह पता लगाया जा रहा है कि पंजाब में यह हेरोइन तथा पिस्तौल किस व्यक्ति के पास आई थी। बरामद किए गए ड्रोन को जांच के लिए लैब में भेज दिया है।


## खेलो इंडिया यूथ गेम्स पहली बार ई-स्पोर्ट्स को डेमो स्पोर्ट के रूप में किया गया शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नालंदा,बिहारशरीफ। राजगीर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित फेंसिंग प्रतियोगिता में हरियाणा ने पुरुषों की फॉइल टीम इवेंट में रोमांचक मुकाबले के बाद रजत पदक जीता, जबकि महिलाओं की स्पर्धा में महाराष्ट्र ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पुरुषों की टीम स्पर्धा में हरियाणा और महाराष्ट्र के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली जिसमें अंततः महाराष्ट्र की टीम विजेता बनी। महाराष्ट्र ने महिला टीम इवेंट में भी स्वर्ण पदक जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की।कोच अजींक्य धुंधारे ने कहा, ्रमुकाबला काफी कड़ा था, खासकर हरियाणा और महाराष्ट्र के बीच। हमारी टीम में ज्यादातर खिलाड़ी एनसीओई औरंगाबाद से हैं और उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता।् खेल भावना से भरपूर इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दर्शकों को अपने शानदार खेल से मंत्रमुग्ध कर दिया। हरियाणा के कोच नरेंद्र सिंह ने कहा, हमने तीनों इवेंट्स के लिए पूरी तैयारी की थी। हमारी सेबर गर्ल्स, एपी बॉयज़ और फॉइल टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। भले ही हम तीनों में स्वर्ण नहीं जीत पाए, पर दो स्वर्ण और एक रजत से मैं बेहद गर्वित हूँ।्सिंह ने आगे बताया कि महिला सेबर टीम की चार में से दो खिलाड़ी एनसीओई पटियाला और औरंगाबाद में प्रशिक्षण लेती हैं। उन्होंने प्रशिक्षण और अनुशासित अभ्यास को टीम की सफलता का मुख्य कारण बतायास्वर्ण पदक जीतने वाली महिला सेबर टीम की सदस्य खुशबू ने अपने कोच के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, ्रहम सभी अपने कोच के बहुत आभारी हैं, जिन्होंने हमें मार्गदर्शन दिया और हमारी क्षमता को उजागर किया। हमारी पूरी टीम उनके मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद करती है।फेंसिंग प्रतियोगिता ने असाधारण प्रतिभा



और समर्पण को प्रदर्शित किया जिसमें हरियाणा और महाराष्ट्र शीर्ष दावेदार बनकर उभरे। खिलाड़ियों के प्रभावशाली प्रदर्शन और कोचों की दूरदृष्टि ने यह साबित किया कि सफलता प्राप्त करने में प्रशिक्षण और मार्गदर्शन की कितनी अहम भूमिका होती है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स'खेलो इंडिया' कार्यक्रम का हिस्सा हैं, जिसे 14 अक्टूबर 2017 को शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य जनसामान्य की भागीदारी और खेलों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम ने भारत की खेल सफलता में बड़ा योगदान दिया है और कई खेलो इंडिया एथलीट्स ने ओलंपिक और एशियाई खेलों जैसे वैश्विक मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है।खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन बिहार के अंतरराष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय राजगीर में 4 से 15 मई तक हो रहा है। इस बार 27 खेलों का आयोजन किया जा रहा है और पहली बार ई-स्पोर्ट्स को डेमो स्पोर्ट के रूप में शामिल किया गया है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063